आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 25 जून 2024
वर्ष 34, अंक 148, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेस्टइंडीज को हराकर अफ्रीका सेमीफाइनल में 15

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज 16

एक नजर

ईडी ने मुंबई में जब्त की 37 करोड़ रुपये की संपत्ति

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंबर दलाल मामले में जारी जांच के तहत सोमवार को मुंबई में कई ठिकानों पर छापों के दौरान 37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की और आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए। दलाल (59) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच जारी है।

फर्जी निकली हवाई अड्डे पर बम रखने की धमकी

कर्नाटक। कर्नाटक के कलबुर्गी हवाई अड्डे को सोमवार को ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी मिली जो व्यापक तलाश अभियान के बाद फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि ईमेल मिलने के तुरंत बाद बम निरोधक दस्ता हवाई अड्डा परिसर की तलाशी में लगाया गया। कलबुर्गी के पुलिस आयुक्त ने बताया कि हवाई अड्डे के निदेशक चिलका महेश को एक अज्ञात आईडी से ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि हवाई अड्डा परिसर में एक बम रखा गया है।

18वीं लोकसभा की पहली बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

नीट-नीट के नारे, लहराईं संविधान की प्रतियां

- प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के दौरान लगे जय श्रीराम और मोदी-मोदी के नारे
- शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृह मंत्री शाह को झेलना पड़ा विपक्ष का विरोध
- प्रधानमंत्री ने रखा अपना विजन, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सदन संकल्प की पूर्ति का सदन है। विकसित भारत के संकल्प के साथ नई लोकसभा की शुरुआत हो रही है। 60 साल बाद देश की जनता ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। यह बेहद गौरवपूर्ण है।

उन्होंने देश के सामने अपना विजन रखा और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही। सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री व उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री जैसे ही शपथ लेने के लिए उठे कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्य संविधान की प्रतियां लेकर खड़े हो गए, यह देखकर सत्ता पक्ष के सदस्य भी मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। गृहमंत्री अमित शाह जब शपथ लेने जा रहे थे, तब भी राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसियों ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का एलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया। पहले दिन कुल 262 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, बाकी के अन्य सदस्य मंगलवार को शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जब मोदी शपथ लेने जा रहे थे सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी-मोदी और जय श्रीराम के नारे लगाए। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब शपथ लेने पहुंचे तो विपक्ष ने नीट-नीट के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के बाद भाजपा के वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ली। कांग्रेस सदस्य के. सुरेश, द्रमुक के टीआर बालू और टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय को भी सिंह और कुलस्ते के साथ पीठासीन सभापतियों के पैनल में चुना गया है लेकिन उन्होंने प्रोटेम स्पीकर के रूप में महताब के निर्वाचन पर आपत्ति जताते हुए शपथ नहीं ली और सदन से बहिर्गमन किया। कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहरलाल खट्टर, एचडी कुमार स्वामी, पीयूष गोयल आदि ने शपथ ली।

संसद भवन परिसर में हाथ उठाकर अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी और संविधान की प्रति लहराते राहुल गांधी व अन्य।

मोदी बोले-देश चाहता है जिम्मेदार विपक्ष

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। 18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राजग की जीत को महान और भव्य बताया।

शपथ ग्रहण में भाषायी विविधता की झलक दिखी

शपथ ग्रहण के दौरान भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। अधिकतर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने संस्कृत, असमिया, मैथिली, तेलुगू, कन्नड, मलयालम तथा पंजाबी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली। नागर विमानन मंत्री तथा तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने तेलुगू में, केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में शपथ ली। किसी भी केंद्रीय मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ नहीं ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में शपथ ली।

नड्डा बनाए गए राज्यसभा में सदन के नेता

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन बनाया गया है। नड्डा को पीयूष गोयल की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है क्योंकि गोयल हाल ही में हुए चुनाव में जीत के बाद लोकसभा के सदस्य चुने गए हैं। नड्डा को गत फरवरी में एक बार फिर से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले से ही नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

आप नेता आतिशी की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई, चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है। हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का हिस्सा जारी किए जाने तक अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है।

केजरीवाल की बेल पर 26 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर 26 जून को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करना चाहेगी। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जमानत आदेश पर अंतरिम रोक हटाने का अनुरोध किया।

नौकरियों में 5 % बोनस असंवैधानिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भर्ती परीक्षाओं में हरियाणा के निवासियों को अतिरिक्त अंक देने की राज्य सरकार की नीति को रद कर दिया गया था।

हरियाणा सरकार की नीति को लोकलुभावन उपाय करार देते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक करार दिया था। पीठ ने कहा कि ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं।

किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिलने के कदम का आप किस तरह बचाव कर सकते हैं? नीति को उचित ठहराते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उन लोगों को अवसर देने के लिए कृपांक नीति शुरू की, जो सरकारी नौकरियों से वंचित थे। सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 31 मई के आदेश के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

हाईकोर्ट ने 31 मई को हरियाणा सरकार की उस नीति को खारिज कर दिया था, जिसके तहत ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी में कुल अंकों में राज्य के निवासी अभ्यर्थी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने थे। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि कोई भी राज्य पांच प्रतिशत अंकों का लाभ देकर रोजगार को केवल अपने निवासियों तक सीमित नहीं कर सकता है।

हरियाणा सरकार को झटका

- सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

शोहदों से परेशान, पुलिस से निराश किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के मऊ थानांतर्गत एक गांव में हुई घटना
- गांव के दो सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

अमृत विचार : शोहदों की छेड़छाड़ से परेशान और पुलिस के कार्रवाई न करने से आहत किशोरी ने 23 जून की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि कई बार पुलिस से गुहार लगाई, तहरीर भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आरोप है कि थाने पहुंचे मां-बाप से पुलिसकर्मियों ने मारपीट भी की। यह घटना मऊ थानांतर्गत एक गांव की है। यहां की निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी 10वीं की छात्रा थी। वह साइकिल से गांव से लगभग दस किमी दूर कॉलेज में पढ़ने जाती थी। गांव के सगे भाई रंगीलाल और मुन्नीलाल उसकी बेटी से छेड़खानी करते थे। उसने कई बार थाने में शिकायत भी की पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस वालों ने शिकायत करने गए माता-पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद शोहदे आए दिन उसे छेड़ने लगे। उसका घर से निकलना दूभर हो गया। इससे क्षुब्ध होकर 23 जून की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ऑस्ट्रेलिया को हरा भारत सेमीफाइनल में

सेंट लूसिया, एजेंसी। भारत ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर-8 के मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर सेमीफाइल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी 92 रन की पारी की मदद से भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर रोक दिया। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट विराट कोहली के रूप में जल्दी गवां दिया था, उसके बाद रोहित और ऋषभ पंत ने शानदार साझेदारी की। वहीं, सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट लिया।

आईबी प्रमुख तपन को एक साल का सेवा विस्तार

नई दिल्ली। खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख तपन कुमार डेका को जून 2025 तक एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। सोमवार को कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। डेका हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 जून 2024 से आगे एक वर्ष की अवधि के लिए खुफिया ब्यूरो के निदेशक के रूप में डेका की सेवा में विस्तार को मंजूरी दे दी है।

सीबीआई ने कई राज्यों से 5 और मामलों की जांच संभाली

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित गड़बड़ी के पांच नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी।

वहीं महाराष्ट्र के लातूर से आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) मामले में गिरफ्तार किया है और चार व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) खत्म करने और राज्यों द्वारा परीक्षा आयोजित कराने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर, अन्य चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने तथा स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामले प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए एक संदर्भ जारी किये जाने पर सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

नीट-यूजी

- ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली खत्म करने की मांग

पटना और गोधरा पहुंची सीबीआई की टीम

पटना/गोधरा। सीबीआई का एक दल नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी ईओयू से इस मामले के सबूत ले रहे हैं। सीबीआई की एक टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने आठ मई को एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक, हिमांशु सोलंकी ने कहा कि सीबीआई टीम गोधरा पहुंची और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से मिली।

महाकुंभ-2025 के लिए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ-2025 से जुड़ी अधिकांश बड़ी तैयारियां हर दशा में अक्टूबर तक पूरा कर लेने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह इसकी लगातार मॉनीटरिंग करें, गुणवत्ता की परख करें और समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा कराएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि, महाकुंभ आयोजन में किसी भी विभाग को कोई असुविधा आ रही हो तो तत्काल सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क करे। (पेज -2)

टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला, सभी की मौत

संवाददाता, प्रयागराज

- सरायममरेज थाना क्षेत्र में हुई दुघर्टना, मृतक जौनपुर निवासी

अमृत विचार : शादी समारोह से बाइक पर लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया। सभी की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे हैं।

हादसा सोमवार सुबह सात बजे सरायममरेज थाना क्षेत्र के हंडिया रस्तीपुर गांव के समीप हुआ। पुलिस के अनुसार जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द गांव निवासी ये लोग रविवार को बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। वहां से बरात में हंडिया चले गए। बरात से लौटने पर पांचों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने डंपर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार विकास (25), सुम्मरी (60), जनता (34), दीवाना (7), लक्ष्मी (8 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने टैंकर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

आईपीएस अफसर अंकित मित्तल किए गए निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पत्नी के साथ विवादों के चलते 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

वर्तमान में अंकित चुनार के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में एसपी के पद तैनात थे। इससे पहले भी इन्हीं विवादों की वजह से उन्हें एसपी गोंडा के पद से हटाकर चुनार भेजा गया था। शासन ने पत्नी, बच्चों के साथ बदसलूकी के आरोप सही पाए जाने पर उन्हें सोमवार को निलंबित कर दिया। पूर्व डीजी गोपाल गुप्ता के दामाद अंकित मित्तल पर अपनी एक महिला मित्र के साथ संबंध रखने का आरोप है। उनकी पत्नी ने शासन को भेजी अपनी शिकायत में बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। पत्नी उनके ऊपर तरह-तरह के आरोप लगाती रही हैं।

फर्जी एनकाउंटर करने के भी लगे हैं आरोप

आईपीएस अंकित से जुड़ी फर्जी एनकाउंटर की कहानी भी सामने आई थी। चित्रकूट में फर्जी मुठभेड़ मामले में अंकित मित्तल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन एसपी समेत एसटीएफ टीम के 15 सदस्यों के खिलाफ चित्रकूट की अदालत ने केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

पहली बारिश में ही टपकने लगा श्रीराम मंदिर में पानी

अधिक वर्षा पर बाधित हो सकती है पूजा-अर्चना, दर्शन : मुख्य पुजारी, गर्भगृह से पानी की निकासी की व्यवस्था पहले से नहीं की गयी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पहली बारिश में ही श्रीराम मंदिर के भूतल पर पानी टपकने लगा। मंदिर के गर्भगृह से पानी की निकासी की समस्या पहले से ही है। अगर समुचित इंतजाम नहीं किया गया तो ज्यादा बारिश होने पर मंदिर में पूजा अर्चना और दर्शन बाधित हो सकता है। मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जल्द इसका समाधान कराए जाने की मांग की है। कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। संस्था एलएंडटी से जुड़े टॉप के इंजीनियर इसका निर्माण करा रहे हैं, लेकिन जितना निर्माण हुआ है उसमें ही कमियां सामने आई हैं।

आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि शनिवार को हुई बारिश में रामलला के मंदिर के अंदर पुजारी के स्थान पर और उसके आगे ज्यादा पानी ऊपर छत से टपक रहा था। पानी भी भर गया था। यहां से वीवीआईपी श्रद्धालु दर्शन करते हैं। पानी निकलने की जगह पहले से ही नहीं है। एक-दो दिन में सोचकर समाधान निकाल लेना चाहिए। कहा कि मंदिर परिसर में प्रकोष्ठों में अन्य मूर्तियों की स्थापना मंदिर निर्माण के बाद साल 2025 तक किए जाने की बात बताई गई लेकिन इन सब की व्यवस्था पहले से ही सोच लेनी चाहिए। जो निर्माण हो गए हैं उन पर ध्यान भी दिया जाना चाहिए। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम मंजिल पर फर्श बनाने और वायरिंग का काम जारी है। पानी का रिसाव न हो, इसके लिए वाटर प्रूफिंग का काम सभी स्थानों पर चल रहा है। वायरिंग के कारण खंभों के पास से थोड़ा पानी आ सकता है। मैकेनिक कुछ कार्य को आधा छोड़कर चले जाते हैं।

इस दौरान जब बारिश होती है तो कहीं से थोड़ा पानी आ सकता है। पानी टपकने का मामला खंभों के आसपास का ही रहा। वायरिंग के लिए लगने वाली पाइप को बंद किया जा रहा है। आगे किसी भी प्रकार से पानी आने की संभावना नहीं रहेगी।

मंदिर की दीवार से रिसता बारिश का पानी।

20 स्थानों पर धंसा नवनिर्मित रामपथ

पहली बारिश में ही नविनर्मित रामपथ 20 स्थानों पर धंस गया। सड़क और मिट्टी बैठने से नई डाली गई सीवर लाइन की पाइप जगह-जगह सामने आ गई। हालांकि गिट्टी की भराई करके यातायात सामान्य कर दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक रामपथ 12.94 किमी लंबा है। यह लगभग पौने आठ सौ करोड़ की लागत से बना है। रात की बारिश में 20 स्थानों पर यह धंस गया। सीवर चैंबर वाले स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। शहर के मुख्य सड़क से गली के मार्गों में बिछाई गई सीवर लाइन की दुर्दशा भी सामने आ गई।

एक नजर

पावर कॉरपोरेशन के 22 अभियंता प्रोन्नत

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने सोमवार को 22 सहायक अभियंताओं को प्रोन्नति दे दी। इन्हें अधिशासी अभियंता बनाते हुए वितरण निगमों में तैनाती दी गई है।प्रोन्नत सहायक अभियंताओं में नरेंद्र कुमार श्रीवास, मोहित राव, राजेंद्र कुमार, चन्द्रभान, विजय कुमार, मुकेश कुमार, विजय सोनी, कृष्णानंद, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, बागीश कुमार, राजीव कुमार शर्मा, पराग भारद्वाज, राजनाथ यादव, अंकुर अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, विपिन कुमार, गौरव प्रकाश, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, मूल चन्द्र शर्मा व आशुतोष कुमार तिवारी शामिल हैं।

30 जिलों के एआईजी स्टाम्प को प्रतिकूल प्रविष्टि

01 से 15 जून तक की समीक्षा में महानिरीक्षक निबंधन को खराब मिली प्रगति रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर समेत अन्य जिलों को मिली चेतावनी

अमृत विचार : राजस्व प्राप्ति में फिसड्डी रहने पर महानिरीक्षक (आईजी) निबंधन डॉ. रुपेश कुमार ने लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि और बरेली, मुरादाबाद समेत 29 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी है।

महानिरीक्षक ने शिविर कार्यालय लखनऊ में 1 से 15 जून तक स्टाम्प और निबंधन शुल्क प्राप्ति की जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट तलब की। इन 15 दिवसीय कार्यों में 300 करोड़ से अधिक वार्षिक लक्ष्य वाले 25 में 10 जिलों लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, फिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़ व देवरिया में सबसे कम राजस्व प्राप्ति पाई गई। इसी तरह वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ वाले 22 में 10 जिले अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़. सीतापुर, हरदोई, इटावा, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया व रायबरेली सबसे पीछे रहे। इसके अलावा वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ वाले 28 में 10 जिलों कानपुर देहात, सोनभद्र कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चंदौली, एटा, फर्रुखाबाद, मैनपुरी व कन्नौज की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सोमवार को महानिरीक्षक ने फिसड्डी इन 30 जिलों के सहायक महानिरीक्षक को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी।

43 फीसदी से कम राजस्व

दूसरी ओर 43 फीसदी से कम राजस्व प्राप्ति होने पर बरेली, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, चित्रकूट, बस्ती, संभल, झांसी, औरैया, बांदा, सुल्तानपुर, बलरामपुर, गौतमबुद्ध नगर, बाराबंकी, आजमगढ़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, हमीरपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, संत रविदास नगर, अंबेडकरनगर, संतकबीर नगर, हाथरस व मऊ की इन जिलों के सहायक महानिरीक्षक को चेतावनी दी गई है।

सोमवार को राजभवन में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। अमृत विचार

16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : 2023 बैच के 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद कर उन्हें आम लोगों के कल्याण के लिए प्रोत्साहित किया।राज्यपाल ने अधिकारियों से गांवों का भ्रमण, महिलाओं-बेटियों की स्थिति, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति देखकर उसमें आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की योजना में स्वीकृत अनुदान का समुचित उपयोग किया जाय। अधिकारी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें।

जालसाजी से मुक्त होगी संपत्ति की खरीद-फरोख्त

ई-स्टाम्प को ज्यादा सुरक्षित बनाएगी राज्य सरकार, नई विशेषताओं के साथ जल्द होंगे उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त अथवा एग्रीमेंट में स्टाम्प-पेपर की जालसाजी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं स्टाम्प पेपर की कालाबाजारी और कमीशनखोरी पर भी अंकुश लगेगा। राज्य सरकार ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की तैयारियां पूरी हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है।

दरअसल, इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन सत्यापित करने के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के डर से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है।

▸▸ छोटी रकम के ई-स्टाम्प पेपर के जरिए होगी बड़ी शुरुआत

▸▸ जाली स्टाम्प पेपर के भय से मिलेगी पूरी तरह मुक्ति

▸▸ ई-स्टाम्प के नये प्रारूप का डिजाइन भी हुआ फाइनल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नई विशेषताओं वाले ई-स्टांप से विभाग और उपभोक्ता दोनों की ही आसानी होगी।

स्टाम्प की कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

2023-24 के आंकड़ों के अनुसार 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर कमीशन कम होता है, ऐसे में अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के सुरक्षित ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा।

छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की सर्वाधिक मांग

10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में लगभग 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं।

ई-स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण

ई-स्टाम्प सरकार द्वारा जनता से स्टाम्प शुल्क वसूलने का एक आधुनिक संस्करण है। यह प्रक्रिया, कंप्यूटर-आधारित है जिसे गैर-न्यायिक स्टाम्प शुल्क का भुगतान करने का एक सुविधाजनक और कुशल तरीका माना जाता है। पारंपरिक स्टाम्प पेपर के बजाय इसे अधिक कुशल, सुरक्षित और छेड़छाड़-विहीन तरीका माना जाता है।

शुरू हुई तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया

अमृत विचार,लखनऊ: राजकीय माध्यमिक विद्यालयों, इण्टर कालेजों में कार्यरत सहायक अध्यापकों (एलटी) एवं प्रवक्ताओं का तबादला सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई है। आवेदन 26 जून की रात्रि 12 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। इसके बाद शिक्षक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है इधर उधर किसी के झांसे में न आये किसी समस्या के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 8317054632-8332870905 पर सपंर्क किया जा सकता है। तबादले इच्छुक आवेदक मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार वरीयताक्रम में अधिकतम 5 विकल्पों का चयन कर सकते हैं। स्थानांतरण के लिए उच्च गुणांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी।

3जी से 4जी तकनीक में नहीं बदले गए स्मार्ट मीटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगे हैं 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर

▸▸ पावर कॉरपोरेशन ने बदलने का दिया था आदेश

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के आदेश के बाद भी प्रदेश के लगभग 12 लाख उपभोक्ताओं के घरों पर लगाये गये 3जी तकनीक के स्मार्ट मीटर की जगह 4जी मीटर नहीं लगाये गये हैं। उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बकाये पर बिजली कटने के बाद दोबारा बहाल होने में कई दिन लग जा रहे हैं।

प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी चल रही है। वितरण निगमों के स्तर पर मीटर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इन मीटरों को लगाये जाने का कड़ा विरोध हो रहा है है। इन मीटरों में चायनीज उपकरणों के लगे होने के आरोप लग रहे हैं। इस बीच, पिछले दिनों ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने मीटरों को लगाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड को दो साल पहले लिखे गये पत्र का खुलासा करते हुए कहा कि 12 लाख लोगों के यहां लगे 3जी तकनीक के मीटर को अभी 4जी में तब्दील नहीं किया गया है, जबकि इन मीटरों में खामियों की शिकायत लगातार की जा रही है।

अभियंताओं के आवास पर पहले लगे मीटर

उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि बिजली कंपनियों में कार्यरत अभियंताओं व उच्चाधिकारियों के आवास पर पहले स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जायं, क्योंकि वे इसकी प्रशंसा कर रहे हैं।इन मीटरों की दक्षता मापी जाय। 'यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट' भी कर लिया जाय, ताकि उपभोक्ताओं का भ्रम दूर हो सके।

वैभव कृष्ण आजमगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी बने

अमृत विचार,लखनऊ: उत्तर-प्रदेश में स्थानान्तरण का दौर जारी है। सोमवार की देर रात दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानान्तरण हुआ। इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने दो पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले किये हैं।

गृह विभाग के प्रवक्ता के अनुसार आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को इसी पद पर ईओडब्लू लखनऊ में तैनाती दी गयी है,जबकि सुरक्षा में तैनात पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण को आजमगढ़ परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर में एसएसपी के पद पर तैनात रहने के दौरान वैभव कृष्ण पर गंभीर आरोप लगे थे,जिसमें वह काफी समय तक निलंबित रहे।

इसके अलावा पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा किये गये पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले के क्रम में विकास श्रीवास्तव को सहायक आयुक्त वाराणसी से सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ और एलआईयू गोरखपुर में तैनात पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार राहुल को सहायक पुलिस आयुक्त कानपुर नगर भेजा गया है।

अक्टूबर तक पूरी कर लें महाकुंभ की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के साथ सोमवार को अपने सरकारी आवास पर बैठक कर अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा की अक्टूबर तक महाकुंभ संबंधी सभी तैयारी पूरी कर लें। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास तथा कुंभ मेलाधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने अब तक की तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जन की आस्था, अपेक्षा और आकांक्षा का ध्यान रखते हुए महाकुंभ की गरिमा और महत्ता के अनुरूप आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुंभ 2019 की तरह एक बार फिर हमें बेहतर टीमवर्क के साथ कार्य करके दिखाना होगा।

योगी ने हिदायत दी कि, प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखें। सड़कों का चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण का कार्य समय से पूरा कराया जाए। रोड साइड फ़साड डेवलपमेंट का कार्य सितम्बर तक पूरा करा लिया जाए। देश-दुनिया के पर्यटकों की सुविधा के लिए मेलाक्षेत्र तक सुगमतापूर्वक आवागमन के लिए रोड, रेल और एयर की बेहतरीन कनेक्टिविटी होनी आवश्यक है।

महाकुंभ की तैयारी की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

ऐसी होगी महाकुंभ में व्यवस्था : 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेला प्रस्तावित है। पिछली बार जहां 3200 हेक्टेयर में मेला फैला था, इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इसका विस्तार किया जा रहा है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक के 45 दिवसों के भीतर पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि प्रमुख स्नान तिथियां होंगी। महाकुंभ में दैनिक श्रद्धालुओं, पर्यटकों के अतिरिक्त कल्पवासियों की मौजूदगी भी होगी। उनकी सुरक्षा, सुविधा और आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्था रहेगी।

गंगा में कहीं भी गंदगी न हो: मुख्यमंत्री के मुताबिक, यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजनौर से बलिया तक के पूरे प्रवाह क्षेत्र में गंगा में कहीं भी गंदगी न हो। एक भी नाला, सीवेज गंगा में न गिरे। गांवों से कूड़ा नदी में न डाला जाए। मृत जानवरों का जल प्रवाह न किया जाए।

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का होगा गठन

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होटल इंडस्ट्री के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर आवास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम स्तर का बनाया गया। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है।

आज काला दिवस मनाएगी भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी मंगलवार को प्रदेशभर में आपातकाल के विरोध में काला दिवस मनाएगी। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने कहा 25 जून 1975 में कांग्रेस शासन द्वारा आपातकाल लागू किया गया जिसे काला दिवस के रूप में जाना जाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि 25 जून को पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर), पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी (लखनऊ) उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य (झांसी), ब्रजेश पाठक (लखनऊ) के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

तीन इकाइयां चालू फिर भी बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बंद पड़ी ओबरा की एक इकाई चालू होने के थोड़ी देर बाद फिर हुई ठप

अमृत विचार: प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की बंद चल रही छह इकाइयों में से चार इकाइयां चालू हो गईं, पर दो इकाइयां अभी भी ठप हैं। इस बीच ओबरा की एक इकाई ठप हो गई है। तीन इकाइयों के ठप होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। साथ ही, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सिलसिला जारी है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई को चालू करने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। बिजली अभियंता रात में ही इस इकाई को चालू कर लिये जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, पहले से बंद चल रही बारा की 660 मेगावाट व मेजा की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। इन इकाइयों को भी चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने सोमवार की देर रात तक इकाइयों के चालू होने की संभावना जताई।

अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई

सोमवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,548 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 21,394 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व आपूर्ति में अंतर होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। मालूम हो कि पिछले दिनों टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गई थीं। इन इकाइयों को अब चालू कर लिया गया है।

1063 डॉक्टरों को मिला एसीपी का लाभ

अमृत विचार,लखनऊ: स्वास्थ्य विभाग में समयबद्ध प्रोन्नति से वंचित 1049 डॉक्टर और 14 सेवानिवृत्त हो चुके डॉक्टरों को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन (एसीपी) मिल गई है।

चिकित्सा अनुभाग तीन से जारी सूची में, 11 साल, 17 साल व 21 साल में मिलने वाले वित्तीय लाभ से डॉक्टरों को एसीपी से लाभान्वित किया गया है। यह लाभ उन्हें निर्धारित तिथि से मिलेगा, बकाया भुगतान एरियर के रूप में किया जाएगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के सचिव डॉ.अमित वर्मा का कहना है कि अभी भी तमाम चिकित्सक हैं जिन्हें वित्तीय लाभ मिलना चाहिए।

टूरिस्ट गैप एनालिसिस से होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार

अमृत विचार: पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। आध्यात्मिक सर्किट के पर्यटन विकास को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें पर्यटन स्थलों के सर्वे व टूरिस्ट गैप एनालिसिस के जरिए आध्यात्मिक सर्किट का विकास किया जाएगा।

उप निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में मेगा टूरिज्म सर्किट्स के साथ ही पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक सर्किट भी विकसित किए जा रहे हैं। छिपी संभावनाओं को लक्ष्य मानकर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके लिए यूपी टूरिज्म पॉलिसी डॉक्यूमेंट 2022 के अनुसार सूचना, स्वागत, सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, संरचना व सहयोग आदि मानकों का ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि बीते कुछ सालों में प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थल, देश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशंस में शामिल हुआ हैं। काशी विश्वनाथ और अयोध्या धाम ने प्रदेश को टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित किया है। अगले साल 2025 में प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन होगा, जिसमें कम से कम 30 करोड़ लोगों के शामिल होने की संभावना है।

निरीक्षण में डॉक्टर मिले नदारद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ होप सेंटर से ऑनलाइन निरीक्षण में अस्पतालों की सामने आई सच्चाई

अमृत विचार: प्रदेश के सभी सरकारी ट्रामा सेंटर समेत अधिकांश अस्पतालों में डॉक्टर व कर्मचारी ड्यूटी के दौरान सीट पर नहीं रहते हैं। इतना ही नहीं, कर्मचारी निर्धारित वर्दी में भी नहीं रहते हैं। यह खुलासा 'होप सेंटर' द्वारा ऑन लाइन निरीक्षण के दौरान हुआ है। इसके बाद स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी प्रमुख अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय में मानक अनुसार चिकित्सकीय दायित्व व शासकीय कार्यों का निर्वाहन करें।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने राजधानी स्तिथ डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलरामपुर अस्पताल, लोकबन्धु अस्पताल समेत बरेली, वाराणसी व आगरा के मानसिक रोग विभाग के निदेशकों को पत्र लिखकर निर्देश किया है कि निरीक्षण के दौरान तमाम अव्यवस्थाएं देखने को मिली हैं, जिससे मरीजों को दिक्कतें होती हैं। साथ ही देखा गया है कि नियमानुसार वार्डो में बिस्तर की चादरें नहीं बदली जाती हैं, सोमवार को सफेद, मंगलवार को नारंगी, बुधवार को हरा, गुरूवार को पीला, शुक्रवार को पिंक, शनिवार को नीला व रविवार को लाल या भूरे रंग की चादरें ही बिछाई जाएं। साथ ही कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों और कर्मचारियों को समय पर उपस्तिथ रहने के निर्देश दिए जाएं। निर्धारित वर्दी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सुरक्षा गार्डो की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाए।

बनाएं समन्वय

मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि सीएचसी व पीएचसी में प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्था सुचारू रूप से स्थापित किया जाए।

लोनिवि में इस बार कहीं दर्जनों सेवानिवृत्त को न मिल जाए तैनाती

लोक निर्माण विभाग में फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला की आशंका, वर्ष 2022 में मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई पर मुख्यमंत्री ने की थी कार्रवाई

अजय दयाल, लखनऊ

- पोर्टल पर दर्ज हैं सेवानिवृत्त अभियंताओं के भी नाम, कार्यरत को दिखाया त्यागपत्र दिया हुआ
- कोई 27 वर्षों से एक जिले में तो कई वर्ष से जमे अधिकारी के नाम ही सूची में नहीं

अमृत विचार : साल 2022 में लोक निर्माण विभाग उस वक्त अचानक चर्चा में आ गया था जब विभाग की ट्रांसफर सूची में एक मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। उस दौरान ट्रांसफर-पोस्टिंग में तमाम अनियमितताएं सामने आई थीं।

इस साल दर्जनों रिटायर्ड अभियंताओं को ही कहीं स्थानान्तरित न कर दिया जाए? ऐसे में विभाग में एक बार फिर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाले की आशंका है। एक तो विभाग इस बार मंत्री विहिन (जितिन प्रसाद के केन्द्रीय मंत्री बन जाने के बाद) है। ऊपर से मानव संपदा पोर्टल में भारी अनियमितताएं हैं। सबसे बड़ी गड़बड़ी तो यह कि पोर्टल पर ट्रांसफर होने वालों की सूची में जहां लगभग तीन दर्जन रिटायर्ड अभियंताओं के नाम हैं वहीं, उन अधिकारियों के नाम ही नहीं जो वर्षों से एक ही जगह जमे हैं और ट्रांसफर की प्राथमिकता में आते हैं।

हालांकि पूर्व में जितिन प्रसाद के मंत्री रहते विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया में अनियमितताएं बरती गई थीं। ट्रांसफर में मृत इंजीनियर की भी तैनाती दिखा दी गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी प्रकट की। जांच बैठाई और बाद में जितिन प्रसाद के ओएसडी समेत कई अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई थी।

इस बार भी मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि मानव संपदा पोर्टल की गड़बड़ियां समय रहते दुरुस्त कर लीं जाएं। लोनिवि में ताजा गड़बड़ी की बात जाए तो अलग-अलग जिलों में कार्यरत ऐसे 30 इंजीनियर-अधिकारी ऐसे हैं जो विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लेकिन लोनिवि में अब भी कार्यरत दिखाए जा रहे हैं।

उदाहरण के तौर पर औरैया में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात काजी अली आसिफ इसी साल 31 मई को रिटायर हो गए, अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी रहे खुशीराम 30 अप्रैल को, सहायक अभियंता सिविल देशबंधु सिंह (आजमगढ़) 29 फरवरी, अकाउंटेंट सुरेन्द्रकांत (बलरामपुर) 31 जनवरी, सहायक अभियंता सिविल (लखनऊ) अरविंद कुमार पांडेय 31 मार्च, हेड असिस्टेंट विमला लोहानी, (लखनऊ) 31 मई, सीनियर असिस्टेंट संदीप सिंह (वाराणसी) से 26 मार्च को रिटायर हुए हैं। इसी तरह इस सूची में अन्य तमाम अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

पोर्टल में अन्य गड़बड़ियां भी हास्यास्पद हैं। एक ही खण्ड में दो-दो अधिशासी अभियंताओं की तैनाती तो वहीं कार्यरत अवर अभियंता को इस्तीफा दिया हुआ दिखाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिले में जिस अवर अभियंता को 27 सालों से कार्यरत दिखाया जा रहा है, उसका बैच ही 2009 का है यानि नौकरी ही अभी 15 साल की हुई है।

दिया गया नोटिस

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष एनडी द्विवेदी जहां यह कहते हैं कि गलत डेटा को सही कराने के लिए विभाग को नोटिस दिया गया है। वहीं, लोनिवि के एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि कार्मिकों की अपलोड सूची पर आपतियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का परीक्षण कर संशोधित सूची अपलोड की जाएगी। तबादलों के बाद भी आपत्तियां ली जाएंगी और आवश्यकता पड़ी तो सुधार होगा।

एक क्लिक में पता चल जाएगी पैरामेडिकल बेरोजगारों की संख्या

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ राज्य सरकार के पास रहेगा नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों के प्लेसमेंट का रिकार्ड

अमृत विचार: प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद कितने छात्रों को नौकरी मिल गई है, यह जानकारी सीएएसए पोर्टल पर मिलेगी। पोर्टल पर संबन्धित जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी संस्थानों के प्रधानाचार्य को दी गई है, अपडेट अंतिम वर्ष की परीक्षा होने के छह माह पूर्व, हर वर्ष करनी होगी। इससे नौकरी पाने वालों के साथ ही जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल्स के बेरोजगार अभ्यर्थियों की संख्या भी पता चलेगी।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन निरामया शुरू किया गया है। नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे आदि लगाकर गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं हर साल जीएनएम, एएनएम व विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कितने छात्रों को रोजगार मिला है, एक क्लिक पर जानकारी मिलेगी। इससे छात्रों को पता चलेगा कि किस विशेषज्ञता में रोजगार के अवसर बढ़ रहें हैं।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

मौसम

तापमान घटने का अनुमान है, 25-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

40.3° अधिकतम तापमान | 31.2° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- प्रीती नगर सीतापुर रोड सेवा संस्था की ओर से स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली- 9:00 बजे।
- यूपी प्रेस क्लब में 'नशा - मांग और आपूर्ति' विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन- 11:00 बजे।
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक-11:00 बजे।
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति की बैठक-11:30 बजे।
- हजरतगंज पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर 16 पार्क रोड पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से भंडारे का आयोजन- 2:00 बजे।
- बे-बियन रेस्टोरेंट में भूतनाथ व्यापार मंडल की ओर से सुनार ज्वैलर्स लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का सम्मान समारोह -3:30 बजे।
- गोमतीनगर के संगीत नाटक अकादमी में यायावर रंगमंडल की ओर से 'उल्लास' का आयोजन- 7:00 बजे।

सुबह उमस, दोपहर बाद बारिश से राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी में सोमवार सुबह मौसम उमस भरा रहा। दोपहर बाद तेज हवाओं के बाद कई जनपदों में बारिश हुई। इससे गर्मी से राहत मिली।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, प्रदेश में सबसे अधिक 14 मिमी रिकार्ड वर्षा वाराणसी में हुई है। दूसरे नंबर पर अलीगढ़ रहा, वहां 10.2 मिमी, मुरादाबाद में 9 मिमी और गोरखपुर में न 3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। लखनऊ में औसतन 7.1 मिमी और बाराबंकी में 5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।अभी एक सप्ताह तक बारिश होने के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आ सकती है।

हजरतगंज चौराहे पर भीगकर बारिश का आनंद लेतीं युवतियां और पास ही जलभराव के बीच से गुजरते वाहन। अमृत विचार

कानपुर का दिन, हरदोई की रात सबसे गर्म

कानपुर में दिन का तापमान 41.9 डिग्री रहा, जो कि प्रदेश के अन्य जिलों से सबसे अधिक था। हरदोई में रात का तापमान सबसे अधिक 31.5 रिकार्ड किया। दिन में दूसरा गर्म जिला सुल्तानपुर रहा। यहां दिन का तापमान 40.4 रिकार्ड किया गया। तीसरे स्थान पर लखनऊ रहा।

लखनऊ-बरेली मंडल में वज्रपात के आसार

लखनऊ, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, रायबरेली, बरेली, पीलीभीत

पूर्वांचल में आंधी की जताई जा रही संभावना

गोरखपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया, कुशीनगर, महाराजनगर, सिद्धार्थनगर, वाराणसी, सोनभद्र

साफ नहीं हो पाए नाले, अतिक्रमण बना बाधा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : मानसून ने शहर में दस्तक दे दे है, लेकिन अभी तक सभी नालों की सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। सफाई में नालियों के ऊपर बने रैम्प और अतिक्रमण बाधा बन रहे हैं। नए नालों का काम भी अधूरा है। इस लापरवाही से जलभराव होने की आशंका है।

ऐशबाग की रामनगर कालोनी में घरों के बाहर नाले पर रैंप बने हैं। नाले की सफाई नहीं हो पा रही। यहां हर साल बारिश का पानी घरों में भर जाता है। लोग घर छोड़कर दूसरी जगह चले जाते हैं। फैजुल्लागंज का आठ किलोमीटर लंबा बड़ा नाला कभी साफ नहीं हुआ। रिवर बैंक कालोनी के पास नाले में सिल्ट जमा है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की गलती का खामियाजा भुगतेगी एक लाख की आबादी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की गलती का खामियाजा रायबरेली रोड स्थित एल्डिको कालोनी, साउथसिटी और रुचि खंड की एक लाख की आबादी को भुगतनी पड़ेगी। एनएचएआई ने शहीद पथ के पास साउथसिटी में पुलिया नाले के लेवल से ऊपर बना दी। इससे नाले का पानी नहीं निकल पा रहा। पिछले वर्ष इस समस्या पर नगर निगम और एनएचएआई के बीच वार्ता हुई थी। विभागों की जिम्मेदारी तय होने के बाद इसे सही नहीं कराया जा सका।

किला मोहम्मदी नाले से नहीं हटा अतिक्रमण : अतिक्रमण होने से आशियाना के किला मोहम्मदी नाले को पक्का करने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस नाले से जोन पांच और आठ की लगभग पांच लाख आबादी क्षेत्र से जलनिकासी होती है। सिंचाई विभाग, निगम और प्रशासन को अतिक्रमण हटाना था, लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाई।

जानकीपुरम विस्तार में नाले का काम अधूरा : जानकीपुरम विस्तार में निर्माणाधीन नाला अधूरा है। इस बार भी बारिश में क्षेत्रीय निवासियों को जलभराव की समस्या से दो-चार होना पड़ेगा। नगर निगम ने पिछले वर्ष इस नाले को बनाने का काम शुरू किया था। इसे पूरा होने में अभी छह महीने लग जाएंगे।

अकबर नगर के विस्थापितों को मिलेगी वेंडिंग जोन में जगह

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बैठक में मंडलायुक्त ने दिए स्वनिधि योजना और मुद्रा लोन का लाभ दिलाने के निर्देश
- कहा, हथकरघा, डूडा व श्रम विभाग शिविर लगाकर करें कुशल श्रमिकों का पंजीयन

अमृत विचार : बसंतकुंज योजना के आवासों में भेजे गए अकबर नगर के विस्थापितों को रोजगार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सोमवार को मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने बैठक ली। इसमें डूडा को स्वनिधि योजना से जोड़ने के अलावा सर्वे कर वेंडिंग जोन में रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुद्रा लोग उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि विस्थापितों में मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, कारपेंटर आदि कुशल श्रमिक शामिल हैं। इन सभी के रोजगार के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्राथमिकता से तैयार करें। हथकरघा, डूडा व श्रम विभाग कैम्प लगाकर कुशल श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन कराएं। सरकार की स्वरोजगार योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत विभिन्न योजनाओं से जोड़कर ऐसे लोगों को प्रशिक्षण दिलाएं। इसके अलावा जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी बसंतकुंज में आए विस्थापितों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बस स्टॉप पर लिखी जाए समय सारिणी

मंडलायुक्त ने बसंतकुंज के सेक्टर आई में प्रधानमंत्री आवास में रह रहे लोगों के परिवहन के लिए एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को सिटी बस के संचालन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपयुक्त स्थान पर बस स्टॉप बनवाने के साथ संचालन की समय सारिणी भी अंकित की जाए।

बुलडोजर के डर से एलडीए के चक्कर लगा रहे लोग

अमृत विचार, लखनऊ : कुकरैल नदी पर बसा अबरार नगर, रहीम नगर, खुर्रम नगर, पंत नगर व इंद्रप्रस्थ नगर में बुलडोजर चलाने की तैयारी है। सिंचाई विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। नदी से 500 मीटर पर आवास और अपार्टमेंट बने हैं। कुकरैल के पुनर्जीवन को लेकर एलडीए बुलडोजर चलाएगा। कार्रवाई के डर से मोहल्लों के लोग एलडीए के चक्कर लगा रहे हैं।

एक फेरे के लिए चलेंगी तीन स्पेशल ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी की छुट्टियों में की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन एक-एक फेरे के लिए तीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 05585 व 05583 दरभंगा-सरहिन्द ग्रीष्मकालीन स्पेशल 24 व 25 जून को दरभंगा से सुबह 5:30 बजे रवाना होकर कमतौल, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद, दूसरे दिन सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा से होते हुए सरहिन्द तड़के 04:30 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05584 व 05586 सरहिन्द-दरभंगा ग्रीष्मकालीन स्पेशल 25 व 27 जून को सरहिन्द से सुबह 6:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन दरभंगा सुबह 10 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 05551 सहरसा-सरहिन्द ग्रीष्मकालीन स्पेशल 25 जून को सहरसा से शाम 7:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सरहिन्द मध्य रात्रि 12:05 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05552 सरहिन्द-सहरसा ग्रीष्मकालीन स्पेशल 27 जून को सरहिन्द से देर रात्रि 2 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सहरसा सुबह 9:45 बजे पहुंचेगी।

10 लाख तक सस्ते होंगे एलडीए के फ्लैट

कानपुर व रायबरेली रोड योजना में फ्लैट भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्राधिकरण ने बनाया प्रस्ताव बोर्ड बैठक के बाद जाएगा शासन

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण न बिकने वाले फ्लैटों के 10 लाख रुपये तक दाम घटाएगा। इसमें खासकर कानपुर व रायबरेली रोड योजना के फ्लैट शामिल हैं। प्राधिकरण यह प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखेगा और इसके बाद मंजूरी के लिए शासन भेजा जाएगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कानपुर रोड, रायबरेली रोड, सीतापुर रोड, अलीगंज समेत अन्य जगह अपनी योजना में करोड़ों रुपये खर्च करके अपार्टमेंट बनाए थे। इसमें 2 व 3 बीएचके के सैकड़ों फ्लैट करीब 10 साल से नहीं बिके हैं और खंडर हो गए हैं। बिक्री न होने का कारण किसी की गुणवत्ता खराब तो कहीं अधूरे कार्य तो शहर से दूर होना और महंगे होना है। अब इन्हें बेचने के लिए प्राधिकरण 10 लाख रुपये तक दाम घटाएगा। आवंटियों को संपत्ति का बकाया होने पर चक्रवृद्धि ब्याज में भी छूट मिलेगी। प्रस्ताव जुलाई में होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। समिति की सहमति बनी तो प्रस्ताव शासन को जाएगा। वहां से मंजूर होने पर ही कीमतें घटाई जाएंगी। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि अभी प्रस्ताव तैयार किया है। बोर्ड की सहमति के बाद आगे की प्रक्रिया करेंगे।

पहले आओ, पहले पाओ योजना में नहीं बिके फ्लैट

प्राधिकरण ने अलीगंज स्थित अनुभूति अपार्टमेंट व अन्य क्षेत्रों पर बने अपार्टमेंट बेचने के लिए पहले आओ पहले पाओ स्कीम चलाई थी। इसके बाद भी फ्लैट नहीं बिके। सभी योजनाओं में 2 बीएचके फ्लैट के दाम 27.50 लाख, 48.91 लाख व 57.10 लाख रुपये तक हैं। इसी तरह 3 बीएचके के टाइप ए फ्लैट 72.86 लाख व टाइप बी के 73.38 लाख रुपये तक दाम हैं।

पूरा जिला एलडीए में शामिल करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीमा विस्तार का प्रस्ताव बोर्ड की मंजूरी के बाद शासन को भेजा जाएगा
- 2,558 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा क्षेत्रफल, जोन भी बढ़ेंगे
- बाराबंकी के नवाबगंज और तीन ब्लॉक जोड़े नहीं जाएंगे

अमृत विचार : जिले के गांव व नगर की डगर पर जल्द लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की मुहर लगेगी। यानी सभी ब्लॉक और नगर पंचायत पूरी तरह से प्राधिकरण में शामिल होंगे। प्राधिकरण ने सीमा विस्तार का खाका तैयार किया। यह प्रस्ताव जुलाई में होने वाली बोर्ड बैठक में सहमति के बाद शासन भेजा जाएगा और स्वीकृत होने पर लागू होगा।

अभी एलडीए का क्षेत्रफल 1028 वर्ग किमी है। पूरे क्षेत्र को सात जोन में बांटा गया है। एलडीए का विस्तार बीकेटी, सरोजनी नगर, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, काकोरी व माल ब्लॉक के साथ सभी 10 नगर पंचायतों तक होना है। प्राधिकरण ने नए प्रस्ताव में बाराबंकी का निंदूरा, देवा व बंकी विकास खंड, नगर पालिका नवाबगंज को बाहर कर दिया है। पहले इन्हें शामिल करने का प्रस्ताव था। नए प्रस्ताव पर शासन की सहमति और अधिसूचना जारी होने पर एलडीए का क्षेत्रफल 2558 वर्ग किमी हो जाएगा। जोन की संख्या बढ़ेगी। प्राधिकरण नगर पंचायत व ग्रामीण इलाकों में आवासीय व व्यवसायिक योजनाएं महानगर की तरह विकसित करेगा। निर्माण संबंधित मानचित्र भी पास होंगे। अवैध निर्माण पर भी कार्रवाई होगी। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि सीमा विस्तार के प्रस्ताव में पूरे जिले को शामिल किया गया है। बोर्ड बैठक की मंजूरी के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा।

इन सुविधाओं से विकसित होगा क्षेत्र

महायोजना के अनुसार नए क्षेत्रों पार्क, सड़क, चौराहे, अपार्टमेंट, ग्रीन बेल्ट, पार्किंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, परिवहन, खेल मैदान समेत अन्य के लिए भूमि चिह्नित कर बनाए जाएंगे।

55 दिन तक बिना बीमा दौड़ी रोडवेज की बस

बस परिचालक ने काट दिया खरगोश का टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक्स पर यात्री की शिकायत पर हुई जांच, रोडवेज के परिचालक को किया रूट ऑफ

अमृत विचार : रोडवेज की अनुबंधित बस बिना बीमा कराए 55 दिनों तक सवारियां लेकर सड़क पर दौड़ती रही। फर्जी प्रपत्र लगाकर इस अवधि का भुगतान भी बस मालिक ने ले लिया। इस अवधि में अगर कोई हादसा हो जाता तो यात्रियों को किसी तरह का मुआवजा भी नहीं मिल पाता। मामला उजागर होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने बस का अनुबंध समाप्त करने का आदेश दे दिया है। बाराबंकी डिपो की बस संख्या यूपी 41 बीटी 6334 बिना बीमा के 26 अप्रैल से 19 जून तक सड़क पर यात्रियों को लेकर दौड़ती रही। इस दौरान बस के बकाये का भुगतान भी बाराबंकी में तैनात अधिकारियों की मिलीभगत करा लिया गया। बिलों को क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के कार्यालय में भेज दिया। 19 जून को बिना बीमा बस चलाने की लापरवाही उजागर हो गई।

- बस का अनुबंध समाप्त किया गया

इस मामले को क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने संज्ञान में लेते हुए बिना इंश्योरेंस के संचालित अनुबंधित बसों का अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही के आदेश दिए हैं। बस का बीमा नहीं होने पर बीमा कंपनियां कोई धनराशि नहीं देती।

अमृत विचार, लखनऊ: बदायूं डिपो की बस के परिचालक ने यात्री के पिंजरे में बंद खरगोश के टिकट बना दिए। यात्री ने ट्वीट कर परिवहन निगम से शिकायत की। बरेली डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की जांच में मामला सही पाए जाने पर परिचालक को रूट ऑफ कर दिया गया है।

बरेली डिपो की बस यूपी 78 जेटी 9265 सवारियां लेकर बरेली से बदायूं जा रही थी। इस बस में विकेंद्र शर्मा भी यात्रा कर रहे थे। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर परिवहन निगम से परिचालक की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि पिंजरे में खरगोश का बच्चा लेकर बस में यात्रा कर रहे थे। परिचालक ने खरगोश के दो टिकट काट दिए। बरेली से बदायूं तक के लिए खरगोश का 75 रुपए का टिकट बनाया। एक यात्री लकड़ी का सामान लेकर यात्रा कर रहा था। उससे सामान के एवज में 450 रुपये लिए लेकिन टिकट नहीं दिया। विकेंद्र ने आरोप लगाया कि बस में लूट मची है। ट्वीट को देखते परिवहन निगम के अधिकारियों ने यात्री से संपर्क कर खेद जताया। बरेली डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से जांच कराई गई। इसमें सामने आया कि परिचालक ने जानकारी के अभाव में खरगोश का टिकट काट दिया। लापरवाही पर परिचालक को रूट ऑफ कर दिया गया है।

यह है नियम

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में जानवरों को ले जाने की छूट नहीं है। सिर्फ पालतू पक्षी पिंजरे में चिड़िया या तोता ले जा सकते हैं। पालतू कुत्ता और बिल्ली को बस में ले जाने की अनुमति नहीं है।

पार्षदों को जारी होगी 50 लाख की पहली किस्त

अमृत विचार, लखनऊ : वार्ड के विकास के लिए पार्षदों को 50-50 लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को इसके निर्देश दिए हैं।

पार्षदों की मांग पर महापौर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्ड विकास निधि की पहली किस्त के रूप में प्रत्येक पार्षद को 50 लाख रुपये की धनराशि जारी करने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। इससे पार्षद अपने-अपने वार्डों में अभियंत्रण विभाग से विकास कार्य करा सकेंगे।

अकबर नगर क्षेत्र में एक भवन के बचे हिस्से को ध्वस्त करती पोकलेन, जल्द ही मलबा उठाने का काम शुरू होगा। अमृत विचार

बसों की परमिट पर फैसला कल

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य परिवहन प्राधिकरण (स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, एसटीए) की बैठक बुधवार को परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर आयोजित की जायेगी। इसमें प्रदेश भर के नए रूटों पर बस परमिट के आवेदन पर फैसला लिया जायेगा। एसटीए की बैठक में एजेंडे पर सोमवार को अंतिम मुहर लगा दी गई।

परिवहन निगम ने 400 नए मार्गों तय किए हैं। इन पर 400 नई बसों का संचालन किया जाना है। इन रूटों पर बसों के संचालन के लिए परमिट के लिए लोगों ने आवेदन किए हैं। परमिट मिलते ही एक जुलाई से नए रूटों पर बसें दौड़ने लगेंगी। इनमें लखनऊ के 13 नए रूट शामिल हैं। एसडीए के सचिव सगीर अहमद अंसारी के अनुसार बैठक में नए वाहनों के परमिट के लिए जो आवेदन आए है, उस पर विचार करते हुए निर्णय लिया जाएगा। रोडवेज से करीब 400 बस परमिट के लिए आवेदन मिले हैं। वाहनों के परमिट नवीनीकरण के कई मामले भी बैठक में रखे जायेंगे।

इन 13 नए रूटों पर शुरू होगा बसों का संचालन

1- चारबाग से मोहनलालगंज-गोसाईगंज, 2- चारबाग से गंगागंज-नगराम, 3-नगराम से गंगागंज-चारबाग, 4- चारबाग से मोहनलालगंज वाया निगोहा, 5-चारबाग से निगोहा, नगराम लिंक मार्ग, 6- चारबाग से सुदौली- असरेंदा लिंक मार्ग, 7- चारबाग से सुदौली मोड़-भवरेश्वरधाम, 8- कैसरबाग से बीकेटी, चंद्रिकादेवी- माल, 9- कैसरबाग से कुंहरावा- बाबागंज, 10- कैसरबाग से मलिहाबाद-मोहान, 11-रायबरेली से जगतपुर-चढ़रई,- खरौली, 12- रायबरेली से बछरांवा, तिलेंडा, असहन, हलोर, 13- रायबरेली से समोधा, इचौली

टैक्सी परमिट की कार पर निजी नंबर प्लेट

अमृत विचार, लखनऊ: चेकिंग अभियान में सोमवार को निजी नंबर की नंबर प्लेट लगी टैक्सी परमिट की कार पकड़ी गई। एआरटीओ अमित राजन राय ने बताया कि उप परिवहन आयुक्त की ओर गठित विशेष दल ओवरलोड और अनाधिकृत वाहनों की जांच कर रहा है। सोमवार को अंसल सिटी में चेकिंग के दौरान कार नंबर यूपी 32 एलएन 0904 को पकड़ी गई। पत्रावली देखी तो पता चला कि इस कार का छह वर्ष से रोड टैक्स नहीं जमा हुआ है। इस वाहन पर करीब डेढ़ लाख रुपये का रोड टैक्स बकाया है। कार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।

योजना | नदी को पुनर्जीवित करने के साथ 25 एकड़ क्षेत्र विकसित किया जाएगा

तीन महीने बाद करें कुकरैल रिवर फ्रंट की सैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले चरण में एलडीए करेगा औद्यानिकीकरण और सुंदरीकरण, शासन ने दी मंजूरी

अमृत विचार : अकबर नगर ध्वस्त होने के बाद कुकरैल रिवर फ्रंट बनाने का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी डीपीआर तैयार हो गया है। पहले चरण का औद्यानिक और सुंदरीकरण कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) करेगा। ये तीन माह में रिवर फ्रंट तैयार कर लोगों को सैर करने के लिए खोल देगा।

नदी का पुनर्जीवन और क्षेत्र में रिवरफ्रंट तीन चरणों में बनेगा। यह कार्य नगर विकास और सिंचाई विभाग को मिला है। पहले चरण में पौधरोपण, जंगल, लाइटिंग, पार्क, झूले, बेंच समेत अन्य औद्यानिकीकरण और सुंदरीकरण के कार्य होंगे। शासन ने विभागों से पहले चरण की डीपीआर मांगी।

तय किया गया कि एलडीए प्राकृतिक तरीके से एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए रिवर फ्रंट बनाएगा। उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया की यहां दिन में वृक्ष व पौधे तो रात में रंगबिरंगी लाइटें सुंदरता बढ़ाएंगी। पूरा परिसर दो लाख वृक्ष व पौधों से हराभरा होगा।

तकनीकी कंपनी ई-टेंडर पर करेंगी काम : एलडीए प्रथम चरण का पूरा कार्य तकनीकी कंपनी से ई-टेंडर के माध्यम से कराएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। हाल में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में रिवरफ्रंट को लेकर हुई बैठक में औद्यानिककरण, पेंटिंग, स्कल्प्चर आदि कार्य तकनीकी कंपनी से कराने का सुझाव दिया था। एक सप्ताह में मलबा उठने के बाद धरातल पर काम शुरू हो जाएंगे।

तीन छोटे जंगल बनाए जाएंगे

एलडीए 25 एकड़ परिसर में आने-जाने के लिए बंधे पर डेढ़ किमी सड़क, कच्चे-पक्के पाथ-वे व बड़ा पार्क बनाएगा। पार्क में कई प्रजाति के समूह बनाकर पौधे लगेंगे। इसके अलावा तीन छोटे जंगल, दीवारों पर पेंटिंग, मूर्ति कला व योग सेंटर बनेगा। इसके अलावा नदी से 50 मीटर की दूरी पर एक तरफ जामुन, केन व अर्जुन के विशेष तौर पर 8 से 14 फीट लंबे वृक्ष लगेंगे। इन्हें सींचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न ही बारिश से नदी के जलस्तर बढ़ने से पौधे नष्ट होंगे।

एक नजर

असलहा दिखाकर रील बनाता युवक।

असलहे के साथ रील बनाने का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : राजधानी में असलहा लेकर रील बनाने का शौक युवाओं पर सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसा ही एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर जांच पड़ताल की तो असलहा लेकर रील बना रहा युवक सरोजनीनगर इलाके का ही निकला। पुलिस ने उसकी पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सरोजनीनगर के गौरी बिहार कॉलोनी निवासी विकास भारती के रूप में हुई है। पुलिस ने छानबीन करने के बाद सोमवार को उसे इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

बिल वसूल करने के दिए निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने सोमवार को कठवारा उपकेंद्र का दौरा किया। उन्होंने बकायेदारों से बिल वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए है। शहर में सक्रिय मानसून को देखते हुए जरूरी कदम उठाने के लिए भी कहा। जर्जर खंभे, ढीले तार कसने के लिए निर्देशित किया है। कहा कि, उपभोक्ता को फॉल्ट होने की दशा में ज्यादा देर तक बिजली संकट का सामना न करने पड़े।

लोहिया संस्थान में मिलेंगी दंत चिकित्सा की सभी सेवाएं

निदेशक ने की ओपीजी, आईओपीएआर और डेंटल लैब की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अब दंत चिकित्सा की सभी सेवाएं मिलेंगी। सोमवार को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने दंत चिकित्सा विभाग में ऑर्थोपेंटोमोग्राफ(ओपीजी), इंट्राओरल पेरियापिकल रेडियोग्राफ (आईओपीएआर) और डेंटल लैब सेवाओं का उद्घाटन किया।

प्रो. शैली महाजन ने बताया कि एचआरएफ विभाग की मदद से इन सेवाओं को निविदा के माध्यम से शुरू करने में लगभग दो साल से कवायद की जा रही थी। अब विभाग हमारे संस्थान के रोगियों को सभी प्रकार की दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में आत्मनिर्भर है।

इसी अवसर पर बतौर अतिथि वक्ता मौजूद स्टेट मेडिको लीगल सेल के मेडिको कानूनी विशेषज्ञ डॉ. गयासुद्दीन खान ने चिकित्सा और दंत न्यायशास्त्र में हालिया अपडेट की जानकारी साझा की। साथ ही नॉन इनवेसिव वर्चुअल या ब्लडलेस ऑटोस्मस और पोस्टमार्टम में रेडियोलॉजी और दांतों के उपयोग के लाभ पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यवाहक डीन प्रो.विनीता मित्तल, सीएमएस और एचआरएफ के चेयरमैन प्रो एके सिंह, प्रो. एपी जैन, यूसी सिंह, डॉ. ज्योति जैन और डॉ. पद्मानिधि अग्रवाल मौजूद रहे।

सेवाओं की शुरुआत करते संस्थान निदेशक प्रो. सीएम सिंह। अमृत विचार

28 वेंटिलेटर के साथ बलरामपुर अस्पताल का आईसीयू बना प्रदेश का रोल मॉडल

अमृत विचार, लखनऊ : 28 वेंटीलेटर के साथ बलरामपुर अस्पताल का आईसीयू प्रदेश में रोल मॉडल बन गया है। प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल के आईसीयू में इतने वेंटिलेटर नहीं हैं।

केजीएमयू, लोहिया और पीजीआई में मरीजों अधिक होने से वेंटिलेटर फुल रहते हैं। सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर कम होने से मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ता है। निजी अस्पतालों में वेंटिलेटर का एक दिन का चार्ज 15 से 20 हजार रुपये तक है। जो आर्थिक रूप से कमजोर लोग इतना पैसा वहन नहीं कर पाते। जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। बलरामपुर अस्पताल में वेंटिलेटर सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है। सभी वेंटिलेटर पूरी क्षमता के साथ संचालित रहें, इसके लिए स्पेशलिस्ट और टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाफ की तैनाती की गई है। यहां गुर्दे फेल होने की स्थिति में वेंटिलेटर पर ही डायलिसिस करने की व्यवस्था है। सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि आईसीयू में स्पेशलिस्ट और टेक्नीशियन की देखरेख में 28 बेड पर वेंटिलेटर का संचालन हो रहा है। मृत्यु दर भी अन्य अस्पतालों की तुलना में काफी कम है।

सिविल अस्पताल में हुई कोहनी के ट्यूमर की सफल सर्जरी

- 65 वर्षीय मरीज की ट्यूमर के कारण नसें चिपक गई थीं, हाथ हिलाने में भी हो रही थी परेशानी
- करीब डेढ़ किलो का ट्यूमर जांच के लिए लैब भेजा गया

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के चिकित्सकों ने बुजुर्ग की कोहनी के ट्यूमर की सर्जरी करने में सफलता पाई है। ट्यूमर के कारण नसें चिपकने से हाथ हिलाने में भी परेशानी हो रही थी। करीब डेढ़ किलो का ट्यूमर जांच के लिए लैब भेजा गया है।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीतापुर निवासी अशोक दीक्षित (65) की कोहनी में आठ साल से ट्यूमर था। इससे हाथ ने काम करना बंद कर दिया था। कुछ माह से कोहनी में दर्द उठने लगा। बीते दिनों मरीज ने सिविल अस्पताल की ओपीडी में डॉ. आनंद मिश्रा को दिखाया। डॉक्टर ने जांचे करवाने के बाद ऑपरेशन का फैसला लिया। परिवारीजनों की सहमति से सोमवार को ऑपरेशन किया गया।

नसें चिपकने की वजह से चुनौतीपूर्ण था ऑपरेशन : डॉ. आनंद मिश्रा ने बताया ट्यूमर बढ़ने से नसें चिपक गई थी। ऐसे में ऑपरेशन करना चुनौती भरा था। कोई भी नस कटने पर मरीज की जान भी जोखिम में पड़ सकती थी। डॉक्टरों ने एक-एक नस को हटाकर ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया।

ऑपरेशन के पहले कोहनी। अमृत विचार

डॉक्टर का कहना है मरीज को दर्द से निजात मिल गई है। वह अब पहले की तरह सामान्य कामकाज भी कर सकेगा। ऑपरेशन टीम में डॉ. एसके सिंह, डॉ. सचिन, सुदेश, रितू समेत अन्य का सहयोग रहा।

बिना हेल्थ कार्ड के सुविधा लेने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू में मेडिकल छात्र,डॉक्टर और कर्मचारियों पर बिना हेल्थ कार्ड के मुफ्त में चिकित्सीय सुविधा लेने का आरोप लगा है। इससे ओपीडी में असुविधा हो रही है।

इस संबंध में संस्थान के सीएमएस डॉ. बीके ओझा ने चिंता जाहिर करते हुए सभी विभागाध्यक्ष, चिकित्सा अधीक्षक, उप चिकित्सा अधीक्षक को पत्र जारी कर नियमों का सख्ती से पालन कराए जाने को कहा है। केजीएमयू में 500 नियमित डॉक्टर हैं। इसके अलावा 1000 रेजिडेंट और 1250 से अधिक एमबीबीएस छात्र, चार हजार नियमित कर्मचारी हैं। यहां नियमित डॉक्टर, कर्मचारी और मेडिकल छात्र- छात्राओं को मुफ्त इलाज सुविधा है। इसके लिए सभी को हेल्थ कार्ड जारी किया गया है। इसे दिखाने पर मुफ्त पर्चा बनता है। जांचें भी मुफ्त होती हैं और दवाएं मिलती हैं। मगर ज्यादातर डॉक्टर, छात्र और कर्मचारी बिना हेल्थ कार्ड के सुविधाएं ले रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

नीदरलैंड की तकनीक से स्वच्छ सुंदर व प्रदूषण मुक्त बनेगा शहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नीदरलैंड की तकनीक के इस्तेमाल से शहर की सूरत बदली जाएगी। जमीन के अंदर डस्टबिन लगाये जाएंगे जिससे कूड़ा खुले में नजर नहीं आएगा। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करके बेकार कूड़े से बिजली बनाई जाएगी।

भारत सरकार के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्रालय, निदेशक स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश, हैदराबाद, महाराष्ट्र, चंडीगढ़ और लखनऊ नगर निगम की टीम ने 16 से 23 जून तक नीदरलैंड के हेग, रॉतेरडैम और एमस्टर्डम शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट तकनीक की जानकारी हासिल की। टीम ने कूड़ा निस्तारण, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और पॉलीथीन का रिसाइकल प्लांट देखा। इस तकनीक से लखनऊ सहित प्रदेश के कई शहरों को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकेगा।

धूल का नामोनिशान तक नहीं : मुख्य अभियंता ने बताया कि नीदरलैंड में धूल का नामोनिशान नहीं है। इसलिए एयर क्वालिटी इंडेक्स यहां पांच के आस-पास रहता है। बिल्डिंग निर्माण साइट पूरी तरह कवर की जाती है। मैनहोल, सीवर, नाली सब अंडरग्राउंड हैं। घरों के रैम्प सड़क पर नहीं निकले हैं।

नीदरलैंड में प्लास्टिक रिसाइकिल प्लांट देखती टीम। अमृत विचार

- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम के तहत 10 सदस्यीय टीम ने नीदरलैंड का किया दौरा
- जमीन के अंदर लगेंगे डस्टबिन नहीं दिखेगा खुले में कूड़ा

पॉलीथीन को रिसाइकिल करके बनाए जाते हैं खिलौने

नीदरलैंड में यूज्ड पॉलीथीन समस्या नहीं है। एमस्टर्डम शहर में पॉलीथीन का रिसाइकल प्लांट लगा है। मुख्य अभियंता ने बताया कि प्लांट में पॉलीथीन व प्लास्टिक का रिसाइकिल करके खिलौने तैयार किये जाते हैं। जो वेस्ट बच जाता है उससे बिजली बनाई जाती है।

लखनऊ में सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग लेने और बेकार कूड़े का निस्तारण करने पर ध्यान दिया जाएगा। इधर-उधर कूड़ा न फेंकने की आदत में सभी को बदलाव करने की जरूरत है। दूसरे को दोषी ठहराने से बेहतर लोगों को जागरूक किया जाए। कूड़े के कारोबार से जुड़े असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने पर ध्यान दिया जाए।

-महेश वर्मा, मुख्य अभियंता, लखनऊ नगर निगम

सड़क पर नहीं दिखता कूड़ा, वजन के हिसाब से शुल्क

नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि नीदरलैंड के शहरों में सड़क पर कूड़ा नहीं दिखता है। कूड़ा कलेक्शन के लिए डस्टबिन जमीन के अंदर लगाये गए हैं। सुबह होते ही मशीनें डस्टबिन उठाकर कूड़ा ले लेती हैं। कूड़ा लेने का चार्ज वजन के हिसाब से लिया जाता है। बड़े ड्राई वेस्ट जैसे सोफा, बेड आदि लेने के लिए सेंटर बने हैं, जहां वेस्ट खुद ले जाता पड़ता है।

विरोध के बीच फरीदीपुर में हटाई डेयरी

महिलाओं ने पशुओं से लदीं गाड़ियों को किया रोकने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने सोमवार को दुबग्गा रोड पर फरीदीपुर में भारी विरोध के बीच अवैध डेयरी हटाई। भोला नर्सरी के सामने से 11 भैंस, दो पड़िया और एक गाय पकड़कर आलमनगर स्थित कांजी हाउस में बंद कराए।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान महिलाओं ने टीम का घेराव करने के साथ पशुओं से लदी गाड़ियों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने लोगों को समझाकर शांत कराया। उन्होंने बताया कि

अवैध डेरी संचालकों द्वारा पशुओं को मुख्य मार्ग तथा खाली प्लॉट पर बांधकर अतिक्रमण किया गया था। गोबर सड़क पर बहाया जा रहा था, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था। स्थानीय लोगों ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी। चेतावनी तथा नोटिस देने के बाद भी संचालकों ने डेरी नहीं हटाई थी। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नगर निगम आवासीय क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय की अनुमति नहीं है। नगर निगम लखनऊ अधिकतम दो गाय लाइसेंस के साथ पालने की अनुमति देता है।

दुबग्गा के फरीदीपुर में डेयरी से पशु पकड़ती नगर निगम की कैटल कैचिंग टीम।

- 11 भैंस, दो पड़िया और एक गाय पकड़ी

संविदा नर्स पर कार्रवाई के बाद मामले में लीपापोती

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया संस्थान में डायलिसिस के दौरान मरीज का खून बहने के मामले में संस्थान प्रशासन ने संविदा नर्स की सेवा समाप्त कर मामले को रफा-दफा करने की तैयारी कर दी है। यूनिट के अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होने से तीमारदारों में नाराजगी है।

बस्ती के खरहटिया निवासी चन्द्रशेखर पाठक को किडनी की बीमारी है। डॉक्टरों की सलाह पर 18 जून को डायलिसिस के लिए लोहिया संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग लाया गया। यहां डायलिसिस की प्रक्रिया शुरू की। आरोप हैं कि टेक्नीशियन व कर्मचारी की लापरवाही की वजह से शरीर में जा रहा खून नली से बाहर निकलने लगा। खून बिस्तर गिरने से बेड की चादर और मरीज का कुर्ता-बनियान खून से लथपथ हो गया था। मरीज की हालत गंभीर हो गई थी। परिवारीजनों की शिकायत के बाद संस्थान प्रशासन जांच कमेटी गठित की थी।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 121/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन निम्नवत् किया जायेगा:-

01083/01084 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सीतापुर जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी)

गाड़ी सं. 01083 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 25.06.2024, 28.06.2024 एवं 29.06.2024 = 03 फेरे

गाड़ी सं. 01084 सीतापुर जं. से 26.06.2024, 27.06.2024, 30.06.2024 एवं 01.07.2024 = 04 फेरे

01083 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ↓		स्टेशन ↑	01084 सीतापुर जं.	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
–	22:35	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस	--	00:35
22:47	22:50	दादर	00:15	00:18
23:42	23:45	कल्याण	23:37	23:40
03:12	03:15	नासिक रोड	21:10	21:13
04:15	04:18	मनमाड	20:07	20:10
06:22	06:25	जलगांव	17:27	17:30
06:55	07:00	भुसावल	17:00	17:10
08:57	09:00	खंडवा	15:05	15:08
13:10	13:15	इटारसी	12:35	12:45
16:00	16:05	भोपाल	10:45	10:50
19:18	19:20	बीना	04:35	04:40
22:00	22:10	वीरागंना लक्ष्मीबाई झांसी	02:10	02:20
23:28	23:30	उरई	23:50	23:52
02:10	02:20	कानपुर सेंट्रल	21:55	22:05
04:50	05:00	ऐशबाग	18:00	18:10
05:40	05:42	मोहिबुल्लापुर	17:00	17:02
06:28	06:30	सिधौली	15:58	16:00
08:30	–	सीतापुर जं.	15:00	---

संरचना: वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-2, शयनयान-7, सामान्य द्वितीय श्रेणी-7,एसएलआरडी-2 कुल= 18 मुजाधि/टी-27

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. – 09794845955 पर SMS करें

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

डीआरएम ने वाराणसी स्टेशन पर कर्मचारियों को संरक्षा के प्रति किया सतर्क

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा सोमवार को मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ वाराणसी जं. स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के परिक्षेत्र में आने वाले वाराणसी जं (कैंट.) स्टेशन सहित अन्य स्थलों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे के पं दीन दयाल उपाध्याय एवं पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के मंडलीय कार्यालय में पहुंचे। वहां के डीआरएम अधिकारियों के साथ आयोजित मीटिंग में शामिल हुए। डीआरएम ने वाराणसी जं. स्टेशन पर स्थित लोको पॉयलेट एवं ट्रेन मैनेजर लाबी में रनिंग कर्मचारियों से संवाद किया एवं सभी को संरक्षा के प्रति सचेत किया।

बदलाव | गढ़ी चुनौटी में बदहाल तालाब का अफसरों ने किया निरीक्षण

मनरेगा के दायरे से बाहर चांदेबाबा का तालाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनी नगर के ग्राम गढ़ी चुनौटी में बदहाल चांदेबाबा के तालाब को झील का रूप मनरेगा नहीं लौटा पाएगा। एनजीटी के निर्देश पर मनरेगा और लघु सिंचाई विभाग ने निरीक्षण किया तो 35 एकड़ में फैला तालाब मानकों के बाहर निकला। विभाग अन्य विभाग से कार्य कराने के लिए जिलाधिकारी को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) देगा।

ग्राम चुनौटी में चांदेबाबा का तालाब 35 एकड़ में फैला है। जो पूर्व में झील थी। राजस्व अभिलेखों में भी झील दर्ज है। जो हमेशा पानी से भरी रहती थी और बाहरी पक्षी प्रवास करते थे। वर्तमान में पानी नहीं है और कब्जा है। इस वजह ये झील का नाम भी मिट गया है। इसे एनजीटी ने खुदवा कर झील के रूप में विकसित करने के निर्देश हैं। इस क्रम में सोमवार को उपायुक्त रोजगार श्रम सुशील कुमार सिंह ने सहायक अभियंता लघु सिंचाई राहुल के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। लेकिन, क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण मनरेगा से काम न होना बताया। क्योंकि मनरेगा से एक एकड़ तक तालाब या झील का जीर्णोद्धार कराया जा सकता है। ऐसे में यह कार्य वन विभाग या फिर अन्य विभाग कर सकते हैं। संबंधित विभाग पूरे क्षेत्रफल का डीपीआर तैयार कर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएगा।

जागरूकता से लगाएंगे गांवों में पौधे, खोदे गड्ढे

अमृत विचार, लखनऊ : पौधरोपण अभियान के तहत गांव-गांव जागरूकता लाकर पौधे लगाए जाएंगे। ग्राम्य विकास विभाग इसके लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष अभियान चलाएगा और ग्रामीणों को प्रेरित करेगा। विभाग ने लक्ष्य के सापेक्ष 70 फीसद गड्ढे खोद दिए हैं। जिले में ग्राम्य विकास विभाग को 12,390 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। जो गांव-गांव ग्रामीणों की सहभागिता से पूरा करेगा। विभाग का दावा है कि मनरेगा श्रमिकों के माध्यम से 70 फीसद गड्ढे खोद दिए हैं। पौधरोपण अभियान की तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई। फिर भी इससे पहले ग्रामीणों को 1 से 7 जुलाई तक अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक करेगा। अभियान के तहत ग्रामीणों से उनकी पसंद पूछी जाएगी और पौधे बांटे जाएंगे। मनपसंद पौधों से वह देखभाल ठीक से करेंगे। उपायुक्त सुशील कुमार सिंह ने बताया कि माह अंत तक गड्ढे खोदने का कार्य पूरा कर लेंगे और ग्रामीणों की सहभागिता से लक्ष्य पूरा करेंगे।

- एनजीटी के निर्देश पर पूर्व की तरह झील का लौटाना है अस्तित्व

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, लालबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक- 441/ई0ई0-1/एल0जे0एस0 दिनांक 24/06/2024

अल्प कालीन निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 01/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 01/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reboring of submersible pump near Nala at Corpporator Sri Mukesh Singh (Monty)'s House, Maulveeganj Ward, Lko.	3300.00	Rs. 200	07 दिवस
2	Reboring of submersible pump near Maszid at Bhanmati Chauraha, Nazarbagh-Yadunath Sanyal Ward, Lko.	3300.00	Rs. 200	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

I, Harshit Pathak, have lost my original marksheet of third and fourth semester of B.Tech year 2022.(Roll number-A7104120014) issued from Amity university, Lucknow. If found please contact: 6201189030.

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी- 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

सूचना

मैं **मजहर बेग** (MAJHAR BEG), **निवासी :- मुतक्कीपुर, अल्लूनगर, डिगुरिया, लखनऊ - उत्तर प्रदेश** -226020 का नाम पासपोर्ट पर (MAJAHAR BEG) व जन्मतिथि 10-12-1988 लिखी हुई हैं, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में नाम (MAJHAR BEG) व जन्मतिथि 12-12-1991 हैं, भविष्य में मेरा नाम (MAJHAR BEG) व जन्मतिथि 12-12-1991 ही रहेगी।

सूचना

मैंने अपना नाम Balvender Singh से बदलकर Balvinder Singh s/o Gurcharan Singh कर लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना जाए। **निवासी भूपनगर जिला लखीमपुर खीरी यू० पी०**

सूचना

मैने अपने पुत्र रियासत पुत्रवधु मुस्कान के कुकृत्यों गलत आचरण से परेशान होकर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किए गए लेन-देन व कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **नफीसा बानो पत्नी सौकत अली निवासी फेमश मैदान मो0 नौरंगाबाद लखीमपुर खीरी**

सूचना

विदित हो कि मेरे पुत्र की LIC पॉलिसी संख्या 226654180 आदर्श सिंह के नाम से है जिसके स्थान पर रेयांश सिंह कर दिया जाए। भविष्य में उसे रेयांश सिंह के नाम से जाना पहचाना और लिखा पढ़ा जाए इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है। **दीपक सिंह पता एल-7/48 विनीत खण्ड गोमती नगर लखनऊ।**

सूचना

सूचित करना है कि एसबीआई में मेरा जयदेवी पत्नी बलराम के नाम से खाता संख्या 31863150919 है। जबकि मेरे आधार नंबर 678922676130 में मेरा नाम बिट्टू पत्नी बलराम अंकित है। बिट्टू व जयदेवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **बिट्टू उर्फ जय देवी पत्नी बलराम निवासिनी ग्राम-192 ए स्कूल ब्लाक पांडव नगर लक्ष्मीनगर पूर्वी दिल्ली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मैं रामकुमार पुत्र बैजनाथ निवासी मधुपुरी थाना भदोखर का रहने वाला हूं। मेरा बड़ा बेटा सुधीर कुमार अक्सर शराब पीकर अभद्रता करते हुए मारता पीटता और सामाजिक रूप से अपमानित करता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े बेटे सुधीर कुमार के किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राहुल अवस्थी पुत्र विनोद अवस्थी दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में पिता का नाम विनोद कुमार अवस्थी दर्ज है जो सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। **राहुल अवस्थी पुत्र विनोद कुमार अवस्थी निवासी-बेलामऊ कलां तहसील व जिला-सीतापुर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा स्नातकोत्तर (PG) की प्रथम, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ सेमेस्टर का अंकपत्र, स्नातकोत्तर डिग्री तथा स्वर्ण पदक प्रमाण पत्र, जिन सभी का अनुक्रमांक 192303 वर्ष 2021 है। जिसकी मूल प्रति घर बदलते समय साउथ सिटी लखनऊ में कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **पूजा पुत्री हंसराज, निवासी पूरे रिखपाल सिंह, डेहरियावाँ, अमेठी, तहसील- सदर, उत्तर प्रदेश- 227806**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री अर्चना रावत को उसके द्वारा आये दिन किये गये गैर कानूनी कार्य व अपनी मर्जी से शादी करने के कारण उससे अपने सभी संबंध समाप्त करते हुए उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री अर्चना रावत के साथ किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है या गैर कानूनी कार्य किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी उसके पति राजा रावत ससुर सुरेश रावत व सास गीता रावत समस्त निवासीगण वार्ड नं0- 35 गडरियन पुरवा, थाना जानकीपुरम लखनऊ होंगे। इसमें मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **प्रकाश उर्फ ओम प्रकाश रावत पुत्र स्व0 कन्हाई निवासी- ग्राम चौधरीपुरवा, मडियांव, थाना- जानकीपुरम जिला- लखनऊ।**

सूचना

दिनांक 22.6.2024 को मैं अपने उपरोक्त आवास दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या एस.एस.-306 क्षेत्रफल 448.6 वर्ग मीटर स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ के दस्तावेज को लेकर फोटोकॉपी कराने हैदरगंज चौराहे के पास जा रहा था कि रास्ते में कहीं मेरे उपरोक्त भवन का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था, कहीं खो गया है जो काफी ढूंढने के बावजूद भी प्राप्त नहीं हो सका है। जिसकी सूचना उ0प्र0 पुलिस के पोर्टल पर क्र0 20240000533499 दिनांक 23.06.2024 को दर्ज कराई जा चुकी है।

ओंकार नाथ उपाध्याय पुत्र स्व0 पुत्तुलाल निवासी-एस.एस.-306, स्थित मोती झील योजना, वार्ड मालवीय नगर, लखनऊ

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

कल से होगी नेशनल पीजी कॉलेज की प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊः नेशनल पीजी कॉलेज 26, 27 व 28 जून को प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ने बताया है कि इन तीन तिथियों में प्रवेश परीक्षा के आयोजन होंगे। प्रवेश संबंधी सभी कार्य पूरी किये जा चुके हैं। बताया कि नए सत्र के आरंभ को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा किये गए आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से इस बार किये गए थे।

पावरलिफ्टिंग में आराध्या ने जीता स्वर्ण पदक

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ की आराध्या शुक्ला ने हापुड़ में हुई राज्य इक्युप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। चौक स्टेडियम में शत्रुघ्न लाल की देखरेख में अभ्यास करने वाली आराध्या ने यह स्वर्ण जूनियर वर्ग के 84 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग में जीता। उन्होंने कुल 205 किलोग्राम भार उठाया। इसमें उन्होंने 100 किलोग्राम की डेडलिफ्ट की। वहीं 75 किलोग्राम स्क्वाड में और 35 किलोग्राम बेंच प्रेस में उठाया।

सरयू वॉरियर्स ने जीती अवध प्रीमियर लीग

अमृत विचार, लखनऊः अवध प्रीमियर लीग-2 के फाइनल में सरयू वॉरियर्स ने सेलेब्रिटी ग्रींस को 104 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम करली। सरयू वॉरियर्स के 214 रन के जवाब में सेलेब्रिटी ग्रींस की टीम मात्र 100 रन बना सकी। विजेता टीम से मैन ऑफ द मैच अभिषेक सिंह ने 54 रन बनाने के अलावा दो विकेट लिये। सरयू वॉरियर्स के कप्तान संजय सिंह को सरयू एन्क्लेव (आरडब्ल्यूए) की अध्यक्ष मीना सिंह ने ट्राफी प्रदान की।

शराफत और अरुण का रेफरी कोर्स के लिए चयन

शराफत अली

अरुण नारायण

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ के शराफत अली और अरुण नारायण का चयन दिल्ली में होने वाले नेशनल रेफरी कोर्स के लिए हुआ है। यह कोर्स 25 से 27 जून को आयोजित होगा। इस के लिए देश भर से 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कबड्डी के नियमों की जानकारी दी जाएगी।

शिक्षकों का ग्रीष्मावकाश खत्म, 28 से आएंगे बच्चे

तीन दिन में विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएंगे शिक्षक, 28 से शुरू होगा समर कैंप, 1 जुलाई से पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः ग्रीष्मावकाश के बाद बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी, जूनियर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और एडेड विद्यालय 25 जून से खुल जाएंगे लेकिन बच्चे 28 जून से आएंगे।

इन दिनों में शिक्षकों को विद्यालय में सारी तैयारियां करनी होंगी ताकि जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनको पढ़ाई का अच्छा माहौल मिल सके। वे स्कूलों की सफाई, शिक्षा सामग्री, मिड डे मील का राशन सहित सभी तैयारियां पूरी करेंगे। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी के इंतजाम : शिक्षा महानिदेशक ने सभी सरकारी स्कूलों में सिम के वितरण के आदेश दिए हैं ताकि इसी सत्र से टैबलेट पर विद्यालय से जुड़े सभी कार्य किए जा सकें। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति भी आनलाइन दर्ज हो सके।

परिषदीय स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

28 से 30 जून तक होगा समर कैंप का आयोजन

विद्यालय में 28 से 30 जून तक समर कैंप का आयोजन करना होगा। इस दौरान बच्चे प्रातः 7:30 बजे से 10:30 बजे तक विद्यालय में रहेंगे। शिक्षक डेढ़ बजे तक रुकेंगे। उन्हें समरकैंप की तस्वीरें भी साझा करनी होंगी।

बच्चे 8 बजे, शिक्षक 7:30 बजे आएंगे स्कूल

1 जुलाई से विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस दौरान बच्चे प्रातः 8 बजे से विद्यालय पहुंचेंगे जबकि शिक्षकों को इससे 30 मिनट पहले पहुंचने के लिए निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय का संचालन दोपहर दो बजे तक होगा।

15 जुलाई तक चलेगा स्कूल चलो अभियान

स्कूल चलो अभियान एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। इस बार इस अभियान में स्वयं सहायता समूह और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। इसमें नामांकन संख्या बढ़ाने पर जोर रहेगा।

सभी स्कूलों को बच्चों का नामांकन सहित पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। साथ ही डीबीटी के माध्यम मिलने वाले बजट से कोई बच्चा वंचित न रह जाए, इसका विशेष ध्यान रखना होगा।
-प्रताप सिंह बघेल, बेसिक शिक्षा निदेशक

पुनर्वास विवि में भी होगी वीएलएसआई डिजाइन और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बाद पुनर्वास विवि भी नए सत्र में वीएलएसआई डिजाइन और प्रौद्योगिकी कोर्स शुरू करने जा रहा है। बीटेक और एमटेक से जुड़ा पाठ्यक्रम अकादमिक और उद्योग के बीच सेतु निर्माण का कार्य करेगा। इससे छात्रों को रोजगार परक अवसर भी मिलेंगे।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि पाठ्यक्रम च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की गाइडलाइन के तहत तैयार किया गया हैं। इसको लेकर सीटों का निर्धारण किया जा रहा है। जल्द ही विवि इंडियन सोसाइटी फॉर वीएलएसआई एजूकेशन एवं बिट्स पिलानी के सहयोग से सेमीकंडक्टर डिजाइन को लेकर प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से शुरू करेगा। इसी के साथ विद्यार्थियों के लिए नवाचारी तकनीकी के प्रयोग की योजना भी है। कोर्स फोल्डर तैयार कराया जा रहा है। वीनतम पाठ्यक्रम सिस्टम-ऑन-चिप (एसओसी) डिजाइन, डिजिटल और एनालॉग सर्किट डिजाइन, एएसआईसी डिजाइन जैसे विषयों पर आधारित होगा।

इंटर्नशिप का भी प्रावधान

अनुभवी छात्रों के लिए उद्योग समर्थित परियोजनाओं में इंटर्नशिप करने का प्रावधान है। इतना ही नहीं, संकाय सदस्यों के साथ वित्त पोषित परियोजनाओं में प्रयोगशाला सहायक का अवसर भी दिया जाता है।

शोध पत्रिका भी निकलेगी

विवि प्रवक्ता ने बताया कि विभाग में विभागीय स्तर पर एक शोध पत्रिका प्रकाशित किए जाने की योजना है। इसके अलावा विज्ञान सम्मेलन, संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित किए जाने की भी योजना है।

युगांडा में दम नहीं दिखाएंगे पुनर्वास विवि के 3 खिलाड़ी

नहीं मिल पाई आर्थिक मदद, टूर्नामेंट से वापस लिया नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने युगांडा में होने वाली पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसा उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से आर्थिक मदद नहीं मिल पाने के कारण किया है।

पुनर्वास विवि के दिव्यांग खिलाड़ी कुमारी सर्वेश, हामिद सलमानी और सिराजुद्दीन अहमद का युगांडा में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में चयन हुआ था। तीनों खिलाड़ियों ने विवि प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई। कुछ समय तक विवि प्रशासन आश्वासन देता रहा लेकिन अंतिम समय में हाथ खड़े कर दिये। मजबूरी में तीनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि एक वर्ष से खेल संबंधी नियमावली तैयार की जा रही है। संबंधित समिति को प्रभावी बनाने के लिए शासन स्तर के दो खेल प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना है, जो पूरा नहीं हो सका। समिति में अभी पाण्डेय राजीव नयन, संजय सिंह, डॉ. सौम्या शंकर और अबू हुबैदा ही बतौर सदस्य शामिल हैं। समिति प्रभावी होने के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।

इस तरह से मिलती है आर्थिक मदद : वित्तीय सहयोग के लिए समिति पहले उद्देश्य परक प्रस्ताव विश्वविद्यालय के अधिकारिक कार्य परिषद में पेश करती है। वहां से मंजूरी मिलने पर आर्थिक सहयोग किया दिया जाता है।

कुमारी सर्वेश

हामिद सलमानी

सिराजुद्दीन अहमद

हिम्मत नहीं हारेंगे, अगले साल फिर करेंगे प्रयास

आधा दर्जन से अधिक पदक हासिल करने वाली कुमारी सर्वेश कहती हैं कि पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिला था लेकिन धनराशि इकट्ठा नहीं हो पाया। कहीं से आर्थिक मदद भी नहीं मिली। मजबूरन एंट्री वापस लेनी पड़ी। फिर प्रयास किया जाएगा। हामिद सलमानी का कहना है कि यदि विवि आर्थिक मदद कर देता तो मेडल लेकर ही हम लोग वापस लौटते। वहीं सिराजुद्दीन ने बताया कि अगले साल फिर प्रयास किए जाएंगे।

हाईस्कूल और इंटर के टॉपरों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक-दो दिन में सम्मान समारोह की तारीख तय होने के आसार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्ष 2023-24 के हाईस्कूल और इंटर के टॉपरों को सम्मानित करेंगे। सीएम दफ्तर से समारोह की तिथि तय होने का इंतजार किया जा रहा है।

इस सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईसीएससीई बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा। कहा ये भी जा रहा है कि अगले दो दिन में तारीख निर्धारित की जा सकती है।

लविवि : आवेदनों की स्क्रीनिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि अपने अंतिम चरणों में है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों के प्रवेश फार्म में सम्मिलित किए गए प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग सहित अन्य कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। विवि के प्रवक्ता का कहना है कि अभ्यर्थी 30 जून तक प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आगे की प्रक्रियाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

लखनऊ विवि ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 29 मार्च और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 7 अप्रैल से आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद फार्म भरने की तिथि को विस्तार देते हुए अभ्यर्थियों को 30 जून तक आवेदन फार्म भरने का मौका दिया गया।

आवेदन की अंतिम तिथि करीब आने से पूर्व ही विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों द्वारा किये गए आवेदन में सम्मिलित प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग आरंभ कर दी है। बताते हैं कि ऐसा इसलिए, क्योंकि सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व निर्धारित हो सकें।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि यूजी स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में 4250 सीट और पीजी कोर्सों में 5062 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसको लेकर अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किये जा रहे हैं। अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। ऐसे में अन्य प्रक्रियाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

प्रवेश परीक्षा के लिए भी तैयारी तेज

आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होते ही लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति प्रवेश परीक्षा कराएगी। इसको लेकर विवि प्रशासन ने पूर्व से ही तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

आईएएस सुहास एलवाई को रजत

अमृत विचार, लखनऊः खेल सचिव और आईएएस सुहास एलवाई ने ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में हुए फोर नेशनल इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। एसएस-4 एकल के खिताबी मुकाबले में उन्हें फ्रांस के लुकास मजूर के हाथों 7-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले सुहास ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के न क्यून ह्वान को 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी को 21-15, 21-10 से पराजित किया। प्रतियोगिता में भारतीय पैरा शटलरों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 14 पदक हासिल किए।

उत्तर प्रदेश को तीनों मैचों में हराकर केरल ने जीती सीरीज

दृष्टिबाधित क्रिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः दृष्टिबाधित क्रिकेट की तीन मैचों की सीरीज में केरल के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। उसने उत्तर प्रदेश को तीनों मुकाबलों में हरा दिया।

रविवार को केरल ने पहले मैच में उत्तर प्रदेश को हराया था। सोमवार को हुए शेष दोनों मैचों में केरल ने जीत दर्ज की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को सीरीज के दूसरे मैच में केरल ने उत्तर प्रदेश को 71 रनों से हराया। केरल ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवरों में पांच विकेट पर 227 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। मैन ऑफ द मैच रहे केरल के मुनास ने 32 रन बनाए और तीन विकेट लिए। जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 20 ओवरों में छह विकेट पर 156 रन ही जोड़ सकी।

सीरीज के तीसरे एवं आखिरी मैच में केरल ने उत्तर प्रदेश को 56 रनों से शिकस्त दी। केरल ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवरों में छह विकेट पर 218 रन बनाए। जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 20 ओवरों में पांच विकेट पर 162 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच रहे केरल के मनीष ने 66 रन बनाए। केरल के मुनास बी-3 एवं बी-3 कैटेगरी में मैन ऑफ द सीरीज घोषित हुए। उन्होंने तीनों मैचों में 80 रन बनाए और छह विकेट लिए। वहीं उत्तर प्रदेश कप्तान शौकत अली बी-1 कैटेगरी में मैन ऑफ द सीरीज बने।

दृष्टिबाधित क्रिकेट की तीन मैचों की सीरीज जीतने वाली केरल की टीम। अमृत विचार

वात्सल्य ने दिलाई ब्लेज विलो को जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच वात्सल्य के खेल की बदौलत ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को 5 विकेट से हरा दिया।

वात्सल्य

सूर्या ग्राउंड पर कल्पना फाउंडेशन ने 29.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाए। आकाश गुप्ता ने 35 और द्रव्य कुमार ने 20 रन बनाए। ब्लेज विलो की ओर से वात्सल्य और राजवीर सिंह ने 3-3 विकेट चटकाए। मोहित यादव और कृष्णा त्रिपाठी ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में ब्लेज विलो ने 22 ओवर में 5 विकेट खोकर 130 रन बना लिये।। राजवीर सिंह ने 31, आर्यमंश ने 23, वात्सल्य ने 15 और मोहित यादव ने 18 रन बनाए। कल्पना फाउंडेशन की ओर से आकाश ने दो विकेट लिये।

22वीं यूथ राज्य बास्केटबाल चैंपियनशिप की उपविजेता लखनऊ की बालिका टीम। अमृत विचार

यूथ राज्य बास्केटबाल : लखनऊ की बेटियां बनीं उपविजेता

अमृत विचार, लखनऊः बरेली में आयोजित 22वीं यूथ राज्य बास्केटबाल चैंपियनशिप में लखनऊ की बालिका टीम उपविजेता बनी। गोरखपुर ने 48-30 से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ के लिए मिस्बाह आब्दी ने 10 अंक जोड़े। वहीं सुब्रता ने आठ, नव्या सिंह ने छह अंक बनाए। गोरखपुर के लिए आस्था गौर ने 22 अंक बनाए।

लखनऊ की टीम में काजल, मिस्बाह आब्दी, सुब्रता सिंह, रेशमा यादव, स्वस्तिका सिंह, अन्वेषा गुप्ता, निवासिनी सिंह, अन्विता, जाह्नवी सिंह, अनुष्का पाण्डा, नव्या सिंह एवं नव्या मिश्रा। कोच- पुलकित सचदेवा एवं मैनेजर आन्या शामिल थीं।

सचिन, अंशुमान के खेल से सेंचुरी स्पोर्ट्स फाइनल में

अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट

सचिन

अंशुमान

▸▸ प्रयागराज के द फिफ्थ पिलर क्लब से कल होगी सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी की खिताबी भिड़ंत

अमृत विचार, लखनऊ : सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच सचिन ने 3 विकेट झटकने के साथ उपयोगी 14 रन भी बनाए। उनका साथ देते हुए अंशुमान मिश्रा ने एक ओवर में मात्र एक रन देकर 3 विकेट चटकाए।

सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 24 ओवर में 107 रन ही बना सकी। रुद्रांश वार्ष्णेय ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। सम्राट तिवारी ने 27, प्रबलजीत यादव ने 16 रनों का योगदान किया। सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी से सचिन ने 6 ओवर में एक मेडन के साथ 23 रन देकर 3 विकेट और अंशुमान मिश्रा ने एक ओवर में मात्र एक रन देकर 3 विकेट लिए। श्रेयांश सरोज को 2 , पुष्कर सिंह व अमृत्य कृष्ण रंजन को 1-1 विकेट मिला।

जवाब में सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी ने 22.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाकर जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फैजान खान (10) व अमृत्य कृष्ण रंजन (2) की सलामी जोड़ी 16 रन के स्कोर पर आउट हो गयी। फिर आशुतोष ने 33 गेंदों पर 5 चौके की मदद से 38 रन बनाकर टीम को संभाला। उनका साथ देते हुए राज जायसवाल ने 19, सचिन ने 14 रन का योगदान किया। अर्जुन क्रिकेट अकादमी ब्लू से अभिनव मौर्या को 3 विकेट की सफलता मिली। अमन यादव, सम्राट तिवारी व रुद्रांश वार्ष्णेय को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी के सचिन मैन ऑफ द मैच बने। इसी के साथ अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रयागराज में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में द फिफ्थ पिलर क्लब ने राम बाबू पाल क्लब को 10 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब लखनऊ की सेंचुरी स्पोर्ट्स सोसायटी व प्रयागराज के द फिफ्थ पिलर क्लब के बीच फाइनल मुकाबला 26 जून को लखनऊ के बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा।

अर्चित का शतक, मधुकर अकादमी जीती

अमृत विचार , लखनऊः अर्चित सिंह की आतिशी पारी (59 गेंदों पर 142 रन) की बदौलत मधुकर क्रिकेट अकादमी ने 13वीं मुन्नू दादा चने वाले मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में आशीष इलेवन को 28 रन से पराजित कर दिया।

कुड़ियाघाट मैदान पर मधुकर इलेवन ने 25 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाये। अर्चित सिंह ने 59 गेंदों पर 17 छक्के और 9 चौकों की मदद से 142 रन बनाये। अतुल चौरसिया ने 44 रन जुटाए। कैफ खान को तीन विकेट लिए। जवाब में आशीष इलेवन की टीम 25 ओवर में पांच विकेट पर 241 रन बना सकी। अरबाज ने 56 गेंदों पर 15 छक्के और तीन चौकों की मदद से 117 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली। विदित, अविरल और अर्नव सिंह को एक-एक विकेट मिला।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : किसान पथ पर रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बबलू कुमार (40) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया। पुलिस ने बताया कि बबलू बाराबंकी का रहने वाला था। लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करता था। रविवार रात साथी शुभम के साथ बाइक से लखनऊ आया था। बीबीडी इलाके किसान पथ पर अज्ञात वाहन का शिकार हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी मंजू और तीन बच्चे हैं।

फंदे से लटका मिला ई-रिक्शा चालक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : बालागंज में रविवार रात को उत्तम मिश्रा (40) का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पत्नी शिल्पी और एक बेटी के साथ रहकर ई-रिक्शा चलाता था। रविवार रात फंदा लगा लिया। परिवारीजन ने फंदे से उतर आनन-फानन उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या का कारण पता लगाया जा रहा है।

युवक ने लगाया फंदा

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज के मल्लाही टोला में सोमवार को पुनीत उर्फ दीपक (18) फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि पुनीत सीतापुर के रामपुर का रहने वाला था। रविवार को ही जीजा के पास रहने के लिए आया था। मृतक अविवाहित था।

पूर्व ब्लाक प्रमुख के मकान से स्कूटी व तार चोरी

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र में चोरों एक मकान को निशाना बनाते हुए एक स्कूटी सहित बिजली के तार चोरी कर फरार हो गए। वारदात की घटना में तीन लड़कों की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। रहीमाबाद निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख मलिहाबाद मोहम्मद सलीम ने दुबग्गा थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरा मकान दुबग्गा अवध इनक्लेव गेट नंबर दो के पास स्थित है। उसी में वायरिंग सहित अन्य कार्य चल रहा था। बीती रविवार रात को तीन लोग मकान में घुसकर बिजली के वायरिंग तार तथा एक एक्टिवा उठा ले गए। पीड़ित मोहम्मद सलीम ने दुबग्गा थाने पर तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है।

फंदे से लटका मिला युवती का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर विनयखंड में रविवार रात को शोभना पांडेय (24) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि नौकरी छूटने से परेशान थी। इसी कारण फंदा लगा लिया।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि शोभना बनारस नगवा लंका के शिवपुरी कालोनी की रहने वाली थी। यहां पर विनयखंड में शिवपूजन सिंह के मकान में किराए पर रहकर नौकरी करती थी।

शिवपूजन ने बताया है कि शोभना रात 10 बजे कमरा बंद कर सोने चली गई थी। सोमवार सुबह देखा कि कमरे की लाइट जल रही है तो खिड़की से झांक देखा तो फंदे से लटक रही थी। उन्होने बताया कि शोभना फीनिक्स प्लासियो मॉल में नौकरी करती थी।दो महीने पहले नौकरी छूट जाने के कारण तनाव में थी। दो दिन पहले मिठाई वाले चौराहे पर किसी ब्यूटी सैलून में नौकरी पर जा रही थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका की शादी नहीं हुई थी।

महिला और छात्रा से छेड़छाड़, तेजाब फेंकने की धमकी

चिनहट और पीजीआई इलाके में हुई वारदात, एफआईआर दर्ज कर पुलिस आरोपियों की कर रही तलाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट के मटियारी में रहने वाली महिला ने कैब बुक की। बुकिंग के साथ ही मोबाइल नंबर कैब चालक के पास पहुंच गया। इसके बाद से वह लगातार कॉल कर परेशान करता है। विरोध किया तो घर तक पहुंचा, उसका पीछा करने लगा। रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। पुलिस से शिकायत की तो चेहरे तेजाब फेकने की धमकी देने लगा। रविवार को पीड़िता ने चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, पीजीआई इलाके में रविवार को घर के बाहर खड़ी छात्रा से युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज किया और तेजाब फेंकने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मटियारी निवासी पीड़िता के मुताबिक कुछ दिन पहले कहीं जाने के लिए कैब बुक की थी। कैब लेकर सदर निवासी मो. आरिफ आया था। कुछ दिन बाद वह फोन कर परेशान करने लगा। फोन न उठाने पर घर से कुछ दूरी पर आकर खड़ा हो जाता। घर से निकलते ही अभद्र टिप्पणी करने लगा। रास्ते में रोककर अश्लील हरकत की। बात नहीं करने पर धमकी दिया। महिला ने इसकी पुलिस से शिकायत करने की चेतावनी दी तो उसने चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दे डाली। धमकी से महिला काफी सहम गई। घर से बाहर निकलने पर भी उसे डर लगने लगा। पति और घर वालों से को इस बारे में बताया तो उन लोगों ने आरिफ से विरोध दर्ज कराया। आरोपी परिजन को भी धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी चतुर्वेदी के मुताबिक आरोपित मो. आरिफ पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पड़ोसी दे रहे चेहरा जलाने की धमकी एफआईआर दर्ज

पीजीआई इलाके में रहने वाली किशोरी एक निजी कॉलेज की छात्रा है। छात्रा ने बताया कि रविवार को वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोस में रहने वाले चंद्रेश, चंद्रशेखर अश्लील टिप्पणी करने लगे। अनदेखा किया तो हौसले बढ़ गए और छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जुट गए। इस पर आरोपियों ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तेजाब फेककर चेहरा खराब कर देंगे। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पेट्रोल पंप पर मारपीट का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

विभूतिखंड इलाके में स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विभूतिखंड के मधुरिमा रेस्टोरेंट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के युवकों ने दूसरे की पिटाई कर दी। इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों की तलाश कर रही है।

नौ दिन पुराना है वीडियो : प्रभारी निरीक्षक विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 15 जून को पेट्रोल पंप पर मारपीट हुई थी। पेट्रोल भरवाने के लिए तीन युवक बाइक से पहुंचे थे। पीछे लाइन में खड़े दो युवकों ने बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने बेल्ट से दूसरे पक्ष के युवकों को मारना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया लेकिन आरोपी नहीं रुके और पिटाई करते रहे।

वीडियो वायरल होने पर सक्रिय हुई पुलिस

घटना का वीडियो सोमवार सुबह से सोशल मीडिया पर सामने आया। इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरुण यादव और अजय यादव निवासी गुलाम हुसैनपुर, लखनऊ को पकड़ा गया है। पुलिस घटना के दौरान मौके पर मौजूद अन्य युवक के बारे में भी पूछताछ कर रही।

कपड़ा कारोबारी के सिर पर मारा सिलेंडर, घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग इलाके की वारदात, बेटी के घर सुलह कराने पहुंचा था कपड़ा कारोबारी

अमृत विचार : कैसरबाग में बेटी के घर सुलह कराने गए कपड़ा कारोबारी से विवाद हो गया। बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके सिर पर रसोई गैस का छोटा सिलेंडर मार दिया। गंभीर रूप से घायल कारोबारी को आनन-फानन ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। बेटे की तहरीर पर कैसरबाग कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर लिया गया। वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मकबूलगंज निवासी रफीक (50) कपड़े का व्यापार करते हैं। बेटे शफीक के मुताबिक दो वर्ष पहले बहन रेहाना का निकाह घर के पास ही रहने वाले उस्मान के साथ हुआ था। बहन के ससुराल वाले अक्सर उसे परेशान कर घर से निकाल देने की धमकी देते थे। पिता रफीक के साथ वह बहन के घर सुलह कराने गए थे। पिता रफीक बहन की सास को समझा रहे थे। तभी उनके रिश्तेदार उमर आलम व आमान पिता से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने पिता के सिर पर सिलेंडर उठाकर मार दिया। जिससे उनका सिर फट गया। बेसुध होकर वह जमीन पर गिर पड़े। हालत बिगड़ती देख आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मैच खेलने को बुलाकर दोस्तों ने पीटा, एफआईआर

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली में एक युवक ने अपने दोस्तों के खिलाफ लाठी-डंडे व बेल्ट से पिटाई करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। वहीं, फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा नामजद मामला दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णा नगर पीके सिंह ने बताया कि जियामऊ निवासी विश्वजीत सिंह अनुसार वह क्रिकेट खेलता है। आरोप है कि बीती 21 जून को उसे कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित आजाद नगर में रहने वाले उसके दोस्तों शुभम गिरी और विकास मिश्रा ने उसे क्रिकेट खेलने के बहाने बुलाया था। जिसके बाद दोनों दोस्तों ने उसके संग गाली गलौज करने के साथ उसकी लाठी और डंडे व बेल्ट से पिटाई कर दी और फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसके चलते उसने कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से अपने दोस्तों के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर गाली गलौज मारपीट धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है।

कुर्बानी के नाम पर मौलाना से ठगी, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर इलाके में रहने वाले मदरसा के मौलाना को बनाया निशाना

अमृत विचार : कुर्बानी के नाम पर एक मौलाना से ठगी का मामला सामने आया है। कुर्बानी के नाम पर 42 हजार रुपये का जानवर खरीदवाया। इसके बदले में 14 हजार अतिरिक्त रकम वसूल ली। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। जिस पर पुलिस टीम जांच कर रही है।

जहीर अब्बास वारसिया मदरसा के मौलाना है। वह गोमती नगर के रहते हैं। जहीर के मुताबिक 15 जून को मुंबई से शब्बीर मकवाना नाम के व्यक्ति ने कॉल की। उनसे दो जानवरों की कुर्बानी करने की गुजारिश की। मौलाना ने 17 जून को बकरीद के दिन 42 हजार के 2 जानवर खरीदे और कुर्बानी करा दी। आरोपी शब्बीर मकवाना ने जहीर अब्बास के व्हाट्सअप पर एक स्क्रीनशॉट भेजा। जिसमें 56 हजार रूपये ट्रांसफर दिखाया गया था। मौलाना के पास उसने तुरंत फोन कर कहा कि हमने गलती से आपको 42 की बजाय 56 हजार भेज दिए हैं। जो पैसे ज्यादा गए हैं वापस कर दीजिए। मौलाना ने मदरसा का अकाउंट चेक करने की बजाय स्क्रीनशॉट पर भरोसा किया और 14 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब अकाउंट चेक किया तो पता चला कि खाते में कोई पैसे नहीं आए हैं। जो स्क्रीनशॉट भेजा गया था वह गलत था। मौलाना ने शब्बीर मकवाना से संपर्क करने का प्रयास किया। उसका फोन बंद था, कई दिनों के इंतजार के बाद मौलाना ने आज साइबर सेल में शिकायत की। साइबर क्राइम सेल प्रभारी सतीश साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जाम का झाम प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद जाम की समस्या हल नहीं हो पा रही है। सोमवार को बलरामपुर अस्पताल के सामने से निकलने वाली सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

हत्या करने के आरोपी को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पैसों की मांग पूरी न होने पर दादी की गला कसकर हत्या करने के आरोपी याहियागंज निवासी अर्पित गुप्ता उर्फ बंटी को अपर सत्र न्यायाधीश राहुल मिश्रा ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ बीस हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से एडीजीसी नरेंद्र सिंह गौतम ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट आरोपी की बुआ रामा गुप्ता द्वारा चौक थाने पर 3 जून 2020 को आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। जिसमें कहा गया था कि अभियुक्त जो कि मृतका वीरमती का पोता है उसने मेरी मां की निर्मम हत्या कर दी है। सरकारी वकील ने बताया कि रामदेवी ने अदालत में बयान देकर कहा है कि घटना वाले दिन सुबह 6:30 बजे उसकी मां को आरोपी पोते के घर उसके पति छोड़ आए थे। उस घर में आरोपी के अलावा उसकी पत्नी और बच्चे भी मां के साथ रहते थे। अदालत को बताया गया कि वीरमति और अभियुक्त अर्पित गुप्ता दोनों का दादी-पोते का संबंध है। इसके कारण आरोपी अपनी दादी से पैसों की मांग लेकर उससे मारपीट करता था तथा लड़ता झगड़ता था। अदालत को यह भी बताया गया की घटना के दिन अभियुक्त ने पैसों की मांग को लेकर अपनी दादी को मारा पीटा बाद में गमछा से उनका गला कसकर हत्या कर दी तथा लाश को घर में छुपा दिया।

अभियुक्त ओर से कहा गया था कि उस पर रहम किया जाए क्योंकि वह अपने घर में अकेला कमाई करने वाला है। जबकि एडीजीसी नरेंद्र सिंह गौतम ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि आरोपी ने रिश्ते की मर्यादा को तार-तार करते हुए मात्र कुछ रुपयों के लिए अपनी दादी का गला घोटकर हत्या कर दी है।

सार-संक्षेप

किसान यूनियन की महिला कार्यकर्ता से छेड़छाड़, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : किसान यूनियन की एक महिला कार्यकर्ता ने किसान नेता पर आरोप लगाते हुए बताया कि इको गार्डन में संगठन की बैठक के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी यूनियन के अन्य पदाधिकारियों को दी। पदाधिकारियों ने इसको लेकर आरोपी से माफी भी मंगवाई, लेकिन इसके बाद भी आरोपी के आचरण में कोई बदलाव नहीं हुआ तो महिला ने यूनियन से त्यागपत्र दे दिया और आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी सत्यभान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

मारपीट को लेकर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : गोसाईंगंज के नवाब अली का पुरवा निवासी देव चन्द्र ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि सोमवार को वह ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग नंबर 5 स्थित अपने ट्रांसपोर्ट पर बैठा था। तभी वहां पहुंचे तीन अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। मना करने पर कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ईंट-पत्थर मारकर घायल करने का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के ड्रीम ग्रीन सिटी फेस-टू, धावापुर निवासी महिला शहाना सिद्दीकी ने यहीं के बाल लक्ष्मण के खिलाफ ईंट पत्थर मार कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी बाल लक्ष्मण ने छत के ऊपर ईंट पत्थर चला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी अक्सर महिलाओं से छेड़छाड़ और उन पर अभद्र टिप्पणी करता है। जिससे पूरी कॉलोनी के लोग परेशान हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

दिनदहाड़े चोरी कर रहे चोर को पकड़ा

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्लीपूरब मजरा टिकरा गांव निवासी प्रवेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह वो काम पर गया था और पत्नी घर बंदकर पुराने घर गयी थी। इसी बीच दोपहर में घर में घुसे बेखौफ चोर अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर रहे थे, तभी पत्नी को घर की तरफ आता देख चोर बाहर निकलकर भगाने लगे। शोर मचाने पर भतीजे ने बाइक से पीछाकर एक चोर को पकड़ लिया, जबकि साथी मौके से भाग निकला। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है, जल्द ही दूसरे आरोपी को भी माल समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

एक सप्ताह से किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री बीती 16 जून की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने पुत्री से अलग-अलग दो मोबाइल नम्बरों से बात करने वाले युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया, पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात युवक पर अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

उप जिलाधिकारी ने मानक विपरीत खनन पर की कार्रवाई

अमृत विचार, मलिहाबाद : मानकों के विपरीत चल रहे खनन पर उप जिलाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डम्पर को सीज किया। ग्राम पीपारघाट में विगत कई दिनों से मानकों के विपरीत खनन कार्य चल रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर उप जिलाधिकारी सौरभ सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की। उप जिलाधिकारी ने जांच में रॉयल्टी से अधिक मिट्टी खोदना पाया। जिसके बाद एसडीएम ने कर्मचारियों को हिरासत में लेकर डम्पर को सीज करते हुए खनन विभाग को सूचित किया। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि मानक विपरीत मिट्टी खनन की लगातार सूचना मिल रही थी। सूचना पर पहुंच कर जांच की। जिसमें रॉयल्टी से अधिक मिट्टी खोदना पाया गया।

उप जिलाधिकारी द्वारा सीज किया गया डम्पर। अमृत विचार

बाथरूम में मिला वृद्धा का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर के विराटखंड-3 में हुई घटना

अमृत विचार : गोमतीनगर के विराटखंड-3 निवासी आशा गर्ग की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सोमवार उनका शव घर के बाथरूम में पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक आशा के पति राजू गर्ग हिंदुस्तान पेट्रोलियम से सेवानिवृत्त हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह घर में सभी लोग मौजूद थे। सुबह काफी देर तक आशा कमरे से नहीं निकली तो राजू ने नौकरानी को बुलाने के लिए भेजा। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इस पर राजू खिड़की से अंदर पहुंचे और बाथरूम का दरवाजा खोल कर देखा जमीन पर पड़ी हुई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषत कर दिया। वहीं पति राजू ने बताया कि बाथरूम में गिर जाने के कारण मौत हो गई।

घर जा रही महिला की चेन लूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृष्णानगर इलाके के पिकेडली होटल के पास हुई वारदात

अमृत विचार : कृष्णानगर इलाके के पिकेडली होटल के पास रविवार देर रात 11 बजे बाइक सवार बदमाशों ने महिला की चेन लूट ली। वारदात के वक्त महिला अपनी भतीजी के साथ स्कूटी से घर वापस जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

भोलाखेड़ा स्थित इंद्रपुरी कालोनी निवासी ज्योति द्विवेदी ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे वह अपनी मौसी को लेकर स्कूटी से पराग डेरी से घर वापस आ रही थी। पिकेडली होटल से बाराबिरवा की तरफ निकली थी। इसी बीच पेट्रोल पंप के सामने पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक करते समय झपट्टा मारकर मौसी के गले से चेन खींच ली। छीनाझपटी के दौरान स्कूटी अनियंत्रित हो गई। किसी तरह संभालने के बाद कुछ दूरी तक आरोपियों का पीछा किया पर उनको पकड़ सकी।

दुराचार के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर विधवा के साथ दुराचार करने के आरोपी राजाजीपुरम निवासी रितेश मिश्रा की जमानत अर्जी को अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार ने खारिज कर दिया है।

जमानत अर्जी का विरोध करते हुए एडीजीसी अरुण पांडे ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट स्वयं पीड़िता द्वारा 5 मई 2024 को पारा थाने पर आरोपी रितेश मिश्रा के अलावा अमित चौरसिया के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़िता विधवा महिला है तथा वह प्राइवेट काम करती है जहां पर उसकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने पीड़िता से शादी करने को कहा तथा एक दिन उसे अपने घर में भी बुलाया। अदालत को बताया गया कि आरोपी ने पीड़िता से कहा था कि उसके घर वाले शादी करने को तैयार है।उसके कुछ देर बाद आरोपी ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया तथा दुराचार किया। आरोपी ने नशे की हालत में उसकी आपत्तिजनक फोटो खींची थी। जिसे दिखाकर वह उसे धमकता भी था।

साइबर अपराध साइबर क्राइम सेल की मदद से की जा रही मामले की जांच

रिटायर्ड आरएम के खाते से 47 .64 लाख रुपये उड़ाये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आशियाना इलाके में रहने वाले ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड आरएम के खाते 47.64 लाख रुपये साइबर जालसाजों ने साफ कर दिया। पीड़ित ने आशियाना थाने में मामले में दर्ज कराया। मामले की जांच साइबर क्राइम सेल की मदद से की जा रही है।

कानपुर रोड सेक्टर-जे एलडीए कॉलोनी निवासी विश्व भारती आर्य ग्रामीण बैंक से आरएम के पद से रिटायर हैं। पीड़ित के मुताबिक 21 जून को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। उसने अपना परिचय ग्रीन गैस कंपनी के अधिकारी राकेश मिश्रा के रूप में दिया। उनके बेटे प्रियांश भारती ने बात की तो उसने गैस कनेक्शन बिल अपडेट न होने की बात कही। बिल अपडेट करने के लिए जालसाज ने एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा। एप डाउनलोड करने के बाद उसने पांच रुपये भुगतान करने को कहा। कुछ देर बाद उनके खाते से 47.64 लाख रुपये निकल गए।

दो वरिष्ठ नागरिकों के खाते से उड़ाए 1.86 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : जालसाजों ने दो वरिष्ठ नागरिकों के खाते से 1.86 लाख रुपये साफ कर दिये। दोनों वरिष्ठ नागरिकों ने रकम निकलने की जानकारी होने पर आशियाना और विभूतिखंड थाने में एफआईआर दर्ज कराई। आशियाना इलाके के मानसरोवर योजना, न्यू गड़ौरा निवासी ओमप्रकाश सहाय सेवानिवृत्त कर्मचारी है। ओमप्रकाश ने बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा में पेंशन खाता है। इससे जारी एटीएम कार्ड लेकर उनकी पत्नी 1 जून को शाम 7 बजे एलडीए कालोनी सेक्टर जी चौराहा के पास एटीएम में गई। वहां रुपये निकालते समय कार्ड एटीएम में फंस गया। इसके बाद उन्होंने बेटे ज्ञानेंद्र सहाय ने एटीएम में लिखे नंबर पर मदद मांगी। कॉल रिसीव करने वाले 20 मिनट रुकने को कहा। वहां एक व्यक्ति पहुंचा। उसने कहा कि एक घंटे बाद आकर एटीएम ले जाइएगा। दोबारा पहुंचे तो वहां न तो एटीएम मिला और न व्यक्ति। कुछ देर बाद खाते से 68000 रुपये निकाल लिए गए। इसकी शिकायत बैंक में की तो कोई मदद नहीं मिली। पीड़ित ने आशियाना थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

व्हाट्सएप कॉल कर खाते से उड़ाए 1.18 लाख

कालिंदी विला विभूति खंड निवासी सुनील परिहार के खाते से जालसाजों ने 1.18 लाख रुपये साफ कर दिए। सुनील के मुताबिक उनको कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर कॉल आई। इसके बाद उनके खाते से 9 अप्रैल को 38400 रुपये निकलने का मैसेज आया। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल तक कुल 118400 रुपये निकाल लिए गए थे। बिना किसी अनुमति के इतनी बड़ी रकम निकाले जाने की जानकारी होने पर पैरों तले जमीन खिसक गई। इसकी शिकायत कंप्लेन नंबर ओर नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर पर किया।

मारपीट व जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के बेहसा, शहीद पथ निवासी आनंद कुमार मौर्य ने संतोष श्रीवास्तव और तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि वह रविवार को अपनी जमीन पर निर्माण कराने के लिए सामग्री गिरा रहा था। तभी वहां पहुंचे संतोष श्रीवास्तव और तीन अन्य लोग जबरन काम रुकवाने लगे। पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर बीच बचाव करने पहुंचे यूनुस को भी आरोपियों ने मारा पीटा।

तीन दिन एक घंटे और फिर पूरे दिन करेंगे कार्य बहिष्कार

पीजीआई में नर्सिंग अफसर को थप्पड़ मारने की आरोपी सर्जन पर कार्रवाई के लिए कर्मियों का एलान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसजीपीजीआई में ऑपरेशन के दौरान नर्सिंग अफसर धर्मेंद्र कुमार को थप्पड़ मारने की आरोपी सर्जन वरुणा पर कार्रवाई के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार से 27 जून तक रोज एक घंटे कार्य बहिष्कार करने का एलान किया है। उनका कहना है कि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो 28 जून को पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

पीजीआई में 20 जून को ऑपरेशन दौरान नर्सिंग अफसर धर्मेंद ने सर्जन डॉ. वरुणा पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। नर्सों के प्रदर्शन के बाद संस्थान प्रशासन जांच समिति बनाकर 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में मारपीट होने से इंकार किया गया है। उपकरण देने को लेकर डॉक्टर और नर्सिंग अफसर में बहस और तनाव की बात कही गई है। आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई न होने से नाराज नर्सिंग कर्मियों ने चौथे दिन सोमवार को भी धरना जारी रखा। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर ने बताया कि नर्सिंग कर्मी आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

थप्पड़ मारने की आरोपी सर्जन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नर्सिंग कर्मी। अमृत विचार

सर्जन पर नया आरोप, बिना सहायक किया ऑपरेशन

अमृत विचार, लखनऊ : नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर ने आरोप लगाया कि सर्जन वरुणा ने बिना सहायक के आपरेशन किया।

उन्होंने कहा कि सहायक का काम नर्सिंग अफसर से लिया गया। मरीज की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर तनाव में आकर नर्सिंग अफसर के साथ मारपीट और जातिसूचक गालीगलौज की। ऑपरेशन के दौरान मरीज का बीपी 38/ 20 हो गया एवं मरीज की जान जाने का जोखिम बढ़ गया। नर्सिंग अफसर से मारपीट की आरोपी डॉ. वरुणा वर्मा ने कहा कि वे इस प्रकरण में अपने बयान जांच समिति और निदेशक को दे चुकी हैं। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की ओर से बेवजह मामले को तूल दिया जा रहा है।

▸▸ आरोपी सर्जन ने कहा, दर्ज करा चुकी अपना बयान, बेवजह मामले को तूल दे रहा नर्सिंग एसोसिएशन

व्यावसायिक शिक्षकों ने घेरा निदेशालय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के 992 राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी है। शिक्षकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया है। शिक्षकों ने अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है।

शिक्षकों की मांग है कि उनका मानदेय बढाया जाये और फरवरी 2024 से गृह (गोपन) में लम्बित माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों के सप्तम वेतन समिति के सन्दर्भ में की गई संस्तुतियो को लागू कराया जाये। शिक्षकों ने कहा कि रिक्त पदो पर शिक्षा निदेशक के प्रस्ताव मंजूर कराते हुए व्यावसायिक शिक्षको को तैनात किया जाये। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूप रेखा (2023) के अन्तर्गत पूर्व में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के स्वरूप को परिवर्तित करते हुए तीन विषयों के समकक्ष पाठ्यक्रम को एक विषय के रूप में शामिल करते हुए 50 अंक सैद्धान्तिक 50 अंक प्रायोगिक सुनिश्चित किया जाये।

शासनादेश 28 जून 2019 में आंशिक परिवर्तन करते हुए गठित समिति में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता की बजाय मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय उप शिक्षा निदेशक को अध्यक्ष नामित किया जाए।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय पर प्रदर्शन करते व्यावसायिक शिक्षक।

सार-संक्षेप

पोस्टर का विमोचन करते सतरंगी कार्यक्रम के संयोजक व अन्य। अमृत विचार

बच्चों और युवाओं को अभिव्यक्ति का मंच देगा सतरंगी

अमृत विचार, लखनऊ : बच्चों एवं युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 7 जुलाई से शुरू होने वाले पारिवारिक कार्यक्रम सतरंगी का सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान और इंपल्स सिने इंटरटेनमेंट के सहयोग से शुरू हो रहे पारिवारिक कार्यक्रम सतरंगी के संयोजक अरविन्द सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम लखनऊ के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी आयोजित किया जाएगा। इंपल्स सिने इंटरटेनमेंट के निदेशक प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रतिभावान कलाकार आगे आएंगे, उन्हें उचित प्लेटफॉर्म प्रदान किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान श्वेता श्रीवास्तव, अंकिता बाजपेयी, रिचा तिवारी, नेहा वर्मा, शालिनी दीक्षित, आरती शुक्ला, आशीष शर्मा, इं. दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. लालजी मौर्य, सीमा बिरमानी, तरुण लखनवी ने भी अपने विचार रखे।

भंडारे के लिए खाद्य सामग्री का ट्रक रवाना करते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा।

पहलगाम में भंडारे के लिए रवाना की गई खानपान सामग्री

अमृत विचार, लखनऊ : श्रीनाथजी अमरनाथ सेवा संस्थान की ओर से भंडारे के लिए खानपान सामग्री रवाना की गई। 29 जून को पहलगाम में भंडारा शुरू होगा। अध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मुख्य संरक्षक एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा समेत कई प्रमुख लोगों ने हरी झंडी दिखा ट्रक को रवाना किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक कन्हैयालाल, राजन, संजीव, रजनीश गुप्ता बाबी, पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू, नरेंद्र शर्मा, रचित, रीतेश, बागीश, शैलेंद्र, चंदन आदि की मौजूदगी रही। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर ने बताया कि श्रद्धालुओं के भंडारे के लिए 800 किलो आटा, 200 किलो मैदा, 100 किलो रवा, 1,000 किलो आलू, 200 किलो छोला, 200 किलो राजमा, 300 किलो चावल, सरसों का तेल, रिफाइंड, देशी घी, मसाला, रेनकोट, बरसाती, बिस्किट समेत कई चीजों को भेजा गया है।

सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी देते तैलिक साहू राठौर महासभा के पदाधिकारी।

भारतीय तैलिक साहू राठौर चलाएगा सदस्यता अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का प्रांतीय संगठन सदस्यता अभियान चलाकर समाज को जोड़ेगा। सोमवार को महासभा की प्रांतीय बैठक कैसरबाग स्थित गांधी भवन के सभागार में आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरुजी ने की। पूर्व सांसद एवं संस्था के संस्थापक संरक्षक अध्यक्ष राम नारायण साहू भी शामिल हुए। इस दौरान प्रांतीय संगठन द्वारा सदस्या अभियान चलाने को को कहा गया। राजमणि साहू अंबेडकर नगर को अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ का सदस्यता अभियान का संयोजक मनोनीत किया गया। महिला प्रदेश अध्यक्ष अर्चना साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार साहू, प्रदेश महिला प्रभारी डॉ. सुमन साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का संचालन युवा प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर साहू ने किया।

नौकरी के लिए परिवहन निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करते मृतक आश्रित।

नौकरी के आश्वासन के बावजूद डटे आंदोलनकारी

अमृत विचार, लखनऊ : नौकरी की मांग को लेकर परिवहन निगम मुख्यालय पर आंदोलन कर रहे मृतक आश्रितों की भर्ती अगस्त से शुरू हो सकती है। ये आश्वासन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने मृतक आश्रित संगठन के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को दिया है। सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने एमडी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस बार कैबिनेट की बैठक में मृतक आश्रितों का प्रस्ताव रखा जाएगा। पूरी उम्मीद है कि अगस्त तक मृतक आश्रितों को नौकरी मिल सकती है। इसके बावजूद आंदोलनकारी अनशन स्थल पर डटे हैं। करीब 1000 मृतक आश्रित वर्ष 2018 से नौकरी की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार धरना प्रदर्शन किया, बैठकों का दौर चला, आश्वासन मिले, लेकिन नौकरी नहीं मिली। पिछली बार परिवहन मंत्री ने 31 मार्च तक नौकरी का वादा किया था। कहा था कि नौकरी न मिले तो धरना देना। निगम मुख्यालय पर करीब एक सप्ताह से मृतक आश्रित धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने पर बैठे युवाओं ने बताया कि परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर से मुलाकात हुई है। एमडी ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट शासन भेजी जा रही है। इस बार परिवहन निगम 140 करोड़ से लेकर 150 करोड रुपये तक के फायदे में है। निगम फायदे में होता है तभी मृतक आश्रितों को नौकरी मिलने का नियम है।

तीन हजार रुपये रिश्वत लेकर भी नहीं दिया नया कनेक्शन, शिकायत की तो धमकाया

गहरू उपकेंद्र पर पुराने बकाये के भुगतान और नए कनेक्शन के लिए किया था आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शादी में घर को रोशनी के लिए गहरू पावर हाउस में आवेदन किया। लाइनमैन ने सर्वे रिपोर्ट लगाने के एवज में 3000 हजार रुपये ले लिए लेकिन कनेक्शन नहीं दिया। अधिकारियों से शिकायत करने पर घर जाकर आवेदक को धमकाया। अधिशासी अभियंता ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बादेखेड़ा बंथरा निवासी रिंकी ने बताया कि 12 दिसम्बर 2021 को 9500 रूपए के बकाये पर बिना बताये बिजलीकर्मी घर से मीटर उतार ले गये। जिसके बाद सौर ऊर्जा से ही घर की बिजली जल रही थी। लेकिन 14 जुलाई को बड़ी बहन की शादी होने के कारण नये कनेक्शन के लिए गहरू पावर हाउस में आवेदन किया। इसके साथ ही बिल के बकाये रकम की अदायगी को आवेदन दिया। नये कनेक्शन के लिए लाइनमैन अनिल शुक्ला ने चेकिंग रिर्पोट लगाने के नाम पर 3000 रूपये वसूल लिए। इसके बावजूद कनेक्शन नहीं मिला। सोमवार को लाइनमैन से कनेक्शन कराने के लिए कहा तो उसने कहा कि तहसील से प्रमाणपत्र बनवाओ या दूसरे के घर में कनेक्शन लेकर बिजली उपयोग करो। रिंकी की शिकायत पर अधिकारियों ने लाइनमैन को फटकार लगाई। इससे नाराज लाइनमैन ने घर जाकर रिंकी को धमकाया। अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने बताया कि उपभोक्ता की पूरी मदद की जायेगी। मामले की जांच कराकर लाइनमैन के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जाएगी।

ऑनलाइन शिकायत का नहीं हो रहा निस्तारण

अमृत विचार, लखनऊ : उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रदेश में ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की गई। लेकिन पिछले 2 साल में आए मामलों मे 58 प्रतिशत का समाधान ही नही हो पाया है। जबकि दो दिन पूर्व हुई मुख्यमंत्री की ओर से उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए है। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 89396 मामले सामने आए। इसमें से 42 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि 58 प्रतिशत मामलों मे महीनों से कोई सुनवाई तक नही हुई है। जिसके चलते उपभोक्ता को बिजली कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

कितने दिन, कितनी समस्याएं लंबित

- 9636 शिकायतें 30 से 90 दिनों की है।
- 16306 शिकायतें 90 से 180 दिनों की हैं।
- 15977 शिकायतें 180 से 365 दिनों की हैं।
- 4066 शिकायतें 365 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं।

नए कनेक्शन देने की ज्यादा शिकायत

सबसे ज्यादा दिक्कत नये कनेक्शन देने के मामले में आती है। इसको लेकर कड़ा रूख अपनाकर मॉनिटरिंग की जानी चाहिए।

2 साल पहले शुरू हुई ऑनलाइन शिकायत की व्यवस्था

पावर कारपोरेशन ने 1 जुलाई 2022 से ऑनलाइन बिलिंग संबंधी शिकायतो के निपटारे के लिए सिस्टम शुरू किया। 1 जुलाई 2022 से 8 मई 2024 तक विभाग के बेबसाइट पर प्रदेश के सभी बिजली कंपनियों में कुल लगभग 89396 बिल संशोधन संबंधी शिकायतें को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इसमें से 38403 शिकायतों का ही समाधान किया गया। जबकि 50993 शिकायत बिना समाधान के पेंडिंग पड़ी रही। ऐसे में बिलिंग संबंधी समस्या के निदान के लिए शिकायतों की भरमार है।

क्या कहना है इस मामले में उपभोक्ता परिषद का

उपभोक्ताओं के जल्द समस्याओं के निस्तारण के मामले में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहना है कि अगर ऑनलाइन शिकायतें इतनी है, तो ऑफलाइन शिकायतों की तो भरमार होगी। ग्रामीण और शहरी दोनों ही सेक्टर के लोग ज्यादातर शिकायतें ऑफलाइन ही करते है। अगर यह डेटा निकाला जाए तो शिकायतों की संख्या लाखों में होगी। लेकिन मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सुधरने की उम्मीद है।

एक लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ: शहर में आरडीएसएस योजना के काम होने से आज कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे एक लाख की आबादी प्रभावित होगी।

विकास नगर उपकेंद्र में 400 केवीए मुखर्जी पार्क की एलटी सप्लाई के खराब कंडक्टर बदली जाएगी। इससे कमला नेहरू नगर और मुखर्जी पार्क के आसपास की बिजली 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज के आसपास तार और एबीसी केबल लगाने के कारण शिव विहार, गौशाला बूंस, जानकीपुरम विस्तार के अंतर्गत सुल्तानपुर गांव नियर बनाना काउंटी, सेक्टर आई, जानकीपुरम के अलीशा नगर की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

विश्वविद्यालय उपकेंद्र से जुड़े आर्य कन्या ट्रांसफार्मर के एलटी कंडक्टर बदलने के कारण आर्य कन्या चौराहा, आरबीएल रोड, पहली गली, दूसरी गली की सप्लाई 10:30 से 5:30 तक बाधित रहेगी।

लौलाई के हासेमऊ मल्हौर और माधव ग्रीन फीडर के एलटी लाइन के तारों का बदलने के कारण जगपाल खेड़ा गांव, आसपास की आपूर्ति सुबह 9 से 4 बजे ठप रहेगी। अपट्रान उपकेन्द्र के भावानीगंज फीडर में गिरधआरा में 400 केवीए एबी केबल बदला जाएगा। इससे आसपास की सप्लाई सुबह 9से 2:30 तक बाधित रहेगी।

▸▸ विकास नगर-लौलाई क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के काम होने से बाधित रहेगी आपूर्ति

बिजली न आने पर घेरा सब स्टेशन

अमृत विचार, लखनऊ: ऐशबाग के पीली कॉलोनी रंजन नर्सिंग होम क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। काफी समय तक बिजली न आने पर उपभोक्ता आक्रोशित हो गए। आसपास के लोग ऐशबाग पावर हाउस पहुंचे और घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। इन लोगों का आरोप है कि किसी भी समय बिजली कट कर दी जाती है। उपकेंद्र पर बिजली कब आएगी इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। उपकेंद्र के लोगों ने गेट में लगा दिया है, फोन भी नहीं उठा रहे हैं।

सीएमएस के पूर्व छात्र को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 64 वर्ष पुराने छात्र जितेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष, संस्कृत भारती न्यास, अवध प्रान्त एवं सदस्य, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद् को विद्यालय की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में एक समारोह में सम्मानित किया। जितेन्द्र ने विजन-2025 कान्फ्रेन्स में बतौर विशिष्ट अतिथि सहभागिता दर्ज कराई।

सीडी रेशियो कम होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। कुछ बैंकों का क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो (सीडी रेशियो) कम होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार हम नए लोगों को अधिक से अधिक बैंक ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें और उनको स्वरोजगार उपलब्ध करायें। डीएम ने कहा कि एक ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जाए। जिसमें स्टार्टअप करने वाले युवाओं और उद्यमियों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी मोतीलाल, बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक प्रबन्धक नरेंद्र कुमार दास, नाबार्ड डीडीएम कृष्णा कुमार ओझा, अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक उपस्थित रहे।

ईद-ए-गदीर आज, 110 मस्जिदों में होगी नमाज, इमामबाड़े सजाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंगलवार को होने वाले पर्व ईद-ए-गदीर को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस मौके पर मस्जिदे कूफा सहित 110 प्रमुख मस्जिदों में नमाज ईद - ए-गदीर अदा की जाएगी।

ईद गदीर पर्व हजरत अली को पैगम्बर मोहम्मद साहब द्वारा अपना उत्तराधिकारी बनाए जाने की खुशी में मनाया जाता है। शहर की करीब 110 मस्जिदों में नमाज ईद-ए-गदीर अदा की जाएगी। इमामबाड़ा, कर्बला और घरों में महफिलों का आयोजन होगा। खुशी के इस पर्व को लेकर लोगों ने कपड़ा, जूता-चप्पल, सिंवई आदि सामानों की सोमवार को खरीदारी की। इस दौरान इमामबाड़ों और मस्जिदों की साफ-सफाई के साथ रोशनी से सजावट की गई। मरकजी नमाज मस्जिदे कूफा में सुबह 11 बजे मौलाना कुमैल की इमामत में अदा की जाएगी।

इमामबाड़ा आगा बाकर जौक में जायरीन बाबुल मुराद कमेटी और इमामाबाड़ा कमेटी की ओर से मौलाना मीसम जैदी और मौलाना रहमत हुसैन सुबह 9 बजे महफिल को खिताब करेंगे।

रौजा-ए-काजमैन में आयोजन

ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर जश्ने एलाने गदीर का आयोजन रौजा-ए-काजमैन में किया गया। मौलाना शौजफ काजिम जरवली की अध्यक्षता में महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद और मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया। जश्न का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलवाते कुरान पाक से और संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इस मौके पर कलाम पेश किए गए। कार्यक्रम का आयोजन गदीर अकादमी की ओर से किया गया।

ईदे गदीर से सजी महफिल

रौजाए बैतुल हुज्न में रूस्तम नगर में जश्ने इस्तकबाले ईदे गदीर शीर्षक से महफिल का आयोजन हुआ। मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। जश्न का आयोजन गुलामाने अहलेबैत फाउंडेशन द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला-हरदोई

पत्रांक– 206 / न0पा0परि0/स्वा0वि0/2024–25 दिनांक :– 24–06–2024

निविदा सूचना

समस्त प्रकार के प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों / दुकानों / संस्थाओं के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है, वह ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन अधिनियम 2016 के तहत ठोस बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में आता है। ठोस अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पालिका परिषद सण्डीला को प्रदान करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों / दुकानों/संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को बल्क वेस्ट जेनरेटर घोषित करते हुए नगर पालिका परिषद सण्डीला को अपने पत्र द्वारा सूचित करने का कष्ट करेंगे अन्यथा नगर पालिका परिषद सण्डीला द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं प्रतिष्ठान का होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सण्डीला

कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कन्नौज

पत्रांक– 565/जेम पोर्टल/2024–25 दिनांक – 24.06.2024

जेम पोर्टल बिड

जनपद कन्नौज के समस्त गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश की उदरपूर्ति हेतु वर्ष 2024–25 (माह जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक) की अवधि तक गेंहूँ के भूसे की दरों को निर्धारण हेतु सेवा प्रदाता/एजेन्सियों के चयन हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से दिनांक 26.06.2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक बिड अपलोड की जाती हैं। जो कि दिनांक 06.07.2024 को 12:00 बजे बिड खोली जायेगी। इच्छुक सेवा प्रदाता फर्मे / एजेन्सियां आनलाईन जेम पोर्टल के माध्यम से बिड प्रपत्र डाउनलोड कर प्राप्त कर सकती हैं। विशेष जानकारी / नियम एवं शर्ते जेम पोर्टल अथवा कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी
कन्नौज

कानपुर नगर निगम
कैटिल कैचिंग विभाग

भैंस की नीलामी हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कानपुर द्वारा भैंसों को पकडकर कॉजी हाउस जाजमऊ, कानपुर में निरूद्ध किया गया है। जिसकी नीलामी दिनांक 25.06.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे सभागार कक्ष, नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील कानपुर में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति धरोहर की धनराशि रू0 50000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट दिनांक 25.06.2024 को मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के पक्ष में जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी से सम्बन्धित सभी प्रकार की जानकारी नगर निगम मुख्यालय स्थित कैटिल कैचिंग विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम सीमा के बाहर निवास करने वाले व्यक्ति ही नीलामी में इस शर्त के साथ भाग ले सकते हैं कि नीलामी में प्राप्त की गयी भैंसों को प्रत्येक दशा में नगर निगम सीमा के बाहर ले जायेंगे। उक्त का उल्लंघन करने पर पुनः भैंसों को जब्त कर लिया जायेगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी — अपर नगर आयुक्त
Ro no. 33 — दिनांक: 24.06.2024

कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक– 533/के0जे0/करअनु0/2024–25 दिनांक – 24.06.2024

अति अल्प कालीन ई0 निविदा सूचना

समस्त ठेकेदार / कान्ट्रेक्टर्स / बेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि टैम्पो लाइसेन्स शुल्क, विज्ञापन कर एवं यूजर चार्ज शुल्क की निविदा दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए पालिका सीमान्तर्गत टैम्पो लाइसेन्स शुल्क, विज्ञापन कर एवं यूजर चार्ज वसूली ठेका की www.etender.up.nic.in पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न टेण्डर शेड्यूल पर होगी, तथा www.etender.up.nic.in भी देखी जा सकती है। उक्त सूचना नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेबसाइट nppkannauj.in पर देखी जा सकती है। नियत अवधि के बाद कोई निविदा मान्य नहीं होगी।

टेण्डर शेडयूल (www.etender.up.nic.in)

क्र0 सं0	नगर पालिका परिषद		प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release			
		Tender Download	26-06-2024	16-07-2024
		Bid Submission	26-06-2024	16-07-2024
	Bid Opening		19-07-2024	

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

एक नजर

सात सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उप्र. रोडवेज कर्मचारी संघ की ओर से सोमवार को सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में बैठक के बाद सात सूत्री मांगों को लेकर परिवहन निगम के अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री व प्रमुख सचिव परिवहन सहित अन्य अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया। सभी मांगों को जल्द ही पूरा करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि मांगों का अगर 15 दिनों में द्विपक्षीय वार्ता कर निराकरण न किया गया तो संगठन की ओर से 8 जुलाई को प्रात: 5 बजे से आंदोलन किया जाएगा।

बाउंड्री वॉल के गेट का ताला तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गोपालखेड़ा गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह ने बताया उनके भाई प्रभाकर सिंह की सांईनगर में सांई इण्टरप्राइजेज के नाम से सीमेंट, मौरंग, सरिया की दुकान है। बीते रविवार की रात भाई दुकान बंद कर घर चला आया। देर रात सफेद रंग की कार से आए बैखोफ चोर गेट का ताला तोड़कर अंदर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली को चुराकर भाग निकले। सोमवार की सुबह जब भाई दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के बगल में लगे गेट का ताला टूटा पाया व अंदर खड़ा ट्रैक्टर-ट्राली गायब देखी। सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गयी। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नाबालिग को लाठी डंडों से पीटा, मामला दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया जहां क्षेत्र में क्रिकेट मैच खेल रहे एक नाबालिग लड़के की मैदान में खेलने से मना करने को लेकर बैट व लाठी डंडों से पिटाई कर दी गई। दबंगों की पिटाई से नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है| सदरौना निवासी अल्तमश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया, शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने साथियों के साथ कांशीराम कॉलोनी में मैच खेल रहा था। तभी पारा क्षेत्र के चुन्नू खेड़ा निवासी प्रदीप यादव व उसके भांजे सुजीत व सुरेंद्र कुछ अन्य दबंगों के साथ वहां आकर क्रिकेट खेलने से मना करने लगे। विरोध करने पर सुजीत व सुरेंद्र ने बैट व लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे अल्तमस गंभीर रूप से घायल हो गया।

धर्म बदलकर युवती से की शादी गला घोंटकर मारने की कोशिश

मोहनलालगंज की रहने वाली युवती ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ससुर और देवर पर दुष्कर्म का आरोप

अमृत विचार : मोहनलालगंज इलाके में रहने वाली युवती को धर्म बदलकर युवक ने प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद शादी की। ससुराल जाने के बाद ससुर और उसके भाई ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने सोमवार देर शाम को पुलिस कमिश्नर से मिलकर शिकायत की।

मोहनलालगंज की रहने वाली संजना सोनकर उर्फ (सायना राइन) ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। उन्होंने बताया कि सलमान राइन से 2011 में उसकी मुलाकात हुई। सलमान ने अपना नाम (मान) बताया और दोस्ती कर ली। प्रेम जाल में फंसाकर मिलने-जुलने का दौर चला। भरोसे में आकर संजना ने मान से कोर्ट मैरिज कर ली। ससुराल गई तो युवक ने निकाह की बात की। युवती ने विरोध करना चाहा तो उसके पुराने वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करके लगा। मजबूर करके निकाह कर लिया। निकाह के बाद संजना सायना बन गई। उसने तीन बच्चियों को जन्म दिया।

गला दबाते हुए वीडियो भी दिखाई

संजना ने पुलिस को एक वीडियो दिखाया। जिसमें आरोपी सलमान उसका गला दबाते हुए दिख रहा है। बच्चे बचाने के लिए चिल्ला रहे हैं। लेकिन सलमान उसकी पिटाई कर रहा है। वीडियो उसकी बेटी ने बनाया है। एडीसीपी शशांक सिंह का कहना है प्रकरण संज्ञान में आया है। पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत की गई है। जांच कराने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

पति पर बेटियों के साथ गलत हरकत का आरोप

सायना ने बताया कि सलमान उसे प्रताड़ित करता रहा। वो बच्चियों के भविष्य के लिए सबकुछ बर्दाश्त करती रही। इधर उसकी बेटियां बड़ी होने लगीं। संजना का आरोप है कि उसका पति सलमान बेटियों के साथ गलत हरकत करने लगा। सायना ने जब विरोध किया तो पूरा परिवार उसके साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान ससुर मोइन्द्दीन और देवर फैजान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। परिवार की हरकतों से तंग आकर पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत की है।

सावधान ! इस वीआईपी मार्ग पर रहें सतर्क कहीं भी खड़े मिल सकते हैं भारी वाहन

दृश्य एक

कर चोरी के मामले में ट्रक संख्या यूपी 14 जीटी-7173 को जीएसटी भवन लाकर सड़क पर खड़ा कर दिया गया। माल लदा यह वाहन कई दिनों से मोड़ पर ही खड़ा हुआ है। कब हटेगा बताने वाला कोई नहीं। भले ही रात के अंधेरे में दूसरा वाहन स्वामी असावधानी में इससे टकरा जाए।

दृश्य दो

एक अन्य मामले में गाड़ी नंबर यूपी 53सीटी-2308 को लाया गया। कई दिनों से अंधे मोड़ पर डटा है। जिम्मेदार शायद किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

सड़क किनारे खड़ा ट्रक। अमृत विचार

दृश्य तीन

वाहन संख्या एचआर 38-वाई 7737 भी संकरी और मोड़ पर जीएसटी भवन के बाहर खड़ा है। अफसर फिलहाल इसका निस्तारण नहीं कर पाए हैं। ऐसे में सावधानी हटी दुर्घटना घटी वाले मूलमंत्र को मानते हुए ही इस रूट पर चलें।

नए होटल के बाहर रात तक खड़ी रहती हैं गाड़ियां, कौन करेगा कार्रवाई

श्रीराम टावर से जीएसटी भवन की ओर चलने पर एक नया होटल बनाया गया है। समुचित पार्किंग की व्यवस्था न होने पर होटल के बाहर ही मुख्य मार्ग पर चार पहिया वाहन खडे होते हैं। यातायात अराजकता से रात तक यह मार्ग जूझता है। लेकिन न उनकी गाड़ियां उठाई जाती हैं और न ही चालान और जुर्माना। आमतौर पर इस सड़क पर अगर आपने दोपहिया वाहन लगा दिया तो कब कौन सी क्रेन वाहन को उठा ले जाए पता नहीं लेकिन इस होटल पर यातायात और पुलिस दोनों ही मेहरबान हैं आखिर क्यों?

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जीएसटी भवन की सड़क बनी कर चोरी के ट्रकों का पार्किंग स्थल
- संकरे मोड़ पर खड़े रहते हैं बड़े-बड़े ट्रक

अमृत विचार: यह चंद बानगी हैं जो बताने के लिए काफी हैं कि यातायात, पुलिस और जीएसटी के जिम्मेदारों की यह लापरवाही आमजन पर कितना भारी पड़ सकती है।

दरअसल कर जीएसटी अधिकारी कर चोरी के मामलों में बड़े-बड़े ट्रक पकड़ते हैं और उन्हें संकरे मीराबाई मार्ग के नरही मोड़ पर लाकर खड़ा कर देते हैं। हाल यह है कि अंधे मोड़ पर खडे. इन ट्रकों से कौन वाहन स्वामी भिड़ जाए पता नहीं। रात के वक्त तो खतरा और बढ़ जाता है। दिलचस्प यह है कि वीआईपी गेस्ट हाउस भी इसी मार्ग पर है बावजूद इसके कोई भी इन ट्रकों को हटवाने वाला नहीं है। जीएसटी अफसर कहते हैं कि पार्किंग के लिए फाइल चल रही है लेकिन बीते करीब छह साल में जिम्मेदारों की वाहन पार्किंग की तलाश पूरी नहीं हो पाई है। नतीजा अधिकारी वाहन पकड़कर सड़क पर खड़ा करवा कर चलते बनते हैं। दिलचस्प यह है कि यह एक दो दिन का मामला नहीं है। कई-कई दिन करों के निस्तारण का मामला तय न होने पर सभी गाड़ियां सड़कों पर ही खड़ी रहती हैं। बरसात का मौसम शुरू हो गया हे। ऐसे में इनसे किसी भी दिन हादसा हो सकता है।

वाहनों पर लाल-नीली बत्ती के लिए लेनी होगी परिवहन विभाग की अनुमति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शासन के निर्देश पर बनाई गई नई नियमावली, मंजूरी मिलने पर होगी लागू

अमृत विचार: वाहनों पर लाल और नीली बत्ती लगाने के लिए शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने नई नियमावली बनाई है। इसके तहत लाल, नीली बत्ती लगाने के लिए विभाग को वाहन नंबर सहित आवेदन करना होगा। विभाग अधिकारी के पद, नाम से स्टीकर जारी करेगा। स्टीकर लगाने के बाद ही वाहन पर लाल, नीली बत्ती लगाई जा सकेगी।

वाहनों पर लाल-नीली बत्ती और हूटर हटाने के लिए प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा है। सत्ताधारी दल के नेताओं के साथ कई अधिकारियों की गाड़ियों से भी बत्ती और हूटर हटाए गए हैं। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारियों के साथ वाहन मालिकों के बीच नोकझोंक भी हुई। इसे देखते हुए शासन ने परिवहन विभाग कमेटी बनाकर वाहनों पर ऐसी लाइटें लगाने के लिए नए नियम बनाने के निर्देश दिए थे। कमेटी ने नए नियमों का प्रारूप तैयार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार अब लाल,नीली बत्ती लगाने के लिए संबंधित विभाग को विभाग में आवेदन करना होगा। जांच के बाद विभाग मंजूरी देकर विशेष स्टीकर जारी करेगा। स्टीकर पर विभाग और उसके अधिकारी का पद नाम लिखा होगा। इस स्टीकर को अपने वाहन पर लगाने के बाद ही बहुरंगी लाइट लगाई जा सकेगी। अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि नए नियमों को शासन की मंजूरी के बाद व्यवस्था लागू की जाएगी।

बढ़ा रेनकोट और छाते का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पहली बारिश के साथ ही रेनकोट और छाता बाजार खरीदारों की भीड़ से गर्म हो गया। कोई रेनकोट तो कोई पसंद और बजट के अनुसार छाता खरीदता नजर आया। मौलवीगंज, अमीनाबाद, इंदिरा नगर, निशातगंज, आलमबाग, यहियागंज, चारबाग, चौक समेत सभी बाजारों में दुकानों, ठेलों से लेकर फुटपाथ की दुकानों तक में पॉलीथिन बिक्री शुरू हो गई। छाता और रेनकोट का ठंडा पड़ा कारोबार भी गर्म हो गया। अभिभावकों ने बच्चों के लिए स्कूली ड्रेस से मैच करते हुए रेनकोट खरीदे।

अमीनाबाद के कारोबार अतुल कपूर ने बताया कि उनके यहां सभी तरह के आइटम उपलब्ध हैं। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सभी के लिए सभी रेंज के रेनकोट, छाते हैं। दो-तीन दिन से खरीदारी शुरू हो गई है। रोज 70 से 75 आइटम बिक रहे हैं। विस्तृत रेंज होने के कारण ग्राहकों का रुझान है। अब डकबैक जैसे ब्रांड के पीछे लोग नहीं भाग रहे हैं। नए ब्रांड बाजार में छाए हुए हैं। एरिस्टोक्रैट, मेरेक्किल, गोल्डेल बेल, रैनबो जैसे ब्रांड लोग हाथों हाथ ले रहे हैं।

अमीनाबाद मार्केट में बरसाती कपड़े व छाता दिखाते दुकानदार। अमृत विचार

मानसून की दस्तक

- बाजारों में छातों और रेनकोट की विस्तृत रेंज, डिजाइनर ओवरकोट भी उपलब्ध

छाते का भाव

महिलाओं के छातों का भाव 150 से 750 रुपये, पुरुषों वाले 175 से 800 और बच्चों वाले 150-500 रुपये तक है।

रेनकोट का भाव

महिलाओं के रेनकोट 300 से 1,500, पुरुष के 300 से 2,500 और बच्चों के लिए 200 से 700 रुपये में उपलब्ध हैं।

भारतीय सिंधु सभा के मेधावियों का सम्मान, अशोक चांदवानी बने जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय सिंधु सभा की लखनऊ शाखा का शपथ ग्रहण व मेधावियों का सम्मान समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। शिव शांति आसूदा आश्रम में आयोजित हुए कार्यक्रम में समाज के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मेधावियों व पदाधिकारियों को शहजादा साईं मोहन लाल का आशीर्वाद मिला। वक्ताओं ने सिंधी संस्कृति के साथ भारतीय परम्पराओं को बढ़ावा देने की बात मंच से रखी। साथ ही भारतीय सिंधु सभा यूपी ने कमेटी का गठन भी किया। प्रदेश अध्यक्ष नरेश जोतवानी ने समाजसेवी अशोक चांदवानी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान नव गठित टीम ने शपथ ली।

संस्था की ओर से प्रदेश भर में समाज के इस वर्ष उत्तीर्ण हुए 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर अशोक मोतियानी ने बताया कि प्रदेश भर से 300 से अधिक प्रविष्टियां आई थीं जिसमें बोर्ड में विद्यार्थियों द्वारा 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए हैं।

पोल पर वाहनों की टक्कर से बिजली आपूर्ति को झटका

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- वाहन की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है बिजली के पोल, टूट जाते हैं तार
- पोल को सुधारने के लिए लगाने पड़ते हैं उपकेंद्र अधिकारियों के चक्कर
- पोल बनाने में भी खर्च होती है मोटी धनराशि

वाहन की टक्कर से खंभे टूटने की प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है। कई बार आरोपी से पूरा खर्च भी वसूला जाता है। लेकिन रात में कई बार खंभे तोड़ने वाले की पहचान नहीं हो पाती है। ऐसे में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाता है।

-सुनील कपूर मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

अमृत विचार: पोल पर वाहनों की टक्कर से अब बिजली विभाग के साथ उपभोक्ताओं को करारा झटका लग रहा है। चार पहिया वाहनों के साथ ही ट्रक, टैक्ट्रर ट्राली या किसी अन्य भारी वाहन की टक्कर से राजधानी में आठ महीने में तकरीबन 200 खंभे क्षतिग्रस्त हो चुके है। इसके चलते कई क्षेत्रों में घंटों सप्लाई रही। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है। इन खंभों को ठीक कराने में बिजली विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार लापरवाही से वाहन के पोल से टकराने और क्षतिग्रस्त करने के बाद चालक पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

कुछ दिनों पूर्व ही शहीद पथ के पास लगे तीन खंभे वाहन की टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त हो गए और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। विभागीय अधिकारियों ने पहले तो जुगाड़ कर बिजली आपूर्ति शुरू की। लेकिन अभी तक क्षतिग्रस्त खंभों को ठीक नहीं किया जा सका है। मोहान रोड पर ट्रक की टक्कर से कई खंभे टूट चुके हैं। खंभों के बदला नहीं गया है।इन टूटे खंभों के ऊपर से ही बिजली के तार मौजूद हैं। कर्मचारियों को टूटे खंभे को बदलने से लेकर एबीसी केबल को डालने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इन इलाकों में वाहनों की टक्कर से हुआ खंभों का नुकसान

पिछले तीन महीने की बात करे तो नादरगंज में 20, कानपुर रोड़ में 24, मोहनलालगंज में 12, सरोजनीनगर में 10, आलमबाग में 8, आशियाना में 7, बंगला बाजार में 8, चौक में 15, तेलीबाग में 22, उतरेठिया में 16, मडियांव में 20, बीकेटी में 19,जानकीपुरम इंजीनियरिंग कॉलेज में 10, गुडंबा में 17, इंदिरानगर में 10, गोमती नगर में 8, चिनहट में 24 सहित राजधानी के अधिकांश क्षेत्र में वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त हुए।

मामूली बात पर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कोडरा रायपुर मजरा शंकरखेड़ा गांव में बीते रविवार की रात बलदेव व उसके पड़ोसी सुशील के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों पक्षों की ओर से आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें एक पक्ष से बलदेव व उसका भाई जगदेव व पिता व दूसरे पक्ष से सुशील व परिवार के कुछ लोग घायल हो गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लेकर गयी, जहां गम्भीर रूप से घायल हुए लोगों को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया, दोनों पक्षों के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट समेत अन्य गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

कार्यालय नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट

पत्रांक 161/न0पं0राजापुर/2024-25 दिनांक 22/6/2024

फीकल स्लज ऑपरेटरों के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट में में उपस्थित सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को सूचित किया जाता है कि सीवर की सफाई के बाद निकले हुये मलबा को हुसैन नगर राजापुर में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली करायें। आपके द्वारा सीवर का मलबा एम.आर.एफ. में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली कराये। आपके द्वारा सीवर का मलबा नगर पंचायत सीमान्तर्गत नाली/नाला में खाली करते पाया गया तो आपके विरुद्व उचित कार्यवाही एवं 5000.00 रुपया का जुर्माना भी किया जायेगा। सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को नगर पंचायत कार्यालय में पंजिकरण कराना अनिवार्य है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट — अध्यक्ष, नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट

कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा

पत्रांक: 009/न0पं0 नरैनी/2023-24 दिनांक: 26 फरवरी, 2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत नरैनी, जनपद-बाँदा सीमान्तर्गत सभी ''थोक कचरा उत्पादक'' (100 कि0लो0 से अधिक) (BWG) को सूचित किया जाता है, कि सभी ''थोक कचरा उत्पादक'' (100 कि0लो0 से अधिक) (BWG) अपने कूड़े का निस्तारण अपने स्तर पर करना सुनिश्चित करें। अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यदि कूडे के वैज्ञानिक निस्तारण में कोई समस्या/सहायता की आवश्यकता है, तो नगर पंचायत नरैनी, बांदा के सफाई विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नरैनी, बांदा

अपीलीय प्रभाव से जुड़े आवेदनों का निस्तारण शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आयकर अधिनियम-1961 के संशोधन और अपीलीय प्रभाव से संबंधित आवेदनों को शीघ्र निपटाने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन सोमवार से शुरू हो गया है। शिविर में मंगलवार को भी आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

बेहतर कर प्रशासन और कुशल कर भुगतान सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ, बाराबंकी और उन्नाव जिले के करदाताओं के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत राम तीर्थ मार्ग स्थित प्रत्यक्ष कर भवन ग्राउंड फ्लोर स्थित ऑडिटोरियम में की गई। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, (पूर्वी) लखनऊ देवेन्द्र सिंह चौधरी और प्रधान आयकर आयुक्त मीनाक्षी सिंह ने इसे शुरू किया।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, (पूर्वी) देवेन्द्र सिंह चौधरी ने चार्टर्ड अकाउंट्स एसोसिएशन, बार एसोसिएशन के सदस्यों और लखनऊ प्रभार के आयकर दाताओं एवं नागरिकों से वार्ता की। कहा कि आयकर विभाग जवाबदेह एवं पारदर्शी कर प्रशासन को लेकर प्रतिबद्ध है। करदाताओं को इस शिविर का लाभ अधिक संख्या में लेना चाहिए। प्रधान आयकर आयुक्त मीनाक्षी सिंह ने कहा कि आयकर अधिनियम के अंतर्गत संशोधन और अपील प्रभाव से संबंधित आवेदनों के शीघ्र निपटाने के लिए शिविर लगाया गया है। इसमें पूर्ण विवरण के साथ संशोधन के लिए तय समय सीमा में आवेदन दाखिल करना होगा। शिविर में अपर आयकर आयुक्त सौरभ दूबे, अभिषेक यादव, आयकर अधिकारी नीरज श्रीवास्तव, कमल कान्त वाजपेयी, बृजेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बार एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन की ओर से आईपी पांडे, ज़िया रिजवी, मृदुल अग्रवाल मौजूद रहे।

राम तीर्थ मार्ग स्थित प्रत्यक्ष कर भवन में दो दिवसी शिविर का शुभारंभ करते प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त पूर्वी व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा

पत्रांक: 010/न0पं0 नरैनी/2023-24 दिनांक: 26 फरवरी, 2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत नरैनी, बाँदा सीमान्तर्गत स्थित स्ट्रीट फूड वेन्डर, पान स्टॉल, खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं आदि को सूचित किया जाता है कि आप सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों से उत्पादित होने वाले अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित करने हेतु हरे एवं नीले रंग के पर्याप्त क्षमता के दो डस्टबिन को अनिवार्य रूप से रखे तथा डस्टबिन में एकत्रित होने वाले अपशिष्ट को नगर पंचायत के वाहनों में ही उपलब्ध कराये ताकि आपके प्रतिष्ठान से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट पदार्थों को सार्वजनिक स्थानों पर फेंके जाने से गंदगी उत्पन्न न हो तथा यह भी सुनिश्चित करें कि आपके आस-पास के 10 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की गंदगी सार्वजनिक स्थल पर पायी जाती है, तो उस क्षेत्र में स्थित सम्बन्धित समीपस्थ दुकानदार/वेंडर के विरूद्ध सुसंगत नियमों के अर्न्तगत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। यदि अन्य कोई व्यक्ति गंदगी करता पाया जाता है, तो उसकी सूचना पंचायत के सूचना नम्बर-8189078209 पर सूचित करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नरैनी, बांदा

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला साधु का शव

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में एक साधु का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सकरन थाना क्षेत्र के रेंधौरा गांव निवासी राजेन्द्र सिंह के गन्ने के खेत में सोमवार की सुबह करीब दस बजे ग्रामीणों ने एक साधु का शव पड़ा देखा। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के गांवों के लोगों को बुलाया मगर पहचान नहीं हो सकी। साधु बेलवा के लल्लापुर कुटी पर चल रहे मेले में पांच दिनों से देखा जा रहा था। जो सफेद लुंगी पहने हुए था। उम्र करीब (60) वर्ष होगी। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पायी है।

किशोर लापता

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में एक छात्र बाग से घर लौटते समय रास्ते से लापता हो गया। सतरिख थाना क्षेत्र के नानमऊ गांव निवासी राजू गौतम (15) पुत्र तुलसीराम रविवार की सुबह अपनी दो बहनों के साथ गांव के निकट अपनी आम की बाग गया था,उसके बाद करीब 10बजे साइकिल से घर के लिए वापस हो रहा था, लेकिन वह रास्ते से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। देर शाम तक कुछ पता नहीं चल सका है। राजू कक्षा 10 का छात्र है। करीब तीन माह पहले भी वह लापता हो गया था।

पुलिस कस्टडी में मौत मामले में तीन सिपाहियों को 10 साल की जेल

वर्ष 2003 में युवक ने पुलिस चौकी के कमरे में लगाई थी फांसी

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : पुलिस अभिरक्षा में युवक द्वारा फांसी लगाये जाने के मामले में आरोपी तीन आरक्षियों को एससी/एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने दोषी करार देते हुए तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वर्ष 2003 जुलाई के मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद दो रिटायर हो चुके सिपाहियों सहित एक तैनात आरक्षी को जेल भेजा है। मामले में सुनवाई के दौरान तीनों आरक्षी जमानत पर थे।

7 जुलाई वर्ष 2003 को रामकोट थाना इलाके के ग्राम मोहद्दीनपुर निवासी डालचंद्र (25) न्यायालय में अपने ऊपर चल रहे एक मुकदमे की पैरवी कर वापस घर जा रहा था। मुकदमे की पैरवी कर रहे भाई मैना ने बताया कि रास्ते में करीब 4 बजे कचनार चौकी पर तैनात आरक्षी केशरीनंदन पटेल और आरक्षी सुरेश ने डालचंद्र हिरासत में लेकर उसे चौकी कचनार ले गये। जहां पर जानकारी हुई कि चौकी पर आरक्षी सियाराम यादव की देखरेख में उसे गुंडा एक्ट के एक वारंट में कमरे में बंद कर दिया गया था। जहां शाम 5 बजे डालचंद्रने कुंडे से लटक कर पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या कर ली थी। आरोपी की पुलिस अभिरक्षा में मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई मैना की तहरीर पर धारा 342,306 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश पोस्टमार्टम रिपोर्ट व बयानों के आधार पर शुरू की। पुलिस ने मामले की विवेचना के उपरान्त केस डायरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय तीनों आरोपियों को जमानत पर रखकर सुनवाई कर रहा था। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अरुण कुमार अग्निहोत्री व अतुलंजय कुमार तिवारी ने सजा पर बहस की।

10 साल की सजा व 21 हजार जुर्माना

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी मो शफीक ने मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को कटघरे में खड़े तीनों आरक्षियों को पुलिस अभिरक्षा में युवक डालचंद्र की मौत का दोषी करार देते हुए धारा 342 व 306 के तहत दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान किया। न्यायाधीश ने तीनों आरक्षियों को 10-10 साल की सजा के साथ 21-21 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के फैसले के बाद पुलिस ने तीनों आरक्षियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

दो आरक्षी सेवानिवृत्त, एक पोस्टेड

वर्ष 2003 में हुयी पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत मामले में बाद तीनों आरक्षियों का अलग-अलग जनपदों में तबादला हो गया था। इन आरक्षियों में आरक्षीसुरेश सिंह और आरक्षीसियाराम यादव पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके है जबकि आरक्षी केसरी नंदन पटेल मौजूदा समय में जनपद बहराइच के कैसरगंज थाने में तैनात थे। तीनों आरक्षियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

पेड़ से लटका मिला श्रमिक का शव

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले श्रमिक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव नीम के पेड़ से फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पत्नी ने पति को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

बड्डूपुर के सरैया मातबर नगर निवासी संतोष कुमार (39) जगदीशपुर भगौली में स्थित ईंट भट्ठे पर कोयला झोंकने का काम करता था। रोजाना की तरह वह रविवार की शाम को घर से भोजन करने के बाद भट्ठे के लिए निकला। देर रात मजदूर साथियों ने पत्नी सुमन देवी को फोन कर संतोष के फांसी लगाने की सूचना दी। परिवार के साथ पत्नी मौके पर पहुंची। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ज्योति वर्मा के मुताबिक पत्नी ने संतोष की हत्या कर शव लटकाने की तहरीर दी है।

जारी रहेगी वकीलों की हड़ताल, पहली जुलाई को होगी आमसभा की बैठक

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : लगातार दो हफ्ते से चल रही वकीलों की हडताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार से पुन: बार संघ ने अधिवक्ताओं का तहसील में प्रवेश बंद कर दिया है और पहली जुलाई को आमसभा की बैठक बुलाई गयी है। करीब 20 दिन पहले अधिवक्ताओं ने विचाराधीन दाखिल खारिज के अविवादित मामलों को समय से निस्तारित न किये जाने, कागज दुरुस्ती के मामलों में समय से रिपोर्टिंग उपजिलाधिकारी न्यायालय न भेजे जाने समेत कई मामलों को लेकर बैठक कर न्यायिक कार्यों के बहिष्कार की घोषणा कर दी थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरकुठियां पाण्डेय, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 22.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कुरकुठियां पाण्डेय, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री क्रय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीन शेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टीशेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

गीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुरकुठियां पाण्डेय
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

कीर्ति मेहरोत्रा
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत कुरकुठियां पाण्डेय
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

एक फीट जमीन के लिए बड़े भाई को फावड़े से काट डाला

संवाददाता औरास (उन्नाव)

▸▸ उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के प्रताप खेड़ा का मामला, हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। औरास थानांतर्गत प्रताप खेड़ा गांव में मात्र एक फीट जमीन के विवाद में सोमवार सुबह छोटे भाई ने अपने बेटे के साथ बड़े भाई को डंडे व फावड़े से हमला कर मार डाला। बचाने आई उसकी पत्नी व सबसे छोटे भाई को भी घायल कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

औरास थानांतर्गत टिकरा बाव गांव के मजरा प्रतापखेड़ा गांव निवासी गुरुचरण (57) का अपने छोटे भाई रामकिशोर से घर के अंदर सहन की एक फीट जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसकी शिकायत पुलिस के पास भी पहुंची थी। जिस पर दोनों को पाबंद किया गया था। सोमवार को इसी विवादित जगह मिट्टी डालने की बात पर दोनों में कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इस पर रामकिशोर के बेटे अखिलेश ने ताऊ गुरुचरण के सिर पर डंडा मार दिया। रामकिशोर ने भी फावड़े के बेंत से गुरुचरण के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए जिससे गुरुचरण की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गए जिससे हत्यारोपी भाग नहीं सके। सूचना पाकर एसओ रेखा सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं और आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया।

आरिफ के दोस्त सारस को रास आने लगा कानपुर प्राणि उद्यान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अमेठी के आरिफ को घायल मिली मादा सारस को कानपुर प्राणि उद्यान की आबोहवा रास आ गई है। प्राकृतिक कच्चा भोजन खाकर और नर सारस का साथ पाकर मादा सारस खुश और स्वस्थ है। अमेठी निवासी आरिफ और सारस की दोस्ती का मामला बीते वर्ष मीडिया की सुर्खियों में रहा था। इसी के बाद मादा सारस को कानपुर प्राणि उद्यान लाया गया था। यहां आरिफ को साथ लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सारस को देखने आए थे। अमेठी के आरिफ को मादा सारस घायल हालत में मिली थी। इलाज के दौरान उसकी आरिफ से दोस्ती हो गई थी।

प्राणि उद्यान के मीडिया प्रभारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि मादा सारस को एक बार जंगल में छोड़ा गया था, लेकिन उसे इंसानों के बीच रहने की आदत पड़ गई है। इसलिए वह बस्तियों की तरफ लौट आई थी। मादा सारस पिंजरे के अंदर से भी किसी बच्चे या व्यक्ति को देखकर दोस्ताना बर्ताव करती है। उसे दोबारा बाहर छोड़ा गया, तो वह भागकर किसी घर में पहुंच सकती है।

मादा सारस पूरी तरह से स्वस्थ है। कानपुर प्राणि उद्यान में उसे हमेशा के लिए रखने के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा। यदि प्रस्ताव मंजूर हो जाएगा तो मादा सारस हमेशा के लिए यहीं रहेगी।

–नावेद इकराम, क्षेत्रीय वनाधिकारी, कानपुर प्राणि उद्यान

कार्यालय ग्राम पंचायत सरैयां, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 22.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सरैयां, विकास खण्ड सीटी मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री क्रय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टीशेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 28.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

ज्वाला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरैयां
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

धीरेन्द्र कुमार गुप्ता
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत सरैयां
विकास खण्ड सीटी मीरजापुर

बेकाबू कार की टक्कर से युवती की गई जान

जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार: खेत से घर आ रही एक युवती को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी प्रियांशी (18) पुत्री धर्मानंद अपने खेत से घर आ रही थी। तभी दुखीराम के खेत के मोड़ के पास उधौली की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

नदी में डूबा किशोर, मौत

हादसा

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : नदी में खड़े होकर मित्र के साथ फोटो खिंचवाते समय पैर फिसल जाने से एक किशोर डूब गया। सूचना पाकर पहुंची हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से चलाये गये तलाशी अभियान में किशोर का शव बरामद कर लिया गया है।

थाना कोठी अंतर्गत छेदामियां का पुरवा मजरें चांदूपुर निवासी स्व. जयराम रावत का पुत्र देवराज रावत (15) सोमवार को गांव निवासी रामप्रताप रावत, शिवम एवं गोमती नगर लखनऊ के लोहिया पार्क विजय खंड निवासी लवकुश वर्मा के साथ गोमती नदी के तट पर कोतवाली क्षेत्र स्थित औसानेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन के लिए आया था। दोपहर लगभग 12 बजे चारों घाट पर पहुंचे और स्नान के बाद देवराज एवं एक अन्य मित्र नदी के पानी में खड़े होकर फोटो खिंचवाने लगे। अचानक संतुलन बिगड़ जाने से देवराज गहरे पानी में चला गया। जब तक उसे बचाने के कोई उपाय किए जाते तब तक वह डूब गया।

परिणय सूत्र में बंधे पुरुष व महिला सिपाही, विवाद खत्म

उन्नाव, अमृत विचार। सदर कोतवाली में तैनात एक आरक्षी का सहकर्मी महिला आरक्षी से काफी अर्से से प्रेम-संबंध था। आरोप है कि बीते कुछ समय से पुरुष आरक्षी ने युवती से दूरी बना ली तो उसने कोतवाली में बीती 19 जून को रिपोर्ट दर्ज करा दी। जेल जाने की संभावना और बढ़ती मुसीबत देख आरक्षी शादी के लिए तैयार हो गया। चर्चा रही कि युवती ने एफआर के लिए हलफनामा दे दिया था। बदले घटनाक्रम के बाद सोमवार को मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर दोनों गोकुल बाबा मंदिर पहुंचे। वहां आचार्य की मौजूदगी में मंत्रों के साथ अग्नि को साक्षी मान दोनों ने सात फेरे लिये और एक-दूसरे को वरमाला पहनाई।

डीजे पर डांस को लेकर भिड़े बराती-जनाती

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार। डीजे पर बज रहे दबदबा है दबदबा बना रहेगा के गाने पर डांस को लेकर जनातियों एवं बरातियों के बीच मारपीट हो गयी। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने अपनी मौजूदगी मे निकाह सम्पन्न कराया। सोमवार को थाना क्षेत्र ग्राम सुरसन्डा निवासी इदरीस की पुत्री की बरात थाना व कस्बा देवा निवासी कुर्बान के पुत्र सद्दाम के यहां से आयी थी। बराती लड़की पक्ष के घर डीजे पर डांस करते हुए जा रहे थे। इस दौरान डीजे पर दबदबा है दबदबा बना रहेगा के बीच शराब के नशे में धुत कुछ युवक डांस करने के लिए बरातियों से भिड़ गये और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। इस घटना में इमरान, फुरकान, सिराजुद्दीन, आसिफ अली, विकास, कासिफ सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मसौली पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए अपनी मौजूदगी मे निकाह की रस्म अदा करायी। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि बरात के दौरान डीजे पर डांस को लेकर जनातियों एव बरातियों के बीच विवाद हुआ है जिसमे कुछ लोगों के चोटें आयी है जिन्हें जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है शादी सम्पन्न करा दी गयी है।

दो मालगाड़ियों के रुकने से क्रॉसिंग पर लगा लंबा जाम

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : रेलवे क्रॉसिंग केसरीपुर के निकट मालगाड़ी सहित दो ट्रेनें काफी देर तक खड़ी रहीं। जिसके चलते क्रॉसिंग पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सोमवार को शाम करीब 6:00 बजे बुढ़वल से गोंडा की ओर जा रही मालगाड़ी क्रॉसिंग के पास खड़ी कर दी गई थोड़ी देर बाद एक और ट्रेन आई उसे भी रोका गया, परिणाम स्वरूप घंटों लंबा जाम लग गया।

कार में लगी आग, व्यापारी ने कूदकर बचाई जान

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : एक व्यापारी की कार में आग लग गई। कार चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जबतक फायर ब्रिगेड पहुंचती, तब तक कार जलकर खाक हो चुकी थी।

जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम मेढिया फार्म निवासी शिवशंकर वर्मा आलू का कारोबार करते हैं। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर से देवा के लिए कार से आ रहे थे। तभी जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खंदौली के पास उनकी कार अचानक बंद हो गई और इंजन के पास से धुआं निकलने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटों ने कार को अपनी आगोश में ले लिया। शिव शंकर वर्मा ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

जलकर क्षतिग्रस्त हुई कार।

उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापा एक का लाइसेंस निलंबित

संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : टीमों द्वारा जनपद में कुल 64 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापेमारी की गयी। इसमें कुल 21 नमूने लिये गये। एक विक्रेता का उर्वरक विक्रय लाइसेंस निलम्बित किया गया। जबकि सात उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

तहसील नवाबगंज में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार द्वारा कुल सात छापे डाले गये और छह उर्वरक के नमूने ग्रहित किये गये। एक विक्रेता मेसर्स माता प्रसाद भूरामल एण्ड सन्स, फतेहपुर के भटेहटा मोड़ गोदाम पर निरीक्षण के दौरान गोदाम में उपलब्ध न्यूट्री भूमि सुधारक के सम्बन्ध में कारण बताओं नोटिस निर्गत की गयी। फतेहपुर में जिला कृषि अधिकारी रहित राम द्वारा कुल 18 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले गये और आठ उर्वरक के नमूने ग्रहित किये गये। एक विक्रेता मेसर्स विष्णु खाद भण्डार सूरतगंज का प्रतिष्ठान बन्द पाये जाने पर उर्वरक विक्रय लाइसेंस निलम्बित किया गया। रामनगर में जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा 17 छापे डाले गये, चार नमूना ग्रहित किये गये और पांच विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकरनगर

पत्रांक: मु0चि0अ0/आई0ई0सी0/2024–25/4888 दिनांक 24.06.2027



Choose LIFE. Not Tobacco.
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

जीवन है आपका मर्जी है आपकी

तम्बाकू या परिवार ?
क्या चुनेंगे आप !!



- धूम्रपान करने से सिर्फ कैंसर ही नहीं बल्कि पुरुषो में नपुंसकता और महिलाओ में बांझपन होने की सम्भावना भी बढ़ती है।
- असामान्य शुक्राणु।
- शुक्राणुओं की संख्या कम होना।
- शुक्राणुओं की गतिशीलता में कमी।
- धूम्रपान न करने वालों की तुलना में धूम्रपान करने वालों में नपुंसकता की घटना लगभग 50% अधिक है।
- तम्बाकू नहीं अपने परिवार को चुनिये और सुरक्षित रहिए।

तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 का पालन करें या जुर्माने अथवा दण्ड (जिसमें अर्थदण्ड अथवा कारावास) का सामना करें।

- धारा–4 के अर्न्तगत सार्वजनिक स्थान (जैसे सभागृह, अस्पताल, भवन, रेलवेस्टेशन प्रतीक्षालय, मनोरंजन केन्द्र, रेस्टोरेन्ट, शासकीय कार्यालयों, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थानो, पुस्तकालय, लोक परिवहन) एवं अन्य कार्यस्थलों में धूम्रपान करना अपराध है।
- धारा–5 के अर्न्तगत तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबन्ध है।
- धारा–6 (अ) के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को / के द्वारा तम्बाकू बेचना प्रतिबन्धित है।
- धारा–6 (ब) के अर्न्तगत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है।
- धारा–7 के अन्तर्गत तम्बाकू तम्बाकू उत्पादों पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित होनी चाहिए।
- धारा–21 व 24 के अन्तर्गत धारा 4,6 का उल्लंघन करने पर 200 रु. तक जुर्माना हो सकता है।

National Tobacco Quit Line Services - 1800 112 356 (TOLL FREE)

डा. आशुतोष सिंह
नोडल अधिकारी एन.सी.डी. अम्बेडकरनगर

डा. राजकुमार
मुख्य चिकित्साधिकारी अम्बेडकरनगर

अविनाश सिंह
जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

सौजन्य से – जिला स्वास्थ्य समिति, अम्बेडकरनगर

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर ख़ुशी से फूल नहीं उठता, और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुण्ड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।।

संपादकीय

विपक्ष की एकजुटता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक की शुरुआत में कामकाज को लेकर स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार सहमति के साथ चलने का प्रयास करेगी। देश जिम्मेदार विपक्ष चाहता है और देश की जनता विपक्ष से नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। वहीं 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि विपक्ष इस बार लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे। गौरतलब है कि आठ कार्य दिवसों के छोटे सत्र में पहले दो दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, उसके बाद लोकसभाध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शामिल है। इस छोटे सत्र में प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक मुद्दों को लेकर विपक्ष के हमले होने तय हैं। विपक्ष कितना आक्रामक हो सकता है, इसका इशारा राहुल गांधी ने यह कहकर दे दिया है कि कांग्रेस देश की जनता के समर्थन से किसी भी कीमत पर संविधान की रक्षा करेगी। साथ ही विपक्ष ने आपातकाल वाले बयान को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। भाजपा की संख्या अभी भी कांग्रेस से दोगुनी से अधिक है, लेकिन सत्तारूढ़ दल पूर्ण बहुमत से दूर है। इस बार दो दलों के समर्थन पर टिकी सरकार को जहां एक ओर बहुत मजबूत व संयुक्त विपक्ष (इंडिया) का सामना करना होगा, वहीं उनके अपने सहयोगी दलों का भी दबाव होगा।

नए सदन में कांग्रेस की शक्ति लगभग दोगुनी हो गई है। इंडिया की सदस्य संख्या भी इतनी है कि सरकार विपक्ष की उपेक्षा नहीं कर पाएगी। खासतौर पर संवेदनशील मसलों पर। 2014 के बाद पहली बार कांग्रेस आधिकारिक तौर पर नेता पद का दावा करने के लिए पात्र होगी। नई लोकसभा में सरकार का एजेंडा 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक में स्पष्ट करेंगी। उसके बाद 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में चर्चा की जाएगी और 2 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर अपना जवाब देंगे। नई लोकसभा में वह प्रधानमंत्री का पहला संबोधन होगा। जाहिर है अगर विपक्ष चुनाव पूर्व हुए गठबंधन को बरकरार रखने में कामयाब रहता है तो वह महत्वपूर्ण सवाल खड़े करने की स्थिति में होगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

अतीत से बोझा नहीं जीवन की ऊर्जा लेनी है

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

लोकजीवन में घटनाएं घटती हैं और अपने चिह्न सामूहिक-स्मृतियों में छोड़ जाती हैं, समष्टिस्मृति की वाचिक-परंपरा बहती रहती है। समय की गति के साथ स्मृतियों में अभिप्राय (मोटिफ) ढलते रहते हैं। समसामयिक इतिहास भी है, क्योंकि बीते हुए कल में से आज निकला है, आज में से आने वाला कल निकलेगा। यही जीवन की निरंतरता है। जीवन में स्मृतियों की भूमिका निर्णायक होती है। स्मृतियां जीवन के साथ चलती हैं, व्यक्ति से व्यक्ति मे, व्यक्ति से समूह में, एक समूह से दूसरे समूह में, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में चलती रहती हैं। देश-काल में संक्रमण करती रहती हैं। श्रुति-स्मृति की परंपरा।

यह बात दूसरी है कि इस चला-चली में संदर्भ बदलते हैं, परिस्थितियां बदलती हैं और इस अदल बदल में अनेक विसंगतियां, विस्मृतियां, विकृतियां, प्रक्षेप और अन्य दोष भी आते रहते हैं जैसे एक व्यक्तित्व पर दूसरे व्यक्तित्व का अध्यारोप और चमत्कार। लोकमेधा यथावसर उनका परिहार और परिष्कार भी करती है। जगत सेठ रामजी दास गुड़वाले स्वतंत्रता-संग्राम के पहले शहीद थे। उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ा, उन पर शिकारी कुत्ते छुड़वाये और फिर चांदनी चौक की कोतवाली के सामने फांसी पर लटका दिया था यह कहानी दिल्ली की लोककथा ही तो है। यदि आपके इतिहास में यह कहानी नहीं है तो आपके इतिहास को अधूरा क्यों न कहा जाय? बुन्देले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। लोकमन अपनी मान्यता और विश्वास के लिए कहानी गढ़ लेता है।

बादशाह अकबर ने तानसेन से पूछा-क्या तुमसे भी अच्छा गाने वाला कोई है? तानसेन बोला-जहांपनाह, मैं क्या हूं, जो मेरे गुरु स्वामी हरिदासजी हैं? उनको बुलवाओ, बादशाह ने कहा। जहांपनाह, वे तो अकिंचन हैं, उन्हें दरबार से क्या लेना? बादशाह तडप उठा, ठीक है, तो हम ही निधिवन चलेंगे। तानसेन बोला-बादशाह बन कर चलेंगे तो संगीत सुनने को नहीं मिलेगा। वे तो अपने आराध्य के रस में डूबे हैं। बादशाह आम आदमी बन कर तानसेन के पीछे-पीछे निधिवन पंहुचा। जब गायन सुन कर लौटा तो बोला-तानसेन, तुम ऐसा क्यों नहीं गा सकते? तानसेन ने कहा, मालिक। मैं आपको खुश करने को गाता हूं, मेरे मन में लालच है, वे क्षुद्र वासनाओं से ऊपर जा चुके हैं, वे बादशाहों के बादशाह के गायक हैं।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दु:खों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है।

इतिहासकार घटनाओं की पूर्वापरता को महत्त्वपूर्ण बतलाते हैं और इसके लिए वे पुरातात्त्विक और लिखित -साक्ष्य को प्रामाणिक मानते हैं, यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और इसमें किसी का मतभेद नहीं हो सकता। परन्तु इस वैज्ञानिक तथ्य के बावजूद क्या कारण है कि किसी भी युग और सत्ता की प्रवृत्तियों को लेकर उन इतिहासकारों के परस्पर मतभेद हैं? शायद ही कुछ ऐतिहासिक तथ्य हों, जिनमें वे एकमत हों। क्या इसका कारण यह है कि इतिहास-लेखन व्यक्ति स्तर पर किया जाता है और यदि इतिहासकार सामूहिकता से ओतप्रोत नहीं है तो व्यक्तिहित का भाव अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता। व्यक्ति है तो व्यक्ति हित भी अस्वाभाविक नहीं है। क्या इस मतभेद का कारण सत्ता का दखल, सत्ता का दबाव, प्रलोभन और पुरस्कार है? क्या यही कारण है कि सत्ता बदलती है तो सत्ता का इतिहास भी बदलने लगता है। सिंहासन बदला तो इतिहास भी बदलने लगता है? क्या इतिहास सत्ता का मुखापेक्षी है? क्या इतिहासकार सत्ताप्रार्थी है?

क्या यह सच नहीं है कि इतिहासकार पर परिवेश और सत्ता का दबाव होता है, उस दबाव से उसकी दृष्टि बनती है। हिटलर के जमाने में शारीरिक-मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानव जीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। आग्रह-शून्य होना बहुत कठिन होता है। ममता का विसर्जन हो सके, दबावों को नकार सके, यह बहुत ही बलवान-चरित्र का लक्षण है। सवाल तो यह है कि वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है? आर्य शब्द इतना पुराना है किन्तु प्रजाति के अर्थ में उसका प्रयोग कहीं नहीं है। उन्होंने मजहब के ऐसे पेच डाल दिए कि लड़ते रहो। जाति के आधार पर राजनीति करने वाले सत्ता में आए तब उनका जयजयकार करने- वाले इतिहासकारों ने कहा कि यहां तो जाति और वर्ण आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहे है, सो प्रत्येक जाति और वर्ण एक दूसरे से घृणा करते रहो, लड़ों और बदला लो। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़ कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं जनता की एकता को तोड़ना, जनता को लड़वाना, घृणा और वैमनस्य का विस्तार करना, मिथ्या-सिद्धांतों के स्टैचू खड़े करने में यह इतिहास सत्ता के बहुत काम आता है।

एक बात तो यह है कि वर्तमान से लोगों का ध्यान बहक कर इतिहास में चला जाता है, एक जाति, वर्ग, समुदाय यह समझने लग जाता है कि मेरे दुःखों का कारण दूसरी जाति, वर्ग या समुदाय है, इसे खत्म करो। वह इतिहास बदला लेने के लिए उकसाता है। सत्ता की छत्रछाया में लिखा गया इतिहास जाल ही नहीं, जंजाल है,जैसे आतंकवादी अपने घर में अवैध अस्त्र और विस्फोटक बनाने का काम करते हैं, वैसे ही ये इतिहास भी अवैध अस्त्र और विस्फोटक का काम करता है। वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए वे लोग इतिहास के खेत में जाति और धर्म-वैमनस्य के जहर की खेती कर रहे हैं, किन्तु क्या यहां सामंजस्य-समन्वय का अमृत था ही नहीं? देखें तो सही भारत के लोकजीवन में अन्तर्भुक्तियों का इतिहास कितना व्यापक है?

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया?

जनता का इतिहास केवल द्वन्द्व का ही नहीं समायोजन, समन्वय और सामंजस्य का भी है, समायोजन, समन्वय और सामंजस्य न होता तो भारत को राष्ट्र कैसे कहा जाता? राष्ट्र का तात्पर्य है भारत की शत-सहस्र मानव-जातियों की एकता। समान सामूहिक-स्मृतियां, समान-आनुवंशिकता, सहिष्णुता, सह-अस्तित्व। समस्त इतिहास गवाही दे रहा है, आदमी और आदमी का संबंध अनंतानंत भौतिक-मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का परिणाम है। भारत की धरती के कण-कण से, एक-एक पोखर-तालाब, नदी, सरोवर,पहाड़ से इस धरती के जन का जो तादात्म्य है, व ह किसी कानून के भय ने पैदा नहीं किया। वह लोकजीवन की उस अनादि परंपरा का संविधान है, जिसमें राजा-प्रजा एक घाट पर नहाते रहे हैं। कोई लोक को आधार बना सके,सामंजस्य-भाव को खोज सके,समष्टि-चेतना को खोज सके। क्या यहां युद्ध ही होते रहे? क्या सत्ता का ही इतिहास होता है? आम -आदमी के जीवन का निरंतर प्रवाह नहीं होता? क्या भलमनसाहत नहीं होती?क्या सर्वजनहित नहीं होता? क्या आप सर्वजन,समष्टिजन,सामान्यजन का इतिहास नहीं लिख सकते? जिन्होंने बृहत्तर-भारत के विशाल भूभाग से लोकगाथाएं एकत्र कीं, सामूहिक-राष्ट्रीय-स्मृतियां संजोयी, जीवन और प्रकृति के प्रति विकसित होने वाले दृष्टिकोण की व्याख्या की, सामाजिक-आंदोलनों का इतिहास लिखा। भारत के लोगों ने वे पुराण- गाथाएं धरती और अपने समूचे परिवेश में लिख दीं। देश के नाम (भारत) की बात हो या हमारे-आपके नाम हों, पर्व-त्योहार हों, वे गाथा और मिथक जीवित हैं, जीवित रहेंगे।

प्रसंगवश

ऑनलाइन गेम के चंगुल से क्या मुक्त होगा बचपन

आज के तकनीकी युग में नित्य नए मोबाइल धारकों की बढ़ती संख्या पर हमारी व्यवस्था भले ही इठला लें, कि 21 वीं सदी में हम अंगुलियों पर सब कुछ संभव बना रहे हैं, मगर शायद तकनीक में मशगूल होकर यह भूलते जा रहे हैं कि इससे हम अपनी अमिट पुरातन विरासत को तो क्षीण कर ही रहे हैं। साथ ही बालमन और युवावस्था को पथभ्रष्ट तथा उनकी ज़िंदगी को काल के गाल में भी धकेल रहे हैं।

आज के भौतिकवादी युग में अभिभावकों के पास समय का अभाव है, जिसके चलते वे जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौना एवं सिर पर माता-पिता का प्रेम होना चाहिए, उसमें वे उन्हें मोबाइल थमा देते हैं। यह वास्तव में बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

वस्तुतः ऑनलाइन गेम के प्रति युवाओं और बच्चों का बढ़ता झुकाव सिर्फ भारत की समस्या नहीं है। बीते कुछ वर्षों में दुनिया भर के बच्चों में इसे लेकर एक अलग प्रकार की दीवानगी पनपी है। जो कहीं न कहीं अब लत का रूप लेती जा रही है। लत किसी भी चीज़ की हो अगर उसकी अति हो जाए तो फिर उसका नुकसान भी भयानक होता है। अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इस लत का काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत में इसकी स्थिति क्या है, यह हम सबसे छिपा हुआ नही है। हमारे देश में तो एक दो साल के बच्चे के हाथ में भी मोबाइल थमा दिया जाता है। और वह बड़े चाव से मोबाइल देखते-देखते बड़ा हो जाता है।

भारत इस मामले में कहां खड़ा है इसका आकलन हम इन आंकड़ों से कर सकते हैं कि वर्ष 2022 में भारत में आनलाइन गेमिंग का बाजार 1.5 बिलियन से अधिक का था। तो वहीं 2025 तक इसके 5 बिलियन तक हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 2020 में जहां इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 फीसदी (80 मिलियन) थी तो वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 50 फीसदी (95 मिलियन) हो गई। 'एफआईसीसीआई' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 'ट्रांजेक्शन बेस्ड गेम्स' के राजस्व में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। और यह संख्या आगे और भी ज्यादा बढ़ने की ओर अग्रसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में ऑनलाइन गेमों की वजह से रूस में 130 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। तो वहीं भारत में करीब 100 बच्चों ने मौत को गले लगाया था। ऑनलाइन गेम्स को लेकर बच्चे इसके इतने आदि हो जाते हैं कि खाना-पीना तक छोड़ कर दिन-रात उसी में लगे रहते हैं। जिससे उनकी नींद भी प्रभावित होती है एवं उनमें चिड़चिड़ापन की समस्या भी बढ़ती है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक वर्तमान में भारत में करीब तीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। और 2028 तक यह संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जाने की संभावना है।

वहीं एक अन्य आंकड़े की बात करें तो वर्तमान में देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार करीब सात से दस हजार करोड़ रुपए के बीच है। जिसके अगले एक साल में 29 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इन आंकड़ों से ही स्थिति की भयावहता को समझा जा सकता है। लेकिन इसको लेकर न हमारी व्यवस्था सचेत नजर आती है और न ही परिजनों के पास इतना समय होता है कि वे हर पल बच्चों पर नजर रख सकें कि आखिर मोबाइल में उनका बच्चा क्या कर रहा है?

गौरतलब है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' ने भी ऑनलाइन गेम खेलने की लत (जिसे गेमिंग डिसऑर्डर नाम दिया गया है) को मानसिक अस्वस्थता की स्थिति माना है। जब कोई बच्चा लगातार घंटों तक मोबाइल और कंप्यूटर गेम खेलता है तो उसकी आंखों और शरीर के अन्य अंगों पर उसके गंभीर दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। वैसे संयुक्त परिवार की जड़ों से हमारे समाज का कटना भी कई समस्याओं का कारण है। और इसके लिए हम सरकार को दोष नहीं दे सकते। फिर भी ऑनलाइन गेमों पर अंकुश आज की जरूरत है और इसे गंभीरता से लिया भी जाना चाहिए। देखा जाए तो मोबाइल जीवन में अब शायद सांस लेने जितना जरुरी हो गया है। जिसके बिना हम जी नहीं सकते। मगर इसने हमें काफी हद तक नुकसान भी पहुंचाया है।

कड़वाहटों को कब तक ढोते रहेंगे

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें?

हर धर्म के मुख्य त्योहारों पर बधाई देना मेरी आदत में शुमार है। इस बकरीद में भी मैने बधाई दी, जिस पर कुछ भाइयों ने नाराजगी जाहिर की। प्रत्येक व्यक्ति की सोच अलग हो सकती है लेकिन किसी अन्य के त्योहार की बधाई देना घृणित कार्य कैसे हो गया,यह मेरे समझ से परे है। प्रतीत होता है कि यह विभिन्न राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के द्वारा फैलाए जा रहे धार्मिक विद्वेष एवं घृणा का ही यह परिणाम है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह की तरह घृणा भी मानव स्वभाव का ही अंग है। हम अपने परिवार के किसी सदस्य से या किसी पड़ोसी से किसी कारण वश घृणा करते हैं लेकिन यहां तो धर्म के आधार पर करोड़ों व्यक्तियों से घृणा की बात है। यह सत्य है कि मुसलमानों ने अतीत में हमारे देश पर आक्रमण कर हमें पराजित किया, कुछ लूटपाट कर वापस लौटे तथा कुछ ने यहां राज किया और हमारे धार्मिक स्थल तोड़े, हमें प्रताड़ित किया, गुलाम बनाया,धर्म परिवर्तित कराया। क्या इसलिए मुस्लिमों से घृणा की जाय? तो ऐसा ही कुछ कार्य पोर्तुगीज, डच, फ्रेंच और ब्रिटिश ने भी यहां आधिपत्य जमा कर किया। जलियांवाला बाग का सामूहिक नरसंहार तो 100 वर्ष ही पुराना है जबकि मुस्लिम राज्य तो कई शताब्दी पुराने है। इसाई तो अभी भी बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उनसे ऐसी घृणा क्यों नहीं? ऐसा ही कार्य तो अतीत में सवर्ण हिंदुओं ने दलितों के साथ किया है। उन्हें अछूत माना, सामान्य नागरिक अधिकार तक नहीं दिया। तपस्या कर रहे शंबूक की हत्या की गई। मंदिरों में पूजा करने की कौन कहे, कितनी जातियों को मंदिर प्रवेश से वंचित किया गया। तो क्या ऐसी जातियां तथाकथित उच्च जातियों से अब घृणा करें,उनका बहिष्कार करे, उन्हें मतदान न करें? प्राचीन काल में हमारे देश के ही राजाओं में राज्य विस्तार, स्त्री, अहंकार या पुरानी शत्रुता के लिए युद्ध होते रहे हैं और विजयी राजा पराजित राज्य की प्रजा का उत्पीड़न भी किया करते थे, लेकिन सारी प्रजा हिंदू ही थी, इसलिए धर्म परिवर्तन की बात नहीं आई। मुस्लिमों ने भी विजयी होकर हमारा उत्पीड़न किया क्योंकि हम शत्रु प्रजा थे। उनकी दृष्टि में हम काफिर थे इसलिए धर्म के आधार पर भी उत्पीड़न हुआ। मुसलमानों की संख्या हमारी तुलना में कम थी, अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए साम, दाम, दंड भेद का सहारा लेकर उन्होंने हमारा धर्म परिवर्तन भी कराया। अंग्रेज जाते जाते धर्म के आधार पर देश का विभाजन भी कर गए, इससे धार्मिक विद्वेष पुनः चरम पर पहुंच गया।

प्रश्न यह है कि एक ही देश और स्थान में साथ-साथ रहते हुए हम कब तक धार्मिक कारणों से कट्टर दुश्मन बन कर एक दूसरे के खून के प्यासे बने रहें? आज हम रोहिंग्या मुसलमान तथा अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशी मुसलमानों को तो निकाल नहीं पा रहे हैं, 20 करोड़ वैध मुसलमान नागरिकों को कैसे निकालेंगे,कौन सा देश उन्हें स्वीकार करेगा? मुसलमानों को भी विचार करना होगा कि उनके पूर्वजों द्वारा किए गए अत्याचारों से हिंदू उनसे नाराज़ है,वे कोई ऐसा काम न करें जिससे यह कटूता बढ़े। दुष्टों की कमी दोनों संप्रदाय में नहीं है जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का भरसक प्रयास करें, ऐसे तत्वों का हम सामाजिक बहिष्कार करें तथा इनसे शासन, प्रशासन सख्ती से निपटे। राजनीतिक दल वोट के लिए तुष्टिकरण एवं घृणा का खेल बंद कर सामाजिक समरसता का प्रयास करते रहें। विभेद कारी शिक्षा दृढ़ता से बंद की जाय। पुरानी तल्खियों को कब तक हम ढोते रहेंगे?

यह देश हम सभी का है यदि साथ साथ हम न चले तो हम सब मिट जाएंगे। खालिस्तान की आग बहुत कुर्बानी के बाद बुझी लेकिन विदेशों में अभी भी धधक रही है। नागालैंड तो कुछ शांत हुआ लेकिन मणिपुर की हिंसा समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मैंने उत्तर प्रदेश पुलिस में 1977 से 2013 तक सेवा की है और इस अवधि में छ दंगे झेले हैं। इन दंगों में सबसे बड़ा नुकसान होता है आपसी संबंधों का जिन्हें सामान्य होने में दशकों लग जाते हैं। इन दंगों से देश में जो हानि होती है,उससे कहीं अधिक हानि विदेशों में होती है। हमारी विरोधी लाबी इसका दुष्प्रचार करके हमें बदनाम करती है। अधिकांश मुस्लिम देश हमारे मित्र हैं। दंगों से उनसे हमारे संबंध खराब होते हैं और व्यापारिक क्षति पहुंचती है। विदेशों में रहकर पैसा कमाने वालों पर संकट आता है, उन्हें जीवन भय भी बना रहता है।

सोशल फोरम

पर्यावरण समस्या का दोषी मनुष्य

पर्यावरण की समस्या पृथ्वी में मौजूद जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर खड़ी है। यह सृष्टि अनंत संयोगों से बनी है। इस पर जीवन भी अरबों साल में अनंत संयोगों से धीरे-धीरे विकसित हुआ है। अगर इन संयोगों में एक संयोग वैसा न होता, जैसा वह हुआ, तो संभव है हम मनुष्य इस धरा पर न विकसित होते! हम मनुष्य तो इस पृथ्वी पर अन्य जीवों की तुलना में बहुत बाद में विकसित हुए हैं।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

यह दुनिया अनंत काल में स्वतः बनी है। यह आत्मसंचालित और आत्मनियंत्रित है। अगर यह स्वतः विकसित न होती, तो इसके विकास में अनंत समय न लगता। इसी तरह मनुष्य भी कंदराओं, गुफाओं में रहते, आखेट करते, पत्थरकाल, आदि कालों से गुजरता हुआ न आगे बढ़ता, बल्कि पूर्ण विकसित सभ्यता-संस्कृति के साथ पैदा होता और दुनिया के सभी मनुष्यों की एक ही सभ्यता-संस्कृति होती। वास्तव में दुनिया के विभिन्न समाजों में ईश्वर संबंधी विचारों की भिन्नता इसलिए है, क्योंकि यह विचार मानव के मन की उपज है।

इस पृथ्वी को बचाने, संरक्षित करने और सुंदर बनाने का दायित्व मनुष्य का है, क्योंकि संयोगों द्वारा प्राप्त तथाकथित योग्यता के कारण हम मनुष्य इस पृथ्वी के उपभोक्ता बन बैठे हैं। इसकी हमने अपने हिसाब से मनुष्य को केंद्र में रखकर मनमानी व्याख्या की है। इसका हमने अंधाधुंध दोहन किया है। आज पर्यावरण को लेकर जो समस्या खड़ी है, उसका एकमात्र दोषी मनुष्य है। आज की परिस्थितियों में पेड़ काटना मानव वध से गंभीर अपराध है। इसलिए यह हम सभी मनुष्यों का दायित्व है कि हम प्रकृति को बचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। आवश्यकता से अधिक इसके संसाधनों का उपभोग करने से बचें। उपभोक्तावादी दृष्टिकोण को बदलें। अब बहानेबाज़ी, विलंब और हीलाहवाली करने का समय नहीं रहा। पहले ही इस मामले में बहुत देर हो चुकी है।

-फेसबुक वॉल से

जरुरी स्वास्थ्य या पैसा

नशीली चीजों और पदार्थों के निराकरण के लिए प्रत्येक 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसंबर 1987 से इसे मनाने का निर्णय किया था। आंकड़ों के अनुसार शराब पीने वालों की संख्या पूरी दुनिया में 230 करोड़ के लगभग है। इसमें सबसे सबसे ज्यादा अमेरिका, यूरोप,और पश्चिमी प्रशांत महासागरीय देशों के लोग है जबकि भारत में शराब पीने वाले करीब 16 करोड़ है। यह आश्चर्य की बात है कि देश में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है। भारत में शराब की खपत के मामले में सबसे ऊपर छत्तीसगढ़ है। यहां कुल आबादी का 35.67 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। दूसरे स्थान पर त्रिपुरा का नाम है और जहां शराब पीने वालों की तादाद कुल जनसंख्या का 34.7 प्रतिशत है जबकि आंध्र प्रदेश 34.5 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर और 28.5 प्रतिशत के साथ पंजाब चौथे नंबर पर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वैश्विक बीमारी के बोझ का लगभग 5.1 प्रतित शराब के सेवन के कारण है और हर साल लगभग 3.3 मिलियन मौत का कारण यह बनता है। एक अन्य सर्वे के अनुसार हर 20 में से एक व्यक्ति को मौत का कारण शराब ही है। केवल भारत में हर साल शराब की वजह से 2.5 लाख मौतें हो जाती हैं जो काफी दुर्भाग्य पूर्ण है हर साल हजारों लोग जहरीली शराब से भी मरते है। इन सबके बाबजूद भारत में सरकारों के लिए शराब 'खराब' नहीं है। क्योंकि उनके राजस्व वसूली में से 10 से 15 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से होती है।

हमारे समाज में दिन प्रतिदिन मादक पदार्थों व द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिनका उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की लत और नशीली चीजों के समाज को अवगत कराना होता है ताकि मादक द्रव्यों और पदार्थों के सेवन से रोकथाम के लिए उचित वातावरण और चेतना का निर्माण हो सके।

शराब बंदी सही और ठोस उपाय नहीं है। जिन्हें पीनी होती है वो नकली पी कर भी जान गंवाते हैं। जिन प्रदेशों में बंदी है वहां स्मगलिंग के द्वारा पहुंचती है। इलेक्शन के दौरान जिन्हें पिलानी होती है वो पहले से ही इंतज़ाम करके रख लेते हैं। सामाजिक चेतना और लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है।

ऐसी भी सरकारें हैं जो बढ़ावा देने के लिएएक पर एक फ्री की स्कीम चलाती हैं। ऐसे लोगों के लिए दंड व्यवस्था आवश्यक है, पंजाब में हर तरह के नशे को जीवन में घोल दिया गया है।

उन शहरों में जहां स्कूल कालेज के हब हैंटार्गेट बना कर पूरी पीढ़ियों को नशे की लत विदेशी एजेंसियों के द्वारा लगाई जा रही हैइन साजिशों को बेनकाब करना भी बहुत ज़रूरी है।

आमदनी बढ़ने के साथ ही मोबाइल, मोटरसाइकिल, कार खरीदने के साथ नशे की लत भी बढ़ रही है। इसलिए सामाजिक चेतना और स्वयं पर नियंत्रण ही सबसे प्रभावी कदम हो सकते हैं। इसके विपरित हाल में मुंबई के अंग्रेजी अखबार में छपी खबर के अनुसार एमएलसी पोल के दौरान 24, 25, और 26 जून को मुंबई में होने वाली शराब बंदी का विरोध किया जा रहा है। मुंबई के करीब 15000होटल और बार इस शराब बंदी का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे 100 करोड़ का नुकसान होगा इसके लिए वो न्यायालय की शरण में भी गए हैं। अब माननीय न्यायालय को ही तय करना है की स्वास्थ्य और पैसे में क्या जरूरी है?

संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है। लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। लेकिन स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर- इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा रहा है। लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं। मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभिक विकासकाल से ही मनुष्य जहां औज़ार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामुहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है; ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है; ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं।

पहली चीज़ समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज़ पीछे ले जाती है। लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

विशिष्ट पास धारक रंगमहल बैरियर से करेंगे प्रवेश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर की दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस- प्रशासन के अधिकारियों की ट्रस्ट पदाधिकारियों व सुरक्षा और व्यवस्था में लगी एजेंसियों के अधिकारियों संग सोमवार को हुई बैठक में दर्शन व्यवस्था का नया खाका खींचा है। जो आज मंगलवार से लागू हो जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत विशिष्ट दर्शन पास धारकों को रंगमहल बैरियर से और सुगम दर्शन पास धारकों को सुग्रीव किला के रास्ते अमावां मंदिर के पीछे से डी-1 होते हुए मंदिर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। सामान्य श्रद्धालु पूर्व की तरह रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग के रास्ते ही दर्शन को जाएंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राममंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा है। बूढ़े, बच्चे,जवान, महिला-पुरुष और अधिकारी, नेता-मंत्री समेत विशिष्ट व अति विशिष्टजन दर्शन को आ रहे हैं। सुगम दर्शन कराने के नाम पर रकम वसूली तथा रकम लेकर

▸▸ आज से राममंदिर में दर्शन के लिए होगी नई व्यवस्था

▸▸ सुगम दर्शन पास धारक अमावा मंदिर के पीछे से जाएंगे

फर्जी आरती पास उपलब्ध कराने की कई शिकायतें आईं। जिसके चलते श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से परिसर में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित किया गया था और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की थी। देश-विदेश के श्रद्धालुओं को रामलला का सुगम और सुचारु दर्शन कराने के लिए शासन की ओर से निर्देशित किया गया था। बीते दिनों जिले के दौरे पर आए प्रमुख सचिव व एडीजी ज़ोन लखनऊ ने पुलिस-प्रशासन, ट्रस्ट और मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष से व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया।

नई व्यवस्था लागू किए जाने का निर्देश दिया। जिसके बाद एसपी सुरक्षा की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और ट्रस्ट महासचिव को पत्र भेजा गया है और 25 जून मंगलवार से नई दर्शन व्यवस्था लागू किए जाने की जानकारी दी गई है। उधर, 26 जून को राम मंदिर की सुरक्षा समिति की बैठक होने जा रही है। जिसको लेकर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा इस पूरे परिसर की महीने में एक बार सुरक्षा योजना की समीक्षा होती है। जिसके लिए सुरक्षा समिति बनी हुई है।

अब अधिकारियों के कार्यालयों में भी बनवाए जा सकेंगे पास

सुगम दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से पास जारी किया जाता था। साथ ही ट्रस्ट कार्यालय से आरती पास भी जारी होता है। नई व्यवस्था के तहत सुगम और विशिष्ट दर्शन पास बिडला धर्मशाला के सामने सुग्रीव किला मार्ग स्थित श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय के अलावा मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, एसएसपी कार्यालय से भी बनवाये जा सकते हैं। योजना के अनुपालन के लिए पत्र पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ एसएसफ, पीएसी व सीआरपीएफ को भेजा गया है।

> श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को इसकी जानकारी दी गई है। मंगलवार से इसका अनुपालन शुरू कराया जाएगा।
> – पंकज पांडेय, एसपी सुरक्षा।

अब फोन कराने पर नहीं मिलेगा वीआईपी दर्शन

राम मंदिर में फोन के माध्यम से अब वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गई है। अब मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए सुगम दर्शन पास दिखाना होगा। इसके साथ ही देर शाम दर्शन के लिए 9 बजे तक ही सुग्रीव किला से प्रवेश मिलेगा। 9 :15 पर उन लोगों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके पास आरती पास होगा। डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि दो नंबर बैरियर से मंदिर में प्रवेश करने वाले लोगों को पहचान कराने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

नित्य दर्शन करने वालों के लिए बनेगा पास

अयोध्या के संत-महंतों का आग्रह था कि वे रामलला के नित्य दर्शन कर सकें। ट्रस्ट ने उनको ये सुविधा देने का निर्णय लिया है। नित्य दर्शनार्थियों को पास दिया जाएगा। आधार कार्ड व पास दिखाकर सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उनके लिए अलग पंक्ति बनाई जाएगी।

31 तक ट्रस्ट को सौंपा जाएगा यात्री सुविधा केंद्र

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राममंदिर में कार्य के विस्तार के साथ ही वर्करों की संख्या और मशीनों को बढ़ाया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने सोमवार को बताया कि यात्री सुविधा केंद्र निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वाटर प्रूफिंग का काम लगभग पूरा है। 31 जुलाई तक यात्री सुविधा केंद्र ट्रस्ट को सौंप दिया जाएगा।

पूर्व विधायक सोनू सिंह समेत तीन जेल से हुए रिहा

सुलतानपुर, अमृत विचारः व्यापारी को पीटने व जेसीबी से दीवार ढहाने के मामले में हुई डेढ़ साल की सजा को चुनौती देने वाली अपील पर हाईकोर्ट ने जेल में बंद इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व सह आरोपियों को जमानत दे दी थी।

सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में पूर्व विधायक के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रुक्सार व अंशू सिंह की तरफ से जमानत के बंध पत्र दाखिल किए। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट ने पूर्व विधायक समेत तीन को 10 हजार रुपए के बंधपत्र व मुचलके पर रिहाई के आदेश दिए हैं। धनपतगंज थाने के मायंग गांव के व्यापारी बनारसी लाल कसौधन ने 25 फरवरी 2021 को इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू उनके भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू, समर्थक सिंटू व छह-सात अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

दुष्कर्म पीड़िता ने बालिका की परवरिश में जताई असमर्थता

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचारः जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र की एक 15 वर्षीय पीड़िता के साथ विगत दिनों हुए सामूहिक दुष्कर्म के चलते बालिका ने जिला महिला अस्पताल में एक बालिका शिशु को जन्म दिया। नवजात के जन्म से बालिका के ऊपर असमय ही एक शिशु के पालन पोषण की जिम्मेदारी आन पड़ी तो वह बिलख उठी और उसने व उसके माता-पिता ने इस नवजात शिशु का उत्तरदायित्व संभालने में पूरी तरह असमर्थता जताई।

पीड़िता व उसके माता-पिता की ओर से संयुक्त प्रार्थना पत्र न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष देकर प्रार्थना की गई कि वे लोग इस नवजात की जिम्मेदारी संभाल पाने में असमर्थ हैं। इस कारण इस शिशु का प्रत्यर्पण करना चाहते हैं। पीड़िता और उनके परिवार की इस कठिन परिस्थितियों का विचारण करने के लिए यह मामला सीडब्लूसी पीठ (बेंच का मजिस्ट्रेट) के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव व सदस्य दीपमाला प्रधान, नवनीत मिश्रा व अर्चना पांडे के समक्ष प्रस्तुत हुआ। इस पर इनकी परिस्थितियों पर गंभीर विचार करने के उपरांत पीठ ने इनका प्रत्यर्पण प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए इस बालिका शिशु को उचित देखरेख एवं संरक्षण के लिए राजकीय शिशु गृह लखनऊ भेजे जाने का आदेश पारित किया। सीडब्लूसी पीठ ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि 15 वर्षीय बालिका जो स्वयं अभी नाबालिग है। उसके ऊपर परिस्थितिवश जो एक शिशु का उत्तरदायित्व आन पड़ा है, उसे वह संभाल पाने में सक्षम नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि वह अपने नवजात शिशु का प्रत्यर्पण करना चाहती ह, तो वह स्वीकार किए जाने योग्य है। इन परिस्थितियों में इस निर्दोष शिशु के भी उचित देखरेख एवं संरक्षण की व्यवस्था किया जाना बाल कल्याण समिति पीठ नैतिक उत्तरदायित्व मानती है। इस कारण इस शिशु को पूर्ण सुरक्षा के साथ राजकीय शिशु गृह में संरक्षित कराया जाना चाहिए।

रामलला दरबार में हरियाणा सरकार

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को अपनी कैबिनेट के 13 मंत्री व 19 विधायकों के साथ रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भी मौजूद रहे। राम मंदिर परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हरियाणा में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चला रखी है। अगस्त-सितंबर तक यहां से उड़ानें शुरू हो जाएंगी। हिसार से अयोध्या को जोड़ा जाएगा। अमृत विचार

घर में अकेली रह रही वृद्धा का दो दिन पुराना शव मिला

कानपुर, अमृत विचारः चकेरी थानाक्षेत्र के कर्मचारी नगर में घर में अकेली रह रही वृद्धा का दो दिन पुराना शव मिला। मृतका का बेटा मध्य प्रदेश के भिंड में परिवार के साथ रहता है। पुलिस को घटना की जानकारी नहीं है। कर्मचारी नगर निवासी 82 वर्षीय जयपूर्णा तिवारी घर में अकेली रहती थीं। उनका बेटा रवि चंद्र तिवारी एयरफोर्स से सेवानिवृत्त होने के बाद मध्य प्रदेश के भिंड में आबकारी विभाग में कार्यरत है। वह वहीं अपने परिवार के साथ रहते हैं। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि करीब 22 वर्ष पहले जयपूर्णा के पति कालिका प्रसाद की मौत हो गई थी। बेटे रवि ने मां का हालचाल लेने के लिए घर मे सीसीटीवी लगवा रखे हैं। पिछले तीन से चार दिन में रवि ने कैमरे नहीं चेक किए।

दोस्त की हत्या कर 10 दिनों तक घर में छिपाए रहा शव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। एक कैमरे के लिए दोस्त को घर बुलाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद 10 दिनों तक दोस्त के शव को घर में ही छिपाकर चैन से सोता रहा। घटना की किसी को भनक तक नहीं लगी। गुमशुदगी दर्ज होने करने के बाद पुलिस की जांच में घटना का पर्दाफाश हुआ। पूछताछ में आरोपी पुलिस के समक्ष वारदात करना स्वीकार किया।

घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई पटेल नगर पटेल नगर निवासी राजा बाबू शादीपुर स्टेशन रोड में स्टूडियो का संचालन करता है। राजा के स्टूडियो में उसका साथी शादीपुर निवासी फैयाज (40) कई सालों से फोटोग्राफी का काम करता था। बताया जा रहा है कई दिन पहले फैयाज स्टूडियो से एक कैमरा ले गया था, जिसे वह राजा बाबू को वापस नहीं कर रहा था। इसकी वजह से दोनों में विवाद हुआ । राजा बाबू की पत्नी बच्चों को लेकर मायके में थी। इसलिए 14 जून की रात राजा बाबू ने दोस्त फैयाज को शराब पार्टी के लिए अपने घर बुलाया। बताया जा रहा है कि राजा बाबू और फैयाज के बीच नशे की हालत में कैमरे को लेकर फिर विवाद हुआ और आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। सूने घर का फायदा उठाकर राजा बाबू ने दोस्त का शव घर में ही छिपा दिया। इस हालत में वह 10 दिनों तक घर में शव को रखकर चैन की नींद सोता रहा। जब फैयाज अपने घर नहीं पहुंचा तो राजा बाबू से जानकारी की तो उसने कहा कि वह यहां से चला गया था। उसके परिजन उसकी दूसरी जगह खोज करने लगे।

शासन ने मांगी बारिश में रामपथ धंसने संबंधी रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार : पहली बारिश में रामपथ के धंसने और सीवर लाइन के इर्द-गिर्द गडढे होने को शासन ने गंभीरता से लिया है। कोई कार्रवाई प्रस्तावित होती या नहीं लेकिन इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन ने मांगी है। अयोध्या पर शासन की नजर है। पहली बारिश के बाद रामपथ, सीवर लाइन और जलभराव की स्थिति मीडिया की सुर्खी बन गई। जगह-जगह सड़क धंसी। सीवर लाइन की स्थिति ठीक नहीं रही। सूत्रों की मानें तो शासन ने भी इसे संज्ञान लिया है। सूत्र बताते हैं कि शासन ने मीडिया से जुड़ी इसकी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसे सोमवार को बनाया जा रहा था। उम्मीद है कि देर शाम तक इसे शासन को भेज दिया जाएगा।

साथियों ने ही गल्ला व्यवसाई को मारी थी गोली

गोसाईगंज/कूरेभार, सुलतानपुर अमृत विचारः रविवार की रात कूरेभार थाना क्षेत्र की गुप्तारगंज बाजार निवासी गल्ला व्यवसायी राजेश जायसवाल (35) पुत्र विंदेश्वरी को करीब साढ़े नौ बजे घर से थोड़ी दूर पर उसके साथियों ने ही गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की मां की तहरीर पर चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक व्यवसायी का शव घर पहुंचा तो वहां हजारों की संख्या में भीड़ और एक दर्जन थानों की पुलिस तैनात रही।

चोरी की 7 बाइकों के साथ अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचारः स्वॉट टीम व गौरीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की एक दर्जन से अधिक बाइकों के साथ अंतर्जनपदीय चोर को गिरफ्तार किया है। उस पर केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

टिकरिया सीमेंट फैक्ट्री के बगल बंद पड़ी विद्युत पोल फैक्टी मोड़ बाबूपुर की तरफ जाने वाली रोड पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी बाइक सवार एक व्यक्ति बंद फैक्ट्री से निकलकर बाहर आ रहा था। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने नाम अनूप तिवारी उर्फ पिन्टू (32) निवासी ग्राम पूरे नेमधर पण्डित वार्ड संख्या 13 माधोपुर थाना गौरीगंज बताया। बाइक के कागज मांगने पर वह नहीं दिखा सका। इसके बाद सख्ती से पूछने पर उसने बताया कि बाइक चोरी की है। युवक की निशानदेही पर बंद फैक्ट्री से चोरी की सात बाइकें बरामद की गई हैं। पुलिस ने बरामद बाइकों में से कुछ की पहचान कर ली है। इनमें से दो वाहन जनपद रायबरेली व दो वाहन जनपद प्रतापगढ़ से चोरी किये गये थी। उक्त चोरी गये किये वाहनों के सम्बंध में संबंधित थानों पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

ट्रेनों के रूट में किया जाएगा बदलाव

नई दिल्ली , अमृत विचारः उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल पर यातायात ब्लॉक के कारण ट्रेनों का अल्प समापन/उत्पन्न/विनियमन दिल्ली डिवीजन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अस्थायी रूप से शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट व विनियमित किया जाएगा। ट्रेन का अल्प समापन/प्रस्ताव/आंशिक रूप से रद्दीकरणः- 14323 नई दिल्ली-रोहतक जेसीओ 25.6.2024 बहादुरगढ़ में समाप्त होगी। 14324 रोहतक-नई दिल्ली जेसीओ 25 जून 2024 बहादुरगढ़ से शुरू होगी। 14323/14324 जेसीओ 25 जून 2024 बहादुरगढ़ के बीच आंशिक रूप से रद रहेगी।

जीवन को आसान बनाने के तरीके बताए

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचारः उत्तर पश्चिम रेलवे ने रेलकर्मियों व उनके परिवारीजनों के लिए प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें आर्ट ऑफ लीविंग के मोटिवेशनल स्पीकर आत्मानंद जी और चिन्मय मिशन के अभेदानंद जी ने समग्र कल्याण एवं स्थायी जीवन पर आधारित विषयों पर प्रेरक व्याख्यान दिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ की पहल पर वर्तमान समय में जीवन को आसान, और सम्पूर्ण जीवन में मूल्यों पर आधारित उद्देश्यों को सम्मलित करने के लिए प्रेरक वक्ताओं आत्मानंद जी व अभेदानंद जी द्वारा

प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। आत्मानंद जी ने योग और ध्यान के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर और आसान बनाने के तरीके बताए। कहा दूसरों को बदलने के स्थान पर अपने आप को बदल लेना चाहिए। आदमी को बच्चे की तरह होना चाहिए जो बिना किसी काम के कुछ भी करता रहता है। आत्मानंद ने इसके बाद उपस्थित समूह को ध्यान भी करवाया। अभेदानंद जी ने हुए कहा कि मनुष्य को सुखी जीवन के लिए दस महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। व्यक्ति को गुस्सा छोड़ देना चाहिए, दूसरों में बुराई के स्थान पर अच्छाई ढूंढनी चाहिए। अहंकार को छोड़कर इंद्रियों पर विजय पाकर राजा की तरह रहना चाहिए।

कहा कि आदमी को मन में दया एवं क्षमा का भाव रखना चाहिए। पैसों को लक्ष्य बनाने के स्थान पर सभी का प्रिय बनने के लिए कार्य करना चाहिए। व्यक्ति को मोह एवं दूसरों की बातों को छोड़कर अपनी जिंदगी को सफल बनाना चाहिए। अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे ने आत्मानंद जी और अभेदानंद का अभिनंदन कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी

पत्रांक :– मेमो/2024–25 दिनांक : 24.06.2024

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन रूल्स–2016 के अनुपालन एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखे जाने हेतु शहरवासियों से अपील

बल्क बेस्ट जेनरेटर इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु।

- ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबन्धन नियम–2016 दिनांक 08.04.2016 से अधिसूचना जारी है, जिसके अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित/ उत्पन्न करने वाली संस्थायें व इकाईयां जैसे–होटल,/रेस्टोरेंट/विवाहघर/हास्पिटल/कालेज/विश्वविद्यालय/रेजिडेंस/कैन्टीन/वेल्फेयर एसोसिएशन/सब्जी मण्डी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस हेतु आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना आवश्यक है।
- समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों से अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिष्ठानों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स–2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/ऑर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पालिका द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स–2016 का अनुपालन नही पाया जाता है तो नगर पालिका द्वारा प्रख्यापित उपनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

कूड़े को खुले में डम्पिंग न किये जाने/कूड़े को न जलाये जाने, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हेतु।

- नगर पालिका गोला गोकर्णनाथ नगर क्षेत्र से जनित कूड़े के निस्तारण हेतु बने कूडा निस्तारण केन्द्र कोटवारा में टामल द्वारा कूडा अलग–अलग किया जाता है, एवं एम0आर0एफ0 प्लांट सुव्यवस्थित एवं संचालित है।
- मा0 न्यायालय में योजित रिट पीटिशन (सिविल) संख्या–13029/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के आदेश के क्रम में नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कूड़े में आग लगाकर उसे जलाया न जाए।
- किसी के द्वारा ऐसा करना पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध रू0 5000/– का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत मलवा निस्तारण का कार्य।

- नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ नगर क्षेत्र के समस्त भवन एवं भू–स्वामियों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवन के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलवा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके।
- निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री के निस्तारण हेतु नगर पालिका के टोल फ्री न0 1533 या मो0 नम्बर 9264962515 पर सम्पर्क करें। उक्त कार्य हेतु पालिका द्वारा 500 रूपये प्रति टन दर से यूजर चार्ज लिया जायेगा।
- नगर क्षेत्र के किसी भी भू–स्वामी/ठेकेदार/दुकानदार द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं सड़क पर निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री एकत्र किया जाता है तो यह कृत्य (C&D Waste Management Rules-2016,Environmental Protection Act& National Green Tribunal) नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश/आदेश का उल्लघंन है, जिस हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तर दायित्व निर्माण एवं विध्वंसक सामग्री उत्सर्जक का होगा।

खुले में शौच/यूरिनल न किये जाने हेतु।

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र को ओ0डी0एफ प्लस घोषित किया जा चुका है।
- नगर पालिका क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे शौच/यूरिनल के लिये घरों में स्थित शौचालय/यूरिनल अथवा नगर पालिका द्वारा निर्मित सामुदायिक या सार्वजनिक शौचालय/यूरिनल का उपयोग करें। खुले में शौच/यूरिनल न करे।
- नगर पालिका के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्व स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 200 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

फीकल स्लज के निस्तारण हेतु

- समस्त नगरवासियों से अपील की जाती है कि फीकल स्लज (सेप्टिक टैंक से निकलने वाला मल) को खुले में या किसी भी स्थान पर डालना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।
- **फीकल स्लज के निस्तारण हेतु** पालिका मे निर्धारित शुल्क जमा कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है तथा नगर क्षेत्र में 4 निजी फर्मों को भी सम्बन्धित कार्य हेतु पंजीकृत किया जा चुका है जो कि अपने अनुसार निर्धारित शुल्क प्राप्त कर कार्य किया जाता है।
- यदि पलिका द्वारा संचालित सीवर सेक्शन मशीन चालक अथवा निजी फर्मों/व्यक्तियों के द्वारा नदी, तालाब, नाले या सार्वजनिक खुले स्थानों पर सीवर सेक्शन मशीन/अन्य संसाधनों से खुले में मल आदि बहाया/ फेंका जाता है तो उसके विरूद्व ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियम–2016 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये 5000/– का जुर्माना वसूला जायेगा।
- समस्त सीवर सेक्शन मशीन चालक सेप्टिक टैंक की सफाई से निकले मल/कीचड़ को पालिका द्वारा निर्धारित स्थान (faecal sludge Treatment Plant) मझरा फार्म, लखीमपुर में ही डालना सुनिश्चित करे।
- अधिक जानकारी हेतु नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के टोल फ्री न0 1533 अथवा मो0 न0 9264962515 पर सम्पर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गोला गोकर्णनाथ

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गोला गोकर्णनाथ–खीरी

संसद में पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी को पुष्प गुच्छ देते किरण रिजिजू।

संसद सत्र के पहले दिन संसद परिसर में तस्वीर लेते हुए सांसद।

शपथ ग्रहण करने के बाद रजिस्टर पर हस्ताक्षर करतीं बांसुरी स्वराज।


रजिस्टर पर हस्ताक्षर करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। ● एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन संविधान पर संग्राम

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 50 साल पूर्व आपातकाल के जिक्र पर भड़की कांग्रेस, सदन में इंडी गठबंधन के सांसदों ने दिखाई एकजुटता

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन सोमवार को संविधान पर जमकर सियासी सग्राम देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरूआत से पहले 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया तो समूची कांग्रेस आग बबूला हो उठी। मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर दी।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के नेता संविधान की प्रति लेकर सदन में पहुंचे और मोदी के खिलाफ एकजुटता प्रकट की। कार्यवाही आरंभ होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने संविधान की रक्षा हम करेंगे और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। इस दौरान सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी तथा द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के कई अन्य घटक दलों के सांसद मौजूद थे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि यह उन्हें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। हम संविधान पर वह हमला नहीं होने देंगे। उनका यह भी कहना था यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने विपक्षी सांसदों की नारेबाजी का वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, हम लोकतंत्र के प्रहरी हैं। हम संविधान की रक्षा करने और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लिए हमेशा देश का संविधान और देश की जनता का हित सर्वोपरि रहा है।

संसद में पहुंचे भाजपा नेता नितिन गड़करी।

लोकसभा में सत्र के पहले दिन सदन में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, व अमित शाह व अन्य सदस्य।

मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर हैं तथा अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया राजग के पहले 15 दिन, भीषण ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकवादी हमले, ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा, नीट घोटाला, नीट-पीजी निरस्त, यूजीसी-नेट का पेपर लीक, दूध, दाल, गैस, टोल और महंगे, आग से धधकते जंगल, जल संकट और लू के कारण मौतें।

जेल में बंद इंजीनियर रशीद लोकसभा के सदस्य के रूप में नहीं ले सके शपथ

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर की बारामूला संसदीय सीट से निर्वाचित हुए अब्दुल रशीद शेख जेल में बंद रहने के कारण लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके। एनआईए द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण का मामला दर्ज किए जाने के बाद से 2019 से जेल में हैं। इंजीनियर रशीद ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में बारामूला संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला को हराया था। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए रशीद द्वारा दायर अंतरिम जमानत अर्जी पर एनआईए से एक जुलाई तक जवाब देने को कहा था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण गुप्ता ने मामले में सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख तय की है।

भोजपुरी में शपथ नहीं ले पाने पर रूडी ने जताया अफसोस

नई दिल्ली। बिहार के सारण से भाजपा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शपथ लेने से पहले इस बात पर अफसोस जताया कि नियमों के चलते वह भोजपुरी में शपथ नहीं ले सकते। लोकसभा में सोमवार को उस समय भाषाई विविधता की झलक देखने को मिली, जब अनेक नवनिर्वाचित सांसदों ने हिंदी के साथ-साथ संस्कृत, डोगरी, बांग्ला, असमिया, तेलुगू, मलयालम, उड़िया तथा कुछ अन्य भारतीय भाषाओं में शपथ ली। सांसद अंग्रेजी या संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 22 भाषाओं में से किसी में भी शपथ ले सकते हैं। भोजपुरी संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध नहीं है।

शपथ लेने के लिए उठे भाकपा माले के सांसद राजाराम सदन में फिसल गए

नई दिल्ली। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के सांसद राजाराम सिंह सोमवार को लोकसभा में शपथ लेने के लिए उठने के बाद अचानक से फिसलकर गिर पड़े। हालांकि वह तत्काल उठ गए। सदन में महासचिव की तरफ से नाम पुकारे जाने के बाद सिंह जब शपथ लेने के लिए पोडियम की तरफ बढ़ रहे थे तो विपक्ष की दीर्घा की तरफ अचानक से फिसल गए और गिर गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सदन में विपक्ष की दीर्घा में अगली पंक्ति में बैठे थे और उन्होंने जैसे ही राजाराम सिंह को गिरते देखा, वैसे ही उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े। कुछ अन्य सदस्य भी अपने स्थान से उठते दिखाई दिए। राजाराम सिंह तुरंत उठ खड़े हुए और फिर शपथ ली। राजाराम सिंह बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए किया रात्रिभोज का आयोजन

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी भी रात्रिभोज में शामिल हुए। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सम्मान में एक रत्रिभोज का आयोजन किया। इससे पहले, मोदी और राजनाथ सिंह तथा अमित शाह सहित उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

संसद में उठेगा नीट का मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सांसदों ने की जेपीसी से जांच कराए जाने की मांग

नीट-यूजी और कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर खड़े हुए विवाद के बीच विपक्षी सांसदों ने सोमवार कहा कि सरकार को इस मामले पर जवाब देना होगा और इस विषय इस सत्र में उठाया जाएगा।

नई लोकसभा में शपथ लेने वाले कई नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि सरकार उन छात्रों की कठिनाइयों पर विचार नहीं कर रही है जो खुद को अधर में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में आ गई है। द्रमुक सांसद कनिमोझि ने कहा कि तमिलनाडु लंबे समय से नीट की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है और अब पूरा देश इस बात को दोहरा रहा है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में है। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग करेंगे। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि यह मुद्दा संसद में गूंजेगा।

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन सोमवार को संसद भवन परिसर में समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और आनंद भदौरिया कुछ इस अंदाज में कैमरे हुए।

उत्तराखंड

वित्तीय अनियमितता वाली सहकारी समितियों की होगी एसआईटी जांच

ब्यूरो, देहरादून

● विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दिए निर्देश, कहा भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

डॉ. धन सिंह रावत।

अमृत विचार : राज्य की जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता पाई गई है, उन सभी की एसआईटी जांच की जाएगी। विभागीय जांच में समितियों के वित्तीय लेन-देन में अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दोषी पाया है। उनके खिलाफ कार्रवाई के साथ गबन की गई धनराशि को ब्याज सहित वसूला जाएगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितता या पैसा गबन के मामले मिले हैं, उनके खिलाफ एसआईटी जांच की जाएगी। लंबे समय से कई माध्यमों से सहकारी समितियों में वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी की सूचानाएं मिल रही थीं, जिस पर विभागीय जांच के निर्देश दिए गए थे। डॉ. रावत ने बताया कि पहले चरण के तहत हुई विभागीय जांच में प्रदेश की कई समितियों में वित्तीय गड़बड़ी एवं गबन के मामले सामने आए हैं। इनमें पौड़ी में डाण्डामंडी एवं चांदपुर एम्पैक्स, देहरादून में विकासनगर, त्यूणी, दसऊ एवं भानियावाला एम्पैक्स, रुद्रप्रयाग में दैड़ा बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति, टिहरी में मेगाधार (भिलंगना), बड़कोट (जाखणीधार), सांदणा (जाखणीधार), पडिया, रौणिया (प्रतापनगर) एम्पैक्स, अल्मोड़ा में फलसीमा एवं भवाली एम्पैक्स, हरिद्वार में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति बेल्डा और ऊधमसिंह नगर में फौजीमटकोटा किसान सेवा सहकारी समिति शामिल है।

आज से बंद हो जाएगी पूर्णागिरि मेला ट्रेन

टनकपुर : सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले के दौरान तीन माह तक चली मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार को बंद हो जाएगा। मेला समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में आई गिरावट के कारण रेलवे ने मेला स्पेशल ट्रेन बंद करने का निर्णय लिया है।

रेलवे अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि टनकपुर से रात में नौ बजे बरेली के लिए जाने वाली ट्रेन का संचालन मंगलवार से बंद हो जाएगा। बताया कि पूर्णागिरि का सरकारी मेला समाप्त होने के बाद यात्रियों की संख्या में कमी के कारण ट्रेन का संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है।

पंतनगर में फंदे से लटका मिला एटीसी इंचार्ज

संवाददाता, पंतनगर

● महिला के गेटअप में किया था श्रृंगार फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

> पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज पद पर तैनात कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मोबाइल व कमरे में मिली अन्य वस्तुएं कब्जे में ली हैं। मृतक के मोबाइल की सीडीआर और सोशल मीडिया पर एक्टिविटी सहित बैंक अकाउंट से लेन-देन की जांच की जाएगी। - मनोज कत्याल, एसपी सिटी रुद्रपुर

अमृत विचार : पंतनगर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक इंचार्ज (एटीसी) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव एयरपोर्ट परिसर के सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला। मृतक महिला के गेटअप में था और श्रृंगार भी कर रखा था। पिथौरागढ़ शहर निवासी आशीष चौसाली (35) पुत्र खीमानंद स्व. चौसाली पंतनगर एयरपोर्ट में एटीसी इंचार्ज थे और

आशीष चौसाली

एयरपोर्ट परिसर में बने सरकारी आवास में रहते थे। उनके साथ उनका भतीजा आकाश भी रहकर सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता है। रविवार की रात आशीष का फुफेरा भाई उनके यहां आया था। तीनों ने एक साथ खाना खाया, जिसके बाद लगभग साढ़े दस बजे आकाश व परिचित वहीं सो गए जबकि आशीष दूसरे कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह लगभग छह बजे आकाश ने आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। लगभग साढ़े आठ बजे उसने पुनः आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया, परंतु फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बाद में दरवाजे को तोड़ा, तो अंदर आशीष पंखे में फंदे से लटका हुआ था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आशीष महिला के गेटअप में था। उसने नीचे पाजामा, ऊपर ब्लाउज और उसके ऊपर नाइटी पहन रखी थी। इतना ही नहीं उसने ब्लाउज के अंदर प्लास्टिक के कृत्रिम अंग भी लगाए थे। लंबे बालों की विग पहनने के साथ ही होंठों पर लिपिस्टिक और माथे पर बिंदी भी लगाई थी। एयरपोर्ट डायरेक्टर को सूचना देकर आशीष को एयरपोर्ट की एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष की एक तीन वर्ष की बेटी है। पत्नी गर्भवती है और वह पिथौरागढ़ सेंट्रल स्कूल में शिक्षिका है। आशीष की मां भी सरकारी शिक्षिका हैं और पिता पुलिस विभाग में दरोगा थे, जिनकी लगभग दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने मौके से मृतक का मोबाइल समेत कई साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

उत्तराखंड में वज्रपात से भाई-बहन की मौत

संवाददाता, खटीमा

● धान की रोपाई कर रहे थे दोनों दो भाई और मां बाल-बाल बचीं

सुमित राणा

सुहावनी

अमृत विचार : वज्रपात से सैजना गांव में धान की रोपाई कर रहे भाई-बहन की मौत हो गई। इनके दो भाई और मां बाल-बाल बच गए।

सैजना निवासी संक्रांति देवी सोमवार को अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी के साथ धान की रोपाई करने गई थीं। सुबह करीब 7:30 बजे तेज बारिश के दौरान वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सुमित सिंह राणा (20) और सुहावनी (22) की मौत हो गई। गोविंद, हरीश और संक्रांति देवी बाल-बाल बच गए। तहसीलदार हिमांशु जोशी, पटवारी अंकित सक्सेना गांव पर पहुंचे। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और विधायक भुवन कापड़ी ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

नैनीताल में बारिश होने से 21 डिग्री पहुंचा पारा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्री-मानसून ने अब रफ्तार पकड़ ली है। पिछले चार दिनों से नगर में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को भी सुबह से नैनीताल में रिमझिम बारिश होती रही।

बारिश के दौरान पर्यटकों ने भगीते हुए मालरोड, भोटिया मार्केट, पंत पार्क व फड़ बाजार में खरीदारी की। वहीं कई पर्यटक होटलों में ठहरे और बारिश रुकने का इंतजार करते रहे। देर शाम जब बारिश नहीं थमी तो पर्यटक छाता लेकर घूमने निकल पड़े। मौसम विज्ञान केंद्र जीजीआईसी के अनुसार सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा।

नैनीताल में सोमवार को बारिश के बीच खाली पड़ी नौकाएं। ● अमृत विचार

राहत

▸▸ स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को मिली गर्मी से निजात

पहली बारिश में ही खुली दावों की पोल

अभी मानसून सीजन शुरू भी नहीं हुआ है और विभागों के दावों की पोल खुलने लगी है। बारिश के दौरान नैनी झील में कूड़ा समा जाता है। इसके लिए सभी नालों के मुहाने पर जालियां लगाई गई थीं। इसके बावजूद झील में कूड़े का ढेर लगना शुरू हो गया है। प्री-मानसून में ही विभागों की पोल खुलने लगी है। जगह-जगह सड़कों में सीवर का गंदा पानी बह रहा है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

बाईपास पर लगा ढाई किमी लंबा जाम, रेंगते रहे वाहन

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: नगर में बरसात शुरू होने के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या में कमी आई है, लेकिन जाम पूर्व की तरह लग रहा है। सोमवार को भीमताल के बाईपास मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब ढाई किलोमीटर तक जाम लग गया। जिससे वाहन रेंगते रहे। तेज बरसात होने से जाम को खुलवाने के लिए कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। बाद में जाम में फंसे चालकों ने खुद बारिश में भीगकर जाम खुलवाया। जाम में कई डंपर, ट्रक, कार व दोपहिया वाहन फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाईपास मार्ग पर अतिक्रमण होने के कारण कम वाहनों में भी जाम लग जाता है। लोगों ने अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या से निजात

भीमताल के बाईपास मार्ग पर लगा।

एक नजर

बस में खरगोश का टिकट काटने वाले परिचालक को काम से रोका

बरेली, अमृत विचार : रोडवेज बस में खरगोश का 150 रुपये का टिकट काटने वाले परिचालक को आरएम ने काम से रोक दिया है। बदायूं निवासी पारस अग्रवाल ने शनिवार को कुतुबखाना बाजार से खरगोश दो खरीदे थे। वह बरेली डिपो की रोडवेज बस से बदायूं जा रहे थे। बस परिचालक जय प्रकाश ने उनका टिकट काटने के साथ दोनों खरगोश के 75-75 रुपये के टिकट काट दिए। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने परिचालक जयप्रकाश को काम से रोक दिया। इसके अलावा मामले की जांच भी शुरू करा दी है।

तालाब में करंट से नौ भैंसों की मौत, कई झुलसीं

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास रोड स्थित तालाब में मोहल्ला छेबड़ा के निवासी कलुआ की पांच भैंसें तालाब में मौजूद थीं, जबकि इरशाद की दो भैंसें, यूसुफ की दो भैंसें, फैजान और फारुख की एक-एक भैंस तालाब में थी। तभी तालाब में करंट उतरने से कलुआ की चार भैंसों की मौत हो गई, एक भैंस झुलस गई। इरशाद की दो, यूसुफ, फैजान और फारुख की एक-एक भैंस मर गई। घटना की जानकारी पर एडीएम सुरेंद्र सिंह, एसडीएम सदर सुधीर कुमार, सीओ सिटी अरुण कुमार और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बस की टक्कर से तीन युवकों की मौत

मुजफ्फरनगर : शामली जिले में सोमवार को हरियाणा परिवहन निगम की एक तेज रफ्तार बस की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमरदीप मौर्य ने बताया की कैराना थाना क्षेत्र में कैराना बाइपास मार्ग पर हरियाणा परिवहन निगम की एक तेज रफ्तार बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में मोटरसाइकिल सवार आसिम, आसिफ और आसिफ रफीक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सपा सांसद की कार की टक्कर से बाइक सवार डॉक्टर की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल-हसनपुर मार्ग पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की स्कॉर्पियो कार की टक्कर से रविवार देर रात बाइक सवार चिकित्सक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो कार कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी डॉक्टर गौरव (28 वर्ष) रविवार की रात नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ स्थित रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान डॉ. गौरव बाइक लेकर संभल-हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के नजदीक लॉ कालेज के पास पहुंचे। सैदनगली की ओर से आ रही काले रंग की सांसद लिखी स्कार्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में डॉ. गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज को सुनकर मौके पर आसपास के लोग पहुंचे तो चालक स्कार्पियों कार को छोड़कर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कार्पियों कार कब्जे में लेकर डॉ. गौरव को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे डॉ. गौरव के पिता समरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियों कार संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क की है। रिपोर्ट दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

▸▸ सांसद जियाउर्रहमान बर्क की है कॉली स्कॉर्पियो

दस दिन पहले हुआ था बेटा

संभल। ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी समरपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि पुत्र गौरव निजी क्लीनिक चलाता था और तीन भाइयों व एक बहन में दूसरे नंबर का था। दस दिन पहले डॉ. गौरव की पत्नी ने तीन बेटियों के बाद बेटे को जन्म दिया था। जिससे परिवार में खुशी का माहौल था और डॉ. गौरव भी 15 दिन बाद होने वाले बेटे के नामकरण की तैयारी कर रहा था।

सिलेंडर लीक होने से लगी आग, महिला समेत दो पुत्रियों की जलकर मौत

गाजियाबाद, एजेंसी

जिले के टीला मोड़ क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान में रसोई गैस सिलेंडर लीक होने के कारण आग लगने से एक महिला और उसकी दो पुत्रियों की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि रविवार को टीला मोड़ थाना क्षेत्र में स्थित डिफेंस कॉलोनी में नाथूलाल नामक व्यक्ति द्वारा बनवाए जा रहे मकान में भगवती (45) नाम की महिला खाना बना रही थी। इसी दौरान रसोई गैस सिलेंडर लीक होने के कारण आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग लगने से भगवती और उसकी पुत्रियों प्रियंका (16) और हिमानी (17) की मौत हो गई। गौतम ने बताया कि आग बुझाने की कोशिश में मुकेश, उसका बेटा अंकित और बढ़ई का काम कर रहा सोनू भी झुलस गया। उनका इलाज किया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

विस्फोट के बाद बिखरा घर का सामन।

▸▸ खाना बनाते वक्त हुआ हादसा दो अन्य झुलसे

अपराधियों पर सरकार का खौफ नहीं : मसूद

मेरठ : सहारनपुर से कांग्रेस पार्टी के सांसद इमरान मसूद ने सोमवार को कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था खराब हो गयी है और अपराधियों पर इसका कोई खौफ नहीं है।

मेरठ में 21 जून को आम के बाग के एक ठेकेदार पप्पू और उनके बेटे शाहनवाज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिस संबंध में सांसद मसूद सोमवार को रसूलपुर धौलड़ी पहुंचे और परिवार के लोगों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। गोलीबारी की इस घटना में पप्पू के दूसरे पुत्र चांद को भी गोली लगी, जो मेरठ के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था खराब हो गयी है। सरकार बुलडोजर की बात जरूर करती है लेकिन, अपराधियों पर इसका कोई खौफ नहीं है।

सत्ता से जुड़ रहे गोलीबारी के आरोपियों के तार

पप्पू भरतौल, गिरधारी पप्पू के बाद अब विवाद में राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भी कूदे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ के प्लॉट पर कब्जे के लिए सड़क पर दो घंटे तक गोलीबारी और आगजनी की घटना के तार दूर-दूर तक सत्ता से जुड़ रहे हैं। उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू और पूर्व विधायक पप्पू भरतौल के बाद अब राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भी इस मामले में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्लॉट पर अपराधियों के दम पर कब्जा करने की कोशिश करने के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

राजस्थान के कृषि राज्यमंत्री के पत्र के साथ इस प्रकरण में एक नया नाम शुभ अजमेरा भी सामने आया है। राज्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि शुभ उनके विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के शिवाजीनगर का रहने वाला है और बरेली में मार्बल का कारोबार करता है। जमीन कब्जाने के लिए स्थानीय अपराधियों और माफिया ने 22 जून की सुबह उसके किराए पर लिए गोदाम में रखी मार्बल की थप्पियों और स्लैब में तोड़फोड़ कर करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान किया है। उन्होंने इस मामले में प्रभावी कार्रवाई के साथ शुभ अजमेरा को सुरक्षा दिलाने और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। राज्यमंत्री ने यह भी कहा है कि इस घटना पर अजमेर के फूल-माली समाज में काफी गुस्सा है।

भागीरथ चौधरी
राज्यमंत्री
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

अध्यक्ष – कृषि मंत्रालय / राजस्थान सरकार, दिनांक – 20 जून 2024

आदरणीय, मुख्यमंत्री जी,
सादर नमस्कार, जय भारत

जो प्रतिलिपि मैंने अग्रेषित में भेजा है, जिसमें मेरे विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के शिवाजीनगर निवासी एक अपराधी [illegible] के माध्यम से [illegible] 15 करोड़ [illegible] में [illegible] 22 जून को [illegible] के [illegible] में [illegible] कब्जा [illegible] के [illegible] में [illegible] कब्जा [illegible] के [illegible] में [illegible] कब्जा

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1115 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

लखनऊ मंडी

किराना भाव	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500

श्रम संगठनों के साथ बजट से पहले चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने सुझाव रखे

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर श्रम संघों और श्रमिक संगठनों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि इस बैठक में श्रमिक संघों और श्रम संगठनों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ ही श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे

● वित्त और राजस्व सचिवों, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार बैठक में हुए शामिल

अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा चरण 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा।

वित्त मंत्रालय की आज बैंक प्रमुखों के साथ बैठक

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने पीएम विश्वकर्मा, जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमुखों की बैठक बुलाई है। अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी करेंगे। बैठक में पीएम विश्वकर्मा, स्टैंडअप इंडिया, पीएम स्वनिधि और अन्य कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वित्तीय समावेशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल सितंबर में पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत शिल्पकारों और कारीगरों को बिना गारंटी न्यूनतम ब्याज दर पर कर्ज दी जाती है। पांच साल के लिए 13,000 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के साथ शुरू की गई इस योजना से बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने वाले श्रमिक और नाई सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

इन योजनाओं की बैठक में होगी समीक्षा

पीएम जनधन योजना, पीएमजेडीवाई के तहत निष्क्रिय खातों और रुपे कार्ड जारी करने की स्थिति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के उन लोगों को, जिनके पास बैंक या डाकघर खाता है, किसी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18-70 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता के लिए दो लाख और आंशिक विकलांगता के लिए एक लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। बैंकों ने 7 साल में स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत 1.80 लाख से अधिक को 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस योजना को अब बढ़ाकर 2025 तक कर दिया गया है।

जीएसटी में सरकार और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जीएसटी से घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करने की सराहना की।

शाह ने कहा कि राजग सरकार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अनुसार जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर सहित ज्यादातर घरेलू सामान सस्ते हुए हैं। शाह ने एक्स पर लिखा, जनता की सरकार के सिद्धांतों पर खरा उतरते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को राहत देने के लिए जीएसटी लागू किया। आज जीएसटी ने न केवल लोगों को बहुस्तरीय कर प्रणाली से राहत दी है, बल्कि घरेलू वस्तुओं की कीमतों को कम करने में भी

● जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर सहित ज्यादातर घरेलू सामान सस्ते हुए

कारगर साबित हुआ है। हम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए और अधिक सुधार लाने को प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी में 17 स्थानीय कर और शुल्क को समाहित कर इसे 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया। एक रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी लागू होने के सात वर्षों में, आम लोगों के उपयोग वाले कई उत्पादों और सेवाओं पर कर कम हुआ है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	91150
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73800
गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,5000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,675
चांदी आभूषण	90,100

एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर रखा कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में आएगी कमी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% पर कायम रखते हुए कहा है कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी।

एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है और 2023-24 में यह 8.2% की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ने कहा df हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर घटकर 6.8% पर आ जाएगी। एसएंडपी का अनुमान है कि 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 और 7% की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए एसएंडपी का वृद्धि दर का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2%की दर से बढ़ेगी।

गेहूं भंडारण सीमा तय, आयात शुल्क घटाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इसका मकसद जमाखोरी रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी पर विचार हो सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40% आयात शुल्क है।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और जमाखोरी रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र

● कीमतों को नियंत्रित करने व जमाखोरी रोकने के लिए लिया गया निर्णय : केंद्रीय खाद्य सचिव

ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक तय सीमा से अधिक है तो उन्हें अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों में इसे तय सीमा तक लाना होगा।

लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया।

राष्ट्रीय

10 साल के अघोषित आपातकाल को भूल गए मोदी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री आज ज्यादा बोले, इसे कहते हैं रस्सी जल गई, बल नहीं गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन 10 वर्षों के उस अघोषित आपातकाल को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।

उन्होंने कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए सोमवार को कहा कि इसकी 50वीं बरसी पर देशवासी यह संकल्प लें

● प्रधानमंत्री मोदी ने नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक पर मौन साध लिया

कि फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र पर संसद परिसर में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा किप्रधानमंत्री मोदी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। उन्होंने कहा कि देश को आशा थी कि मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे। नीट व अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, पर उन्होंने अपनी सरकार की धांधली व भ्रष्टाचार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी मौन रहे। मणिपुर 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है पर मोदी न वहां गए और ना कोई चिंता व्यक्त की है। असम व पूर्वोत्तर में बाढ़ हो, महंगाई हो, रुपये का गिरना हो, एग्जिट पोल-स्टॉक बाजार घोटाला हो, जातिगत जनगणना पर भी मोदी बिलकुल चुप थे। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष को नसीहत दे रहे हैं।

इंडिया समूह ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होते ही इंडिया समूह के नेताओं ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा और उसे कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान अखिलेश यादव और डिंपल यादव समेत सपा के कई नेता भी संविधान की प्रति लेकर संसद पहुंचे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब सोमवार और मंगलवार को नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाएंगे।

भाजपा को कोई समर्थन नहीं : पटनायक

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को पार्टी के नौ राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के सत्र के दौरान जीवंत और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने को भी कहा। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार बीजद सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक सीमित नहीं रहेंगे, अगर ओडिशा के हितों की अनदेखी होती है तो वह आंदोलन करने के लिए दृढ़ हैं।

तमिलनाडु शराब हादसे पर खरगे को नड्डा ने लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु शराब त्रासदी मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की सरकार और माफिया के बीच सांठगांठ नहीं होती तो 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

नड्डा ने कहा कि शराब त्रासदी के बाद करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने देश को झकझोर दिया है। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साध रखी है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह सीबीआई जांच और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें।

शराब कांड की सीबीआई से कराएं जांच : भाजपा

चेन्नई। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई की अगुवाई में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से भेंटकर उनसे 53 लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नामलाई ने एक्स पर दावा किया कि इस त्रासदी से 60 लोगों की जान गयी है। उन्होंने मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग के मंत्री एस मुथुस्वामी को इस प्रकरण के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रवि से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश देने की भी अपील की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौंदर्यराजन भी थीं।

शराब त्रासदी के खिलाफ अन्नाद्रमुक का प्रदर्शन

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब पीने से लोगों के मारे जाने के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सीबीआई जांच और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से इस्तीफे की मांग की। विपक्ष के नेता और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ काली शर्ट पहनकर कल्लाकुरिची में विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

एक नजर

टॉय ट्रेन का डिब्बा पलटने से बच्चे की मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के मॉल में टॉय ट्रेन का डिब्बा पलट जाने से उसमें सवार 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात एलांटे मॉल में हुई, जहां पंजाब के नवांशहर के बलाचौर से यह बच्चा परिवार के साथ घूमने आया था। घटना का फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आया है। शहबाज आखिरी डिब्बे में बैठा था, जो टॉय ट्रेन के मुड़ने ये पलट गया, जिससे लड़के के सिर में चोटें आईं। उसको सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

एक नक्सली गिरफ्तार

गया। बिहार में गया जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्य गोरेलाल रवानी को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सोमवार को यहां बताया कि 14 जून को जिले के कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में पूर्व नक्सली की हत्या की गई थी। इसके बाद कोंच थाना में प्राथमिक भी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में गया पुलिस, औरंगाबाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पूर्व में चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। गोरेलाल रवानी भी उक्त हत्याकांड में शामिल था, जो कुछ माह पहले ही जेल से छूटा था।

वीवीआईपी के लिए फुटपाथ खाली कराते हैं तो सबके लिए क्यों नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर

● चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार: बंबई हाईकोर्ट

कार्रवाई का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे रहते हैं, तब तक ऐसा रहता है। तब यह कैसे हो जाता है? यह बाकी लोगों के लिए क्यों नहीं हो जा सकता? नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित जगह की जरूरत है जो मौलिक अधिकार है।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों पर समय-समय पर कार्रवाई होती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीएमसी भूमिगत बाजार के विकल्प पर भी विचार कर रही है। अदालत मामले पर अगली सुनवाई 22 जुलाई को करेगी।

फैशन डिजाइनर को धमकियां मिलने पर मिली सुरक्षा

वडोदरा (गुजरात), एजेंसी

स्वर्ण मंदिर में योग

वडोदरा की फैशन डिजाइनर को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में योग करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई है।

फैशन डिजाइनर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर अर्चना मकवाना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को स्वर्ण मंदिर में शीर्षासन किया और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीं। इसके बाद मकवाना को मारने की धमकियां भी मिलीं। मकवाना ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि उनका इरादा किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का नहीं था। पंजाब पुलिस ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की शिकायत पर रविवार को मकवाना के खिलाफ मामला दर्ज किया। शीर्ष गुरुद्वारा संस्था ने अपने तीन कर्मचारियों को लापरवाही पर निलंबित कर दिया है। वडोदरा पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मकवाना को रविवार से एक हफ्ते की अवधि के लिए पुलिस सुरक्षा दी गई है जिसे जरूरत पर बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों को मकवाना हटा दिया और एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी। मकवाना ने कहा कि उन्होंने एकता तथा फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए पवित्र स्थल पर योग किया।

बिल्ली के बच्चे को ऊंची इमारत से फेंकने वाले के खिलाफ केस

कोलकाता। कोलकाता में ऊंची इमारत में अपने अपार्टमेंट से कथित रूप से बिल्ली के बच्चे को फेंककर उसे मारने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोलकाता के टांगरा पुलिस स्टेशन में आरोपी की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। पशुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल फोर एथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स (पेटा) के बयान के अनुसार आरोपी की पत्नी फबीहा हाशमी ने दर्ज शिकायत में पुलिस को बताया है कि घरेलू झगड़े के दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने बिल्ली के बच्चे को 13वीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट की खिड़की से नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच जारी रहेगी।

असम के मोरीगांव में सरकारी भूमि से 1,500 परिवार बेदखल

मोरीगांव (असम), एजेंसी

● वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे लोगों को खाली करने के लिए प्रशासन ने कहा

असम के मोरीगांव जिले में वन और रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से बसे 1,500 परिवारों को यह क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया है। जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10,000 लोगों के ये परिवार जागीरोड के सिलभंगा गांव में सरकारी जमीन पर बस हैं। इस क्षेत्र के लोगों को 12 जून को नोटिस दिया गया था, जिसमें लोगों को 10 दिन में जमीन खाली करने के लिए कहा गया है। अधिकतर परिवारों ने इस आदेश का पालन किया है। देवाशीष शर्मा ने बताया कि इनमें से कुछ परिवार के बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। मानवीय व्यवहार के तौर पर हमने परीक्षा खत्म होने तक उनके रहने का इंतजाम करने का फैसला किया है।

जिला आयुक्त ने कहा कि प्रशासन इस जमीन को बल प्रयोग और ध्वस्त किए बगैर खाली कराने के लिए काम कर रही है। लोग ऐसा करने के लिए सहमत हैं। उनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहले कब्जा की गई भूमि से अपना सामान हटा लिया है।

मार्च के दौरान दो दर्जन छात्र पुलिस हिरासत में

नीट-यूजी, यूजीसी-नेट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी में अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के खिलाफ सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कुछ कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के थे। एनएसयूआई ने संसद तक जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। छात्र तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लेकर जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को जुलूस निकालने से रोकने के लिए इलाके में बैरिकेड लगा दिए। मौके पर अर्धसैनिक बलों सहित दिल्ली पुलिस तैनाती थी। प्रदर्शन के दृश्यों के अनुसार कुछ छात्रों ने बैरिकेड को पार करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि चूंकि मार्च के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, इसलिए पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर विभिन्न थानों में ले गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि इस तरह के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी गई है और ऐसा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

परीक्षा रद करने वाली याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट)-स्नातक में अनियमितताओं के बीच परीक्षा को रद करने संबंधी याचिकाओं पर सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मामले की सुनवाई 10 जुलाई को होगी। उच्चतम न्यायालय में आठ जुलाई को नीट-स्नातक परीक्षा 2024 को रद करने और अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई होनी है, जिसके दो दिन बाद राजस्थान हाईकोर्ट इस पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अशोक जैन ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं के वकील रामप्रताप सैनी ने बताया कि अदालत ने मामले पर 10 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की है। दिन के समय उच्च न्यायालय में चार याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

वेस्टइंडीज को बाहर कर अफ्रीका सेमीफाइनल में

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप

- **डकवर्थ लुईस के नियम से दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज को तीन विकेट से हराया**

स्पिनर तबरेज शम्सी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम से तीन विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) और कप्तान एडन मार्कराम (28 रन देकर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था।

खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। उसने सुपर-8 में अपने तीनों मैच जीते और ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अफ्रीका ने बारिश के कारण खेल रुकने से पहले अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रीजा हेंडरिक्स (00) और क्विंटन डिकॉक (12) के विकेट गंवा दिए थे। बारिश थमने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो मार्कराम (18), ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंदों में 29 रन) और हेनरिक क्लासेन (10 गेंदों में 22 रन) ने जिम्मेदारी संभाली।

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी चेज ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उनका यह ऑलराउंड प्रदर्शन भी विंडीज को जीत दिलाने में नाकाम रहा।

दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज तबरेज शम्सी विकेट लेने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

नयी टीम दबाव से पार पाना जानती है : शम्सी

नॉर्थ साउंड। लंबे समय से 'चोकर्स' का ठप्पा झेल रही दक्षिण अफ्रीका टीम के स्पिनर तबरेज शम्सी ने कहा कि 'नयी दक्षिण अफ्रीका' टीम ने इस टी-20 विश्व कप में दबाव का सामना बखूबी किया है। एडेन मार्क्रम की टीम टूर्नामेंट में अपराजेय रही है जबकि लगभग सभी मैचों में उसने करीबी जीत दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से, बांग्लादेश को चार रन से और इंग्लैंड को सात रन से हराया। रविवार को उसने मेजबान वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शम्सी ने मैच के बाद कहा कि कई मैच काफी करीबी रहे जो नहीं होने चाहिये थे। लेकिन खुशी की बात यह है कि यह नयी दक्षिण अफ्रीका टीम है जो दबाव के आगे घुटने नहीं टेकती।

03 विकेट लेकर 27 रन देने वाले तबरेज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

22 रन की पारी तूफानी पारी खेली हेनरिक क्लासेन ने

06 अंकों के साथ अफ्रीका ग्रुप-2 में पहले नंबर पर

52 रन की पारी खेली वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज ने

81 रन की शानदार साझेदारी की वेस्टइंडीज के काइल मेयर्स और रोस्टन ने

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	3	3	0	6	2.017
ऑस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.331
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.599
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
वेस्टइंडीज	3	1	2	2	0.963
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

रोहित ने कंगारुओं को किया हिट

भारत ऑस्ट्रेलिया को 24 रन हराकर सेमीफाइनल में, शर्मा सबसे तेज रिकॉर्ड शतक लगाने से चूके

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

92 रन

41 गेंद

08 छक्के

04 चौके

79 रन की नाबाद पारी ऑस्ट्रेलिया के ही खिलाफ 2010 में ब्रिजटाउन में खेली थी रोहित ने

रोहित शर्मा की (92) रनों की कप्तानी पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम सोमवार को टी-20 विश्वकप में सुपर आठ ग्रुप-एक के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 206 रनों का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जॉश हेजलवुड ने पहले ही ओवर में कोहली (0) को आउट कर दिया, लेकिन इससे कप्तान रोहित के तूफानी तेवर पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

उन्होंने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में अपने करियर का सबसे तेज अर्धशतक ठोक डाला। कोहली के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये रिषभ पंत के साथ रोहित ने दूसरे विकेट के लिय 87 रन जोड़े। रिषभ पंत 14 गेंदों में (15) रन बनाकर आउट हुये, लेकिन इससे भी रोहित की बल्लेबाजी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने अपने हाथ अजमाते हुए मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाये।

उन्होंने 16 गेंदों में (31) रन बनाये। 12वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित को बोल्ड कर उन्हें विश्वकप में रिकॉर्ड शतक बनाने से रोक दिया। रोहित ने 41 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के लगाते हुये (92) रनों की पारी खेली।

शिवम ने 22 गेंदों में (28) रन बनाये। पांड्या 17 गेंदों में 27 रन बनाकर और रवींद्र 5 गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और स्टॉयनिस ने दो-दो विकेट लिये। हेजलवुड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। 206 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की भी शुरुआत खराब रही। उसने पहले ही ओवर में डेविड वॉर्नर (6) का विकेट गवां दिया। फिर हेड और कप्तान मिचेल मार्श ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिय 81 रनों की साझेदारी हुई। भारत की ओर से अक्षर व जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

टी-20 विश्वकप में रोहित का सर्वोच्च स्कोर

रन	बनाम	स्थान
92	ऑस्ट्रेलिया	ग्रोस आइलेट (2024)
79*	ऑस्ट्रेलिया	ब्रिजटाउन (2010)
74	अफगानिस्तान	अबु धाबी (2021)
62*	वेस्टइंडीज	मीरपुर (2014)

टी-20 विश्व कप में भारत के लिए बड़ी पारी

रन	खिलाड़ी	बनाम	स्थान
101	सुरेश रैना	साउथ अफ्रीका	ग्रॉस, आइलेट (2010)
92	रोहित शर्मा	ऑस्ट्रेलिया	ग्रॉस, आइलेट (2024)
89*	विराट कोहली	वेस्टइंडीज	वानखेड़े (2016)
82*	विराट कोहली	ऑस्ट्रेलिया	मोहाली (2022)
82*	विराट कोहली	पाकिस्तान	मेलबर्न (2022)

03 विकेट लिए अर्शदीप सिंह ने

02 विकेट लिए कुलदीप यादव ने

स्कोर बोर्ड

भारत 205/5 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बोल्ड मिचेल स्टार्क	92	41	7/8
विराट कोहली कैच डेविड बो जोश	0	5	0/0
ऋषभ पंत कैच जोश बो स्टोइनिस	15	14	1/1
सूर्यकुमार यादव कैच वेड बो स्टार्क	31	16	3/2
शिवम दुबे कैच वॉर्नर बो स्टोइनिस	28	22	2/1
हार्दिक पंड्या नाबाद	27	17	1/2
रवींद्र जडेजा नाबाद	9	5	0/1

अतिरिक्त -06 रन, **विकेट पतन :** 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194,

गेंदबाज : मिचेल स्टार्क 4-0-45-2, जोश हेजलवुड 4-0-14-1, पैट कमिंस 4-0-48-0, एडम जम्पा 4-0-41-0, मार्कस स्टोइनिस 4-0-56-2।

ऑस्ट्रेलिया 181/7 (20ओवर)

	रन	गेंद	4/6
डेविड वॉर्नर कैच यादव बो. अर्शदीप	06	06	1/0
ट्रैविस हेड कैच रोहित बो. बुमराह	76	43	9/4
मिचेल मार्श कैच अक्षर बो. कुलदीप	37	28	3/2
ग्लेन मैक्सवेल बोल्ड कुलदीप यादव	20	12	2/1
मार्कस स्टोइनिस कैच पंड्या बो. अक्षर	04	04	0/0
टिम डेविड कैच बुमराह बो. अर्शदीप	15	11	1/1
मैथ्यू वेड कैच कुलदीप बो. अर्शदीप	01	02	0/0
पैट कमिंस नाबाद	11	07	0/1
मिचेल स्टार्क नाबाद	04	07	0/0

अतिरिक्त- 09 रन, **विकेट पतन :** 1-6, 2-87, 3-128, 4-135, 5-150, 6-153, 7-166

गेंदबाज : अर्शदीप सिंह 4-0-37-3, जसप्रीत बुमराह 4-0-29-1, अक्षर पटेल 3-0-21-1, हार्दिक पंड्या 4-0-47-0, कुलदीप यादव 4-0-24-2, रवींद्र जडेजा 1-0-17-0।

खेल डायरी

अदिति व दीक्षा ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिया। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए टिकट पहले ही पक्का कर चुके हैं। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा दूसरी बार तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

सिनर ने ग्रास कोर्ट पर पहला खिताब जीता

हाले (जर्मनी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (8), 7-6 (2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा कि मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।

पेगुला ने पांच मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता

बर्लिन। जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7 (0), 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और करियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है। ग्रास कोर्ट पर अपने करियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा कि मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया।

भारत की अगुआई करेगी त्रीशा और गायत्री की जोड़ी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है।

भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमें ओलंपिक में

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया।

भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।

भारतीय टीम :

पुरुष : तरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव।

महिला : दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत।

जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), एजेंसी। निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी।

गोल करने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी हुए। ● एजेंसी

डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी की अहम भूमिका

नयी दिल्ली। ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है। मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलायी। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कश्मीना बाद भी यहां आयी।

उरुग्वे ने जीत से अपना अभियान शुरू किया

मियामी गार्डन्स, एजेंसी

कोपा कप

- **ग्रुप-सी में पनामा को 3-1 से दी करारी शिकस्त**
- **उरुग्वे की टीम लुईस सुआरेज के बिना उतरी थी मैदान पर**

उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप-सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी।

मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए गिल कप्तान

नयी दिल्ली, एजेंसी

युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिये पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और बुमराह को आराम दिया गया है।

जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा, जिसमें पांच टी-20 मैच खेले जायेंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी-20 विश्व कप में शामिल संजू और यशस्वी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली। गिल और आवेश टी-20 विश्व कप में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें ग्रुप चरण के मैचों के बाद रिलीज कर दिया गया। नये खिलाड़ियों में अभिषेक और पराग ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छी बल्लेबाजी की। पंजाब के बल्लेबाज अभिषेक ने आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेलते हुए 484 रन बनाये जबकि राजस्थान के पराग ने 573 रन जोड़े।

टीम : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

सफलता की नई कहानी लिख रही अफगानी टीम

नयी दिल्ली, एजेंसी। युद्ध की तबाही, बुनियादी ढांचे की कमी और अपना कोई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम नहीं होने के बाद भी अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व में सुपर आठ में जगह पक्की करने के बाद सेमीफाइनल की दावेदारी में बनी हुई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड 1995 में अस्तित्व में आया था।

यह देश 2001 में आईसीसी का संबद्ध सदस्य बना और इसके एक दशक बाद उसे टेस्ट खेलने का दर्जा मिला। अफगान 2017 से आईसीसी का पूर्ण सदस्य है। टीम ने टी20 विश्व कप में टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से शिकस्त देकर सुपर आठ चरण में जगह पक्की की। सुपर आठ में उसने 2021 की चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

बांग्लादेश रोक सकता है अफगान का सफर

किंग्सटाउन, एजेंसी

पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच का परिणाम कुछ भी हो, अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। बांग्लादेश की टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अफगानिस्तान ने दिखा दिया है कि उसकी टीम के पास बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने की मानसिकता और कौशल दोनों हैं तथा अब वह जीत के लिए केवल अपने गेंदबाजों पर ही निर्भर नहीं है।

टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है और अफगानिस्तान इन दोनों से बांग्लादेश के खिलाफ भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

टीमें : अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़, इब्राहिम ज़द्रन, अज़मतुल्लाह उमरज़ई, नजीबुल्लाह ज़दरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हज़रतुल्लाह ज़ज़ई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फ़ज़लहक फ़ारूकी, फ़रीद अहमद मलिक।

बांग्लादेश : तनजीद हसन, लिटन दास, नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तनजीम हसन साकिब, मुस्तफिजुर रहमान, जैकर अली, तनवीर इस्लाम, शोरफुल इस्लाम, सौम्या सरकार।

मैच भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे शुरू होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की

दुबई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की
- दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी

यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच बहुआयामी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा की, जिनमें अभी संभावनाओं को तलाशा नहीं गया है।

रविवार को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर आए जयशंकर ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी अल-नाहयान के साथ चर्चा की। उन्होंने अल नाहयान से मुलाकात से पहले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वाणिज्यिक व आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क समेत द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्रों में हुई ठोस प्रगति पर खुशी जतायी। दोनों मंत्रियों ने और सहयोग बढ़ाने के लिए ऐसे नए क्षेत्रों पर चर्चा कीए जिनमें अभी तक संभावनाएं तलाशी नहीं गयी हैं और उन्होंने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए।

अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल पर राजदूत तलब

मास्को, एजेंसी

- रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजदूत से विरोध दर्ज कराया

रूस के कब्जे वाले क्रीमिया पर यूक्रेन के हमले में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के इस्तेमाल को लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए सोमवार को अमेरिकी राजदूत को तलब किया। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के युद्ध में प्रभावी रूप से एक पक्ष बन गया है और निश्चित रूप से जवाबी कार्रवाई की जाएगी। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि रविवार के हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे भी शामिल थे, जो क्रीमिया के बंदरगाह शहर सेवस्तोपोल के तटीय क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा दागी गईं मिसाइलों के मलबे की चपेट में आ गए। रूसी अधिकारियों ने कहा कि हमलों में क्लस्टर हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि लड़ाकों की तुलना में आम नागरिकों को इससे ज्यादा नुकसान होता है। रूस ने कहा कि ये मिसाइलें अमेरिका में बनी एटीएसीएमएस थीं, जो लंबी दूरी की निर्देशित मिसाइल है। रूस ने अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी को विदेश मंत्रालय में तलब किया।

द.कोरिया में लिथियम बैट्री बनाने वाली फैक्ट्री में आग, 16 की मौत

सियोल, एजेंसी

फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैट्री बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार को आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्ट्री की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्ट्री की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैट्रियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी। किम ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

एक नजर

अमेरिका में रैपर चार्ल्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन। अमेरिका के रैपर चार्ल्स जोन्स की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की घटना सामने आयी है। जोन्स के वकील ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपर की 26वें जन्मदिन के दो दिन बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को टाम्पा शहर के एक होटल में रविवार को गोलीबारी की सूचना मिली।घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्हें पार्किंग में गोलियों से छलनी दो गाड़ियां मिलीं। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में जोन्स की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

राजकुमारी एनी को मामूली चोट लगी

लंदन। गैटकोम्ब पार्क एस्टेट में रविवार को हुई एक घटना में राजकुमारी एनी को मामूली चोट और सिर में चोट आयी है। यह जानकारी बकिंघम पैलेस ने दी। ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की 73 वर्षीय बहन एनी को एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को एक बयान में कहा, चार्ल्स को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने पूरे शाही परिवार के साथ मिलकर राजकुमारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। बयान में कोई अन्य विवरण नहीं दिया गया है।

उ. कोरिया ने सियोल की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े

सियोल। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर फिर से गुब्बारे छोड़े हैं, जिन पर संभवत: कचरा रखा हुआ है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे दक्षिण (कोरिया) की ओर बढ़ रहे हैं। बयान में, दक्षिण कोरिया के लोगों से इन गुब्बारों को न छूने की अपील की गई है तथा इस बारे में सेना और पुलिस अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया है।

पश्चिमी जापान में भूस्खलन की चेतावनी

टोक्यो। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को कहा कि मंगलवार तक पश्चिमी जापान में गरज के साथ अतिवृष्टि होने का आसार है, जिससे भूस्खलन के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मौसम एजेंसी ने कहा कि गर्म और नम हवाएं पश्चिमी जापान में मौसमी बारिश की संभावनाएं बना रही हैं, जिसने इस क्षेत्र में वायुमंडलीय स्थितियां बहुत अस्थिर बना दी हैं।

रूस आतंकवादी हमले में 15 पुलिस अधिकारी समेत 19 लोगों की मौत

रविवार शाम बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में गोलीबारी की थी

मॉस्को, एजेंसी

- आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिसकर्मियों ने मार गिराया
- राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि बंदूकधारियों की पहचान कर ली गई है

रूस के दागेस्तान में आतंकवादी हमले में 19 लोगों की मौत हो गयी है। मरने वालों में 15 पुलिस अधिकारी और एक पादरी और चार नागरिक हैं। आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को पुलिस ने मार गिराया है। रूस की जांच समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी।

रविवार शाम को अज्ञात बंदूकधारियों ने डर्बेंट और माखचकाला शहरों में दो चर्चों, एक आराधनालय और एक यातायात थाना पर गोलीबारी की जिससे अधिकारियों को आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करना पड़ा। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति ने कहा कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। समिति ने एक बयान में कहा, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। साथ ही एक रूढ़िवादी पादरी सहित चार नागरिक मारे गए। इसके अतिरिक्त, आतंकवादी हमलों में शामिल पांच बंदूकधारियों को मार गिराया गया है। बयान में कहा गया है कि उनकी पहचान कर ली गई है।

हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। वहीं हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया।

खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है। दागेस्तान रूस और पुतिन के लिए किसी दुखती रग की तरह है। पहले भी यहां हमले होते रहे हैं। इस बार हमला यहूदियों के उपासना स्थल सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट पर हुआ। ये आतंकी हमला पुतिन के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

हमास के वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार गिराने का दावा

यरुशलम। इजरायल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में हमास के एक वरिष्ठ हथियार विशेषज्ञ को मार दिया है और वह राफा शहर में आक्रमण जारी रखेगा। इजरायली सेना ने ताजा बयान में कहा कि हमास में हथियार बनाने वाले मुख्यालय में वह परियोजना और विकास प्रभारी के रूप में हथियार विशेषज्ञ के तौर पर काम करता था। वह रणनीतिक हथियार बनाने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने हथियार बनाने के काम करने वाले कई दस्तों की कमान संभाल रखी थी।

युद्ध समाप्ति के समझौते पर सहमत नहीं होंगे : नेतन्याहू

तेल अवीव, एजेंसी

- टिप्पणी से बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश

गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल आंशिक युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया।

रविवार देर रात इजराइली चैनल 14 पर प्रसारित एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए लगभग 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं और यह कोई रहस्य नहीं है, जिससे हमें कुछ लोग वापस मिल जाएंगे।

आतंकवाद की अनदेखी न हो: उच्चायुक्त

ओटावा, एजेंसी

- कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा या राष्ट्रीयता नहीं होती

भारत ने कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले कृत्यों को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि विश्व में किसी भी देश की सरकार को अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे की अनदेखी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं करनी चाहिए। भारतीय उच्चायोग ने 1985 में हुए कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी पर एक बयान में कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एअर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया था, जिससे विमान में सवार 86 बच्चों समेत सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। माना जाता है कि 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए ऑपरेशन ब्लूस्टार के प्रतिशोध में सिख आतंकवादियों ने कनिष्क बम विस्फोट को अंजाम दिया था। ओटावा में भारतीय उच्चायोग और टोरंटो तथा वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावासों ने, 1985 में आतंकवाद के घृणित कृत्य में मारे गए लोगों की याद में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

हिजबुल्लाह ने बेरूत हवाई अड्डे पर जमा किए हथियार

बेरूत, एजेंसी

- कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाए जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे
- लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताया

लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बेरूत के हवाई अड्डे पर मिसाइलों और विस्फोटकों सहित भारी मात्रा में ईरानी हथियार जमा कर रखे हैं। द टेलीग्राफ अखबार ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक हवाई अड्डे पर वहां के कर्मचारियों ने हिजबुल कमांडरों और ईरान से लाये जाने वाले असामान्य बड़े बक्से देखे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाईअड्डे के कर्मचारियों ने भी चिंता व्यक्त की कि हवाईअड्डा प्राथमिक सैन्य लक्ष्य बन सकता है। दूसरी तरफ लेबनान के श्रम और परिवहन मंत्री अली हमीह ने रिपोर्ट को गलत और भ्रामक बताते हुए सभी मीडिया आउटलेट्स और राजदूतों या उनके प्रतिनिधियों को हवाई अड्डे का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि वहां कोई हथियार नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से संपर्क किया है। हम झूठे आरोपों और बेरूत हवाई अड्डे की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए द टेलीग्राफ अखबार के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे।

चीन के उप विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

काठमांडू। चीन के उप विदेश मंत्री सुन विदोंग तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक में भाग लेंगे।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव कृष्ण प्रसाद ढकाल ने यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर चीनी उप विदेश मंत्री का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक मंगलवार को राजधानी काठमांडू में होगी। काठमांडू में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों और द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

सिंधु जल संधि: पाकिस्तानी डेलिगेशन निरीक्षण के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

- चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण होगा

सिंधु जल संधि के तहत जम्मू-कश्मीर में दो पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल तटस्थ विशेषज्ञों के साथ रविवार शाम यहां पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल हुआ था। यह संधि सीमा के दोनों ओर की नदियों के पानी के उपयोग पर समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान का प्रावधान करती है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। जनवरी 2019 में तीन सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने आखिरी बार आईडब्ल्यूटी के प्रावधानों के तहत पाकल दुल और लोअर कलनाई जलविद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल केंद्र शासित प्रदेश में चिनाब घाटी में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं का निरीक्षण करेगा।

तोशाखाना मामले की जल्द सुनवाई को अपील

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ उनकी अपील पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान ने तोशाखाना के उपहारों की जानकारी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं करने के मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार देने के आयोग के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अपील में दलील दी गई है कि खान को पार्टी प्रमुख के रूप में काम करने पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका के टेक्सास में गोलीबारी में भारतीय नागरिक की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में डकैती की घटना के दौरान गोलीबारी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर अपनी पोस्ट में बताया कि टेक्सास प्रांत के डलास में प्लेज़ेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान गोलीबारी की घटना में भारतीय नागरिक गोपी कृष्ण दासारी के दुखद निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा, हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास दासारी के स्थानीय परिजनों के संपर्क में है और अपने स्तर पर एवं विभिन्न भारतीय संगठनों के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

बॉलीवुड हलचल

गदर 3 में काम करना चाहती हैं अमीषा पटेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल गदर 3 में काम करना चाहती हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में सन्नी देओल और अमीषा पटेल ने मुख्य भूमिका निभायी। पिछले वर्ष गदर : एक प्रेम कथा की सीक्वल गदर 2 प्रदर्शित हुयी। अब अनिल शर्मा गदर 3 बना रहे हैं। अमीषा पटेल ने हाल ही में एक आस्क मी एनीथिंग सेशन ट्विटर यानी एक्स पर किया। अमीषा ने यहां अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बातें की। अमीषा पटेल ने कहा कि वह गदर-3 में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा उनके लिए फैमिली के जैसे ही हैं। उन्होंने कहा, हमारे रचनात्मक मतभेद फिल्म की बेहतरी के लिए हैं, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा सम्मान और लगाव इन सबसे कहीं अधिक गहरा है, इसलिए हां, यदि हम एक ही पृष्ठ पर हैं तो निश्चित रूप से गदर 3 में खुशी से काम करेंगे। अमीषा पटेल ने अपनी हिट फिल्म हमराज के बारे में कहा कि यह अभी पाइपलाइन में हैं। अब्बास मस्तान इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।

अक्षय कुमार की सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का पहला गाना मार उड़ी रिलीज हो गया है। अपनी आगामी फिल्म सरफिरा के ट्रेलर रिलीज के बाद जंगली म्यूजिक और फिल्म के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला ट्रैक मार उड़ी रिलीज किया है। यदु कृष्णन, सुगंध शेकर, हेस्टन रोड्रिग्स और अभिजीत राव द्वारा स्वरबद्ध किया गया और मनोज मुंतशिर शुक्ला द्वारा लिखित, मार उड़ी साहस की भावना का प्रतीक है। गाने में जी.वी. प्रकाश कुमार का कम्पोजीशन है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित सरफिरा एक मनोरंजक कहानी है जो स्टार्ट-अप और विमानन की दुनिया पर प्रकाश डालती है। सच्ची कहानियों और कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित यह फिल्म धैर्य और दृढ़ता की एक जबरदस्त तस्वीर पेश करती है।

सोल्जर का सीक्वल बनायेंगे रमेश तौरानी!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार रमेश तौरानी सुपरहिट फिल्म सोल्जर का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्ष 1998 में प्रदर्शित रमेश तौरानी निर्मित और अब्बास-मस्तान निर्देशित सुपरहिट फिल्म सोल्जर में बॉबी देओल, प्रीति जिंटा, राखी, सुरेश ओबेराय, दिलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभायी थी।इस फिल्म को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनने वाला है। रमेश तौरानी सोल्जर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया है कि 'सोल्जर' के सीक्वल पर काम चल रहा है। जल्द ही इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जायेगी।

खगोल विज्ञान पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है यह तारों की नर्सरी

निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों की हुई खोज

संवाददाता, नैनीताल

- तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही

अमृत विचार : हबल ने निहारिका में जन्म लेते शिशु तारों को खोज की है। इस निहारिका का नाम आरसीडब्ल्यू 7 है, जो पृथ्वी से 5,300 प्रकाश वर्ष की दूरी पर पप्पीस तारामंडल में स्थित है। तारों की दुनिया के विकास को लेकर यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा रही है। निहारिकाएं नए तारे बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल से समृद्ध नर्सरी होती है। जिसमें तारों के निर्माण के साथ गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इनमें आणविक बादलों के कुछ हिस्से नष्ट होने के साथ ही बादलों के विकासशील तारों में परिवर्तित होने की जानकारी भी मिलती है। इन तारों को प्रोटोस्टार कहा जाता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आरसीडब्ल्यू 7 में बनने वाले प्रोटोस्टार विशेष रूप से विशाल हैं, जो जोरदार आयनकारी विकिरण और भयंकर तारकीय हवाएं छोड़ते हैं। तारों के निर्माण क्षेत्र में हाइड्रोजन आयन को सामान्य हाइड्रोजन परमाणु में संदर्भित करने की सटीक जानकारी मिल पाती है। कुल मिलाकर तारों के निर्माण की प्रक्रिया की सही जानकारी मिल पाती है। यह निहारिका आणविक बादल के अंत की शुरुआत का प्रतीक है। जिसमें कुछ मिलियन वर्षों के भीतर विशाल तारों से निकलने वाला विकिरण और हवाएं धीरे-धीरे नीहारिका की गैस को तितर-बितर कर देंगी। विशाल तारे सुपरनोवा विस्फोटों में अपने जीवन के अंत तक पहुंच जाते हैं। इस निहारिका में नए तारे निहारिका की गैस का केवल एक अंश ही शामिल करेंगे, शेष पूरी आकाशगंगा में फैल जाएगा और अंततः नए आणविक बादल बनेंगे।

निहारिका आरसीडब्ल्यू 7।

निहारिकाओं के बारे में सीमित है जानकारी

नैनीताल : निहारिकाओं के बारे में हमारी जानकारी बहुत अधिक नहीं है, जबकि निहारिका ब्रह्मांड का वह क्षेत्र है, जहां न केवल तारों के अंत की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है, बल्कि तारों की उत्पत्ति व ग्रहों के विकास के साथ कई अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।